3 बस्तर संभाग
राशन के लिए उफनती नदी पार करना ग्रामीणों...

6 अभिमत
शेयर बाजार में बढ़ता व्यापार और निवेश

10 संस्कारधानी
आयुक्त की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ा प्लेटाफार्म...

11 खेल
टोक्यो ओलिंपिक में भारत को तीसरा पदक...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 5 अगस्त 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 345 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पांच अगस्त को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि योजना का लाभ उठाने में कोई लाभार्थी पीछे न छूट जाये।

### केरल में नये आधार पर लगेगा लॉकडाउन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की मुख्यमंत्री वीणा जॉर्ज ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि जिन क्षेत्रों में एक हजार लोगों में से 10 से अधिक लोग कोरोना पॉजिटिव पाए जाएंगे, उन क्षेत्रों में लॉकडाउन लगाया जाएगा। जॉर्ज ने कोरोना वायरस के वर्तमान प्रोटोकॉल में बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि लॉकडॉउन 1000 की आबादी वाले क्षेत्र में संक्रमण के मामलों के आधार पर लगाया जाएगा। लॉकडाउन की नयी रणनीति सकारात्मकता दर (टीपीआर) पद्धति को संशोधित कर जनसंख्या समूहों पर आधारित तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि तीसरे लॉकडाउन वाले क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में दुकानें सप्ताह में छह दिन सुबह सात बजे से 2100 बजे तक खुली रह सकती हैं।

### स्टेट बैंक का मुनाफा 55 फीसदी उछला

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही शुद्ध लाभ 55.25 प्रतिशत बढ़कर 6504 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि अप्रैल जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 6504 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4189 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने कहा कि जून में समाप्त इस तिमाही में उसका शुद्ध ब्याज आय 27638 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की 26642 करोड़ रुपये की शुद्ध ब्याज आय की तुलना में 3.74 प्रतिशत अधिक है।

# लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण दिनभर के लिए स्थगित

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में पेगासस जासूसी मामला, किसानों के मुद्दे और आसमान छूती महंगाई के मसले पर विपक्ष के सदस्यों ने लगातार 12वें दिन भी हंगामा जारी रखा जिसके कारण तीन बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद साढ़े तीन बजे तीसरी बार जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोबीच आ गये और नारेबाजी करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सदस्यों को शांत करने की कोशिश की लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। हंगामे के बीच ही अग्रवाल ने नारियल विकास बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2021 को सदन में पारित कराने के लिए रखवाया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हंगामे के बीच सदन में विधेयक पारित होने के लिए पेश किया और सदन ने इसे बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के पारित होने के तत्काल बाद पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सदन की कार्यवाही लगातार तीन बार स्थगित हुई। प्रश्नकाल के दौरान दो बार के स्थगन के उपरांत दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही तीसरी बार जैसे ही शुरू हुई, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और शिरोमणि अकाली दल समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करते हुए अध्यक्ष के आसन तक पहुंच गये। सदस्यों के हाथों में किसानों के मुद्दे, पेगासस जासूसी और महंगाई से जुड़े भिन्न-भिन्न प्रकार के नारे लिखी तख्तियां मौजूद थीं। पीठसीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने हंगामा के बीच ही महत्वपूर्ण दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। श्री अग्रवाल ने सदस्यों को अपनी सीट पर जाने का भी आग्रह किया, लेकिन वे नहीं माने और जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे।

### राज्यसभा में हंगामा, तृणमूल के छह सदस्य निष्कासित

राज्यसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों का पेगासस जासूसी मामले, किसानों की समस्याओं और महंगाई को लेकर शोरगुल और हंगामा जारी रहा जिसके कारण तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को दिनभर के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गयी और अंत में तीन बजकर 12 मिनट पर दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। हंगामे के बीच सदन ने सीमित दायित्व भागीदारी (संशोधन) विधेयक 2021, निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम (संशोधन) विधेयक 2021 और भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक 2021 ध्वनिमत से पारित कर दिये। सभापति एम. वेंकेया नायडू ने नियम 255 के तहत तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, मोहम्मद नदीमुद्दीन, अबीर रंजन बिस्वास, शांता छेत्री, अर्पिता घोष और मौसम नूर पर निष्कासन की कार्रवाई की। ये सदस्य सदन के बीच में कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखा रहे थे और सभापति के आदेश की अवहेलना कर रहे थे। इससे पहले पिछले सप्ताह सदन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से दस्तावेज छीनकर फाड़ने पर तृणमूल कांग्रेस के ही शांतनु सेन को पूरे सत्र के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया था।


### विपक्ष के 14 दलों की संसद में चर्चा कराने की अपील

कांग्रेस सहित विपक्ष के 14 दलों के नेताओं ने सरकार से संसदीय लोकतंत्र का सम्मान कर संसद में देशहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कराने की अपील की है। विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि पेगासस तथा अन्य मामलों में पूरा विपक्ष एकजुट है लेकिन सरकार दुष्प्रचार कर संसद नहीं चलने देने का आरोप लगाकर विपक्ष की इस एकता पर हमला करने का असफल प्रयास कर रही है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि सरकार संसद में अपने अड़ियल रुख के कारण गतिरोध जारी रखे हुए है।

# राजधानी रायपुर में सीएम भूपेश करेंगे ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के संबंध में निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त पूरे गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरती जाएगी। इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं अन्य जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह चूंकि प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होंगे, इसे देखते हुये रायपुर एवं अन्य जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रातः 9 बजे के पूर्व सम्पन्न किए जाएंगे, ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारीगण जिले के मुख्य समारोह में भाग ले सकें। स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2021 की रात्रि में प्रदेश के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। इस बार जनपद पंचायत एवं तहसील स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं होंगे। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में निकाय अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। राज्य स्तर पर राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जायेगी। मुख्यमंत्री के द्वारा जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वच्छताकर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। जिला स्तर पर मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जायेगी। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। पंचायत मुख्यालय और बड़े ग्राम स्तर-पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवो में, गांवों के मुखिया ध्वजारोहण करेंगे और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। ऐसे शैक्षणिक संस्थान जहां अध्ययन-अध्यापन का कार्य हो रहा है वहां पर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा और स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। किंतु रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन नहीं किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजनों में कोविड 19 के लिए जारी निर्देश यथा-मास्क पहनना, सामाजिक दूरी आदि का पालन करना होगा। विभाग, कार्यालय प्रमुख द्वारा उनके कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। ध्वजारोहण के पश्चात् सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

# राष्ट्रपति कोविंद ने की सशस्त्र बलों के 'धैर्य और दृढ़ संकल्प' की सराहना

एजेंसी ∢ उधगमंडलम
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कोरोना संकट के दौरान सीमा की स्थिति से निपटने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के 'धैर्य और दृढ़संकल्प' की सराहना की है। श्री कोविंद ने यहां वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टॉफ कॉलेज के 77वें स्टाफ कोर्स पर छात्र अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं जो बदलावों से भरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा की अवधारणाएं बदल रही हैं। भू-रणनीतिक और भू-राजनीतिक मजबूरियों और कई अन्य कारकों ने सुरक्षा परिदृश्य को और अधिक जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा कि देश में आतंकवाद का मुकाबला और अन्य संघर्ष अलग-अलग चुनौतियां हैं। श्री कोविंद ने कहा कि सभी पहलुओं को गहराई से समझना आवश्यक है। इस बदलते समय में हमें अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नये तरीकों के बारे में सोचना होगा। इसके लिए एक नये दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल से जुड़े संस्थान हमारे महान राष्ट्र के सबसे सम्मानित संस्थान है। उन्होंने अथक प्रयासों और महान बलिदानों से नागरिकों के दिलों में सम्मान पाया है। उन्होंने युद्ध और शांति के समय में राष्ट्र को अमूल्य सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करते हुए और प्राकृतिक आपदाओं के समय में समर्पण तथा साहस के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में मुझे कश्मीर घाटी में अपने अधिकारियों और सैनिकों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। उनके ऊंचे मनोबल और कर्तव्य के प्रति समर्पण को देखकर मुझे बहुत खुशी हुई।

# महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हारी, कांसे के लिए ब्रिटेन से खेलेगी

एजेंसी ∢ टोक्यो
www.dailypioneer.com



भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद टोक्यो ओलम्पिक की हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में बुधवार को 1-2 से हार गयी और अब वह कांस्य पदक के लिए ग्रेट ब्रिटेन की टीम से खेलेगी। भारत ने मैच की शुरुआत में गुरजीत कौर के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल से बढ़त बनायी जबकि अर्जेंटीना ने वापसी करते दो गोल दागकर भारतीय फ़ाइनल में टीम का फ़ाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। भारतीय पुरुष टीम को भी सेमीफाइनल में बेल्जियम के हाथों 2-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

**2 अटैक नहीं रोक पाई सविता पूनिया-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने बहुत बड़ा रोल प्ले किया था। उन्होंने मैच में नौ बार तयशुदा दिख रहा गोल नहीं होने नहीं दिया। अर्जेंटीना की टीम काउंटर अटैक और दोनों फ्लैंक से हमला करने में माहिर है और उसने ऐसा दिखाया भी। अर्जेंटीना को 6 पेनल्टी कॉर्नर मिले, इसमें से उसने 2 को गोल में कन्वर्ट किया। सविता ये अटैक नहीं रोक पाईं। भारत को पेनल्टी कॉर्नर के 4 मौके मिले और उसने एक को ही गोल में बदला।

### अभी भी इतिहास रचने का मौका

भारतीय टीम तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में आई थी। अब उसका मुकाबला ब्रॉन्ज के लिए ब्रिटेन से होना है। अगर टीम ये मुकाबला जीतती है तो 41 साल में पुरुष और महिला मिलाकर भारत का हॉकी में पहला मेडल होगा। भारत ने आखिरी मेडल 1980 में पुरुष हॉकी इवेंट में गोल्ड के रूप में हासिल किया था।


# दुष्कर्म की शिकार बनी बच्ची के माता-पिता से मिले राहुल

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी के नागल क्षेत्र में कथित रूप से दुष्कर्म के बाद एक बच्ची की हत्या की घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए परिजनों से मुलाकात की और कहा कि न्याय की लड़ाई में वह उनके साथ खड़े हैं। श्री गांधी ने परिवार के सदस्यों से मील और घटना की जानकारी ली। ओल्ड नागल क्षेत्र में हाल ही में कथित रूप से एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई और माता पिता को बताए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। श्री गांधी ने घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता के आँसू सिर्फ़ एक बात कह रहे हैं- उनकी बेटी, देश की बेटी न्याय की हक़दार है। और इस न्याय के रास्ते पर मैं उनके साथ हूँ।

### दिल्ली संभाल नहीं पा रहे, गृहमंत्री यूपी को दे रहे है प्रमाण पत्र : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में एक बच्ची के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि वह दिल्ली की कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे हैं और उत्तर प्रदेश में बेहतर व्यवस्था का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस से लेकर दिल्ली के नागल तक कानून व्यवस्था की हालत जंगलराज जैसी है लेकिन श्री शाह उत्तर प्रदेश को कानून व्यवस्था को लेकर बेहतर होने का प्रमाण पत्र दे रहे हैं । श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया, दिल्ली, नांगल में नाबालिग बच्ची के साथ हुई घटना दर्दनाक एवं निंदनीय है। सोचिए क्या बीत रही होगी उसके परिवार पर। दिल्ली में कानून व्यवस्था के जिम्मेदार गृहमंत्री यूपी सर्टिफिकेट बांटने गए थे।

## कानून को प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए जिससे अनाथ बच्चों को शोषण से बचाया जा सके

# अनाथ बच्चों के कल्याण के कानून का प्रभावी कार्यान्वयन जरुरीः उपराष्ट्रपति

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्टपति एम. वेंकैया नायडू ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम में हालिया संशोधन का स्वागत करते हुए जमीनी स्तर पर इसके प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री नायडू ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से भेंट के दौरान कहा कि यह एक बेहतर कानून है जिससे अनाथ बच्चों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कानून को प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए जिससे अनाथ बच्चों को शोषण से बचाया जा सके। श्रीमती ईरानी ने उप-राष्टपति निवास पर श्री नायडू से भेंट की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें अनाथ बच्चों से संबंधित मुद्दों पर कई पत्र प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने उप राष्टपति को किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2021 की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराया। इसे हाल ही में राज्यसभा ने पारित किया है। श्रीमती ईरानी ने उपराष्टपति को यह भी बताया कि हालिया संशोधन जिलाधिकारियों और अतिरिक्त जिलाधिकारियों को गोद लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने और अनाथ बच्चों को अधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। उन्होंने अनाथों के कल्याण के लिए राज्यों के साथ साझेदारी में केंद्र के पुनर्वास उपायों सहित विभिन्न कदमों का भी उल्लेख किया। श्री नायडू ने कहा कि अनाथ बच्चों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना समाज और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। हाल में ही, अनाथ बच्चों के एक समूह ने उप-राष्ट्रपति निवास में उनसे मुलाकात की।

# गन्ना किसानों के बकाये को लेकर केंद्र, राज्यों से जवाब तलब

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने देशभर के गन्ना किसानों के बकाये के मामले में केंद्र सरकार था 11 राज्य सरकारों से बुधवार को जवाब तलब किया। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन और न्यायाधीश सूर्यकांत की खंडपीठ ने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, कर्नाटक तथा तमिलनाडु समेत 11 राज्य सरकारों और चीनी मिलों को नोटिस जारी किये। खंडपीठ ने पूर्व लोकसभा सांसद राजू अन्ना शेट्टी और चार अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र तथा 11 राज्य सरकारों को नोटिस जारी किये। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने दलील दी कि संसद में बताए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यों की बकाया राशि 18 हजार 84 करोड़ रुपये है और उत्तर प्रदेश इस सूची में सबसे ऊपर है। उन्होंने अदालत से राज्यों को गन्ना किसानों को 15 प्रतिशत ब्याज के साथ बकाये राशि के भुगतान का आग्रह किया। याचिका में देशभर के गन्ना किसानों को उनकी बकाया राशि देने को लेकर केंद्र सरकार से एक नीति बनाने का आग्रह किया गया है।

# अतिथि शिक्षकों एवं पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेने डीपीआई ने सभी डीईओ को दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




लोक शिक्षण संचालनालय ने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लिये जाने के संबंध में समस्त संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने अतिथि शिक्षकों को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। डीपीआई ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि वो अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ले। अब राज्य सरकार ने फिर से अतिथि शिक्षकों की सेवाओं को लेने का निर्देश दिया है।

अपने निर्देश में डीपीआई के उप संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की आफलाइन कक्षाएं 2 अगस्त से शुरू हो गयी है। 2 अगस्त 2021 से प्रारंभ होने के कारण पूर्व में कर्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं ली जानी है। अतः अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेते हुए पालन प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में तत्काल इस कार्यालय में भेजने का कष्ट करें।

जारी निर्देश में कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के उपरोक्त संदर्भित पत्र अनुसार प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की ऑफलाईन कक्षाएं 02 अगस्त, 2021 से प्रारंभ करने हेतु उक्त पत्र में उल्लिखित शर्तो के आधार पर अनुमति प्रदान की गई है। उपरोक्त अनुसार कक्षायें 02 अगस्त, 2021 से प्रारंभ होने के कारण पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लिया जाना है। अतः आप अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेते हुए पालन प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में तत्काल इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें ।

कोरोना की वजह से स्कूलें बंद होने की वजह से अतिथि शिक्षकों की सेवाएं लेनी बंद कर दी गयी थी। हालांकि अतिथि शिक्षकों ने सरकार ने आग्रह किया था कि उन्हें ऑनलाइन क्लास के लिए भी शामिल किया जाये। लेकिन सराकर की तरफ से कोरोना काल में स्कूलों के बंद रहने का हवाला देते हुए उनकी सेवाएं लेनी बंद कर दी थी।

## औद्योगिक क्षेत्र में 18 हजार 165 करोड़ रूपए के पूंजी निवेश से बदलेगी राज्य की तस्वीर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास को गति देने के लिए किए गए दूरगामी निर्णय का ही परिणाम है कि पिछले ढाई सालों में औद्योगिक क्षेत्र में एक हजार 351 उद्योगों में कुल 18 हजार 165 करोड़ 30 लाख रूपए से अधिक का पूंजी निवेश हुआ है। इससे 26 हजार 493 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होने के साथ ही राज्य के औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। राज्य में नवीन औद्योगिक नीति 2019 से 2024 तक लागू की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में जनवरी 2019 से मई 2021 तक 510 सूक्ष्म उद्योगों में 218 करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक का पूंजी निवेश हुआ है, जिससे राज्य के 3 हजार 745 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार 765 लघु उद्योगों में एक हजार 510 करोड़ 37 लाख रूपए के पूंजी निवेश से 9 हजार 968 लोगों को रोजगार मिलेगा। मध्यम 50 उद्योगों में 451 करोड़ 18 लाख रूपए के पूंजी निवेश से 3 हजार 139 लोगों को रोजगार मिलेगा। इस तरह 17 वृहद उद्योगों के द्वारा 868 करोड़ 54 लाख रूपए के पूंजी निवेश से एक हजार 960 युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। 7 मेगा उद्योगों में 2 हजार 885 करोड़ 42 लाख रूपए के पूंजी निवेश से 4 हजार 802 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा तथा अल्ट्रा मेगा के 2 उद्योगों की स्थापना के लिए 12 हजार 231 करोड़ 63 लाख रूपए से अधिक के पूंजी निवेश से 2 हजार 879 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

# रमन सिंह जान ले वायदा खिलाफी भाजपा की फितरत कांग्रेस की नहीं : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के द्वारा दिया गया बयान कांग्रेस स्ष्ट करे किन वायदों पर गंगाजल की कसम खाई थी का जबाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का हर नागरिक जानता है कांग्रेस ने किसानों का कर्जा माफ करने के लिए गंगा जल की कसम खाई थी और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस नेताओं के इस कसम का मान रखने के लिए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के मात्र तीन घण्टे के अंदर राज्य के 19 लाख किसानों का कर्ज माफ कर दिया था। कर्ज माफी के लिए कांग्रेस नेताओं को गंगा जल उठा कर कसम खाने की नौबत भी भाजपा के धोखेबाजी वाले चरित्र के कारण आई थी भाजपा की तत्कालीन रमन सरकार और भाजपा आईटी सेल ने कांग्रेस मुख्यालय के नाम का एक फर्जी पत्र जन सामान्य में प्रचारित किया था जिसमे कांग्रेस के कर्जमाफी के वायदे पर जोर नही देने की बात का उल्लेख था। भाजपा के इस झूठ को नष्ट करने कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर मीडिया कर्मियों के समक्ष कर्ज माफी के वायदे के लिए गंगा जल की कसम उठाई थी । कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह सहित भाजपा के नेता कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के हर वायदे को गंगा जल की कसम से जोड़ कर गंगा जल का अपमान करते है। यह भाजपा के अधर्मी और झूठे चरित्र को दर्शाता है। अपनी राजनीति करने के लिए भाजपाई बार-बार गंगा जल की झूठी कसम का हवाला देते हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस जन घोषणा पत्र कांग्रेस का जनता से किया गया पवित्र दस्तावेज है। उसके एक-एक वायदे को पूरा करने के लिए ईमानदार प्रयास करने के लिए कांग्रेस की सरकार प्रतिबद्ध है। ढाई साल के आधे कार्यकाल में 36 में से 25 वायदों को पूरा कर लिया गया बचे हुए वायदों को पूरा करने के लिए ठोस प्रयास और कार्य योजनाएं तैयार की जा चुकी है। रमन सिंह कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के वायदों का हिसाब मांगने के पहले अपने गिरेबान में झांके, उन्होंने तो 2003 के भाजपा के संकल्प पत्र के वायदों को तीन बार 15 सालों तक सरकार चलाने के बाद भी पूरा नहीं किया था।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी का प्रसारण 8 अगस्त को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 20वीं कड़ी का प्रसारण 8 अगस्त रविवार को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार आदिवासी अंचलों की अपेक्षाएं और विकास विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चौनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

# गोपाल धीवर बने छत्तीसगढ़ सरपंच संघ अध्यक्ष, सभी संभागों के सरपंचों ने की थी शिरकत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सरपंच संघ की बैठक तय समय अनुसार आज चंद्राकर छात्रावास भवन में आयोजित की गई। उक्त बैठक में रायपुर संभाग,दुर्ग संभाग,बिलासपुर संभाग, बस्तर संभाग,सरगुजा संभाग से सरपंचों ने शिरकत की।

आपको बता दें कि बैठक का मुख्य एजेंडा सर्वसम्मति से सरपंच संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारी नियुक्ति किया जाना था।बैठक में विभिन्न संभागों से आए सरपंचों ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के समझ बातें रखी,जिसके बाद एक सुर में उपस्थित सभी सरपंचों द्वारा गोपाल धीवर को राज्य सरपंच संघ का अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष चेतन मरकाम, सचिव सुरेंद्र गायकवाड़, संरक्षक कमल इक्का,गिरधर पटेल सह सचिव, सुजीत मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए। वहीं रायपुर जिले से अन्नू तारक को सर्वसम्मति से जिला सरपंच संघ अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य सरपंच संघ के अध्यक्ष गोपाल धीवर ने कहा कि ग्राम स्वराज का सपना बाबा भीमराव अम्बेडकर ने देखा था उसे पूर्ण करने के लिए हम काम करेंगे। धारा 40 संवैधानिक नहीं है। जनता के द्वारा चुने गये सरपंचों को पंच अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाएजाए यह संवैधानिक नहीं लगता यह नियम शिथिल होना चाहिए।

# मंत्री भेंड़िया ने दिव्यांग लता और रानिया को प्रदान किया निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया ने अपने निवास में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग लता डान्डे एवं रानिया देवांगन को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल के माध्यम से बिना किसी पर निर्भर रहते हुए कहीं भी आ जा सकेंगे। इससे उनका जीवन बहुत सरल हो जाएगा।

सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ उन्हें समय पर विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से दिव्यांगजनों के सपने साकार होने लगे हैं। लता डान्डे एवं रानिया देवांगन निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से बेहद खुश है। उन्होंने राज्य सरकार को योजना की जानकारी देने एवं उपकरण प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक भूपेंद्र पांडे ने बताया कि सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत निशक्तजन व्यक्तियों को ट्राईसाईकिल बैसाखी, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, छड़ी तथा अन्य कृत्रिम अंग निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगवाने वालों की संख्या एक करोड़ से पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना से बचाव का पहला टीका लगवाने वालों की संख्या एक करोड़ से पार हो गई है। प्रदेश में 3 अगस्त तक एक करोड़ 11 हजार 363 लोगों को इसका पहला टीका लगाया जा चुका है। कोरोना वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर अब तक कुल एक करोड़ 24 लाख 13 हजार 724 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश के 24 लाख दो हजार 361 नागरिकों को दोनों टीके लग चुके हैं। राज्य में तीन लाख नौ हजार 334 स्वास्थ्य कर्मियों, तीन लाख 17 हजार 172 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 52 लाख दस हजार 068 और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 41 लाख 74 हजार 789 नागरिकों को पहला टीका लगाया जा चुका है।

# सरोज पांडे को किसानों से माफी मांगना चाहिए : वंदना राजपूत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यसभा सांसद सरोज पांडे कहती है कि पिछले कई महिनों से दिल्ली में किसान केन्द्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे वो किसान नकली है। इस बयान पर कटाक्ष करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि किसान यदि मोदी का गुणगान करते तो असली, तीन काले कानून का विरोध कर रहे है तो नकली इनके सोच पर तरस आता है। भारतीय जनता पार्टी के विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेख किसानों को मवाली कहती है इधर सरोज पांडे किसानों को नकली बोल कर देश के अन्नदाताओं का अपमान पे अपमान कर रहे है। किसान भाई बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकार के लिए तीन काले कृषि कानून का विरोध पिछले कई महीनों से कर रहे है, जिसमें लगभग 300 किसान भाईयों ने जान गंवाई है जिसमें महिलाएं भी शामिल है। अपने पूरे परिवार के साथ आंदोलन कर रहे है। किसान परिवार जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल है इसे नकली बता रहे है जमीर को जिंदा रखो कितना नीचे गिरोगे किसानों से सरोज पांडे को माफी मांगना चाहिए।

# कोलंबिया के छात्रों का 'भगवान आटों प्रोडक्टस' में चयन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मे भगवान आटों प्रोडक्टस के द्वारा अध्ययनरत, अंतिम वर्ष के इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा मैकेनिकल ब्रांच के छात्रों के लिए कैम्पस रिक्युटमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा मैकेनिकल ब्रांच के शाखाओं के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कंपनी की तरफ से सीनियर एचआर साक्षी वर्सने एवं इनकी टीम ने ऑनलाईन चयन किया। कंपनी ने इंटरव्यू से 11 होनहार छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन, प्रिंसिपल एंव प्राध्यापकगण ने शुभकामनायें प्रेषित की है। कोलंबिया इंस्टीट्यूट के प्रो. उदय कुमार रजक ने बताया कि प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग शिक्षा और कार्यबल के बीच प्रभावी संबध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसे ध्यान मे रखते हुये कोलंबिया संस्थान, अपने इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा के छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट करते हुये उच्चतम कंपनीयों मे कैपंस रिक्युटमेंट और तकनीकी ट्रेनिंग कराने मे हमेशा तत्पर है। छात्रों का चयन 2,28,000/-रू सालाना वेतन की दर से हुआ है। जिनकी सूची निम्नानुसार है - मो. आसिफ, कोमल प्रसाद वर्मा, मुकेश साहू, असिम भास्कर, सत्यम, ओमप्रकाश साहू, नितीश पटेल, भानू निर्मलकर, कैलाश साहू, छत्तु यादव, प्रमोद सेन।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। कलिंगा विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के साथ-साथ कर्मचारियों के कल्याण हेतु प्रयासरत रहता है। हाल ही में विश्वविद्यालय ने सीएमएचओ, रायपुर की सहयोग से छात्रों और कर्मचारियों के लिए निशुल्क आरटीपीसीआर परीक्षण और निशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया था। कलिंग विश्वविद्यालय ने 3 और 4 अगस्त 2021 (मंगलवार एवं बुधवार) को विश्वविद्यालय परिसर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, राजनांदगांव एवं रिजुवेन लिमिटेड के सहयोग से भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त कैप्टन एसी पोखरियाल की अध्यक्षता में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते है पुरस्कार

# राज्य खेल पुरस्कार आवेदन करने की तिथि बढ़ी 10 अगस्त तक

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अंलकरण सें सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसे बढ़ा कर अब 10 अगस्त कर दिया गया है। आवेदन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय या संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय अवधि में जमा किए जा सकते हैं। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षों के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय विज्ञापन विभाग की वेबसाइट www.sportsyw.cg.gov.in पद पर उपलब्ध है।

राज्य खेल अंलकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अंलकृत किया जाएगा, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाड़ियो को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है।

प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जायेगा। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जावेगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशित किए गए है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु 03 लाख रूपये, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु एक लाख 50 हजार रूपये, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु एक लाख 50 हजार रूपये, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं पंकज विक्रम सम्मान हेतु 25-25 हजार रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान की जायेगी, जिसमें ऐसे दलीय खेल जिसके सदस्यों की संख्या 04 है, उन्हें सीनियर वर्ग में दो लाख रूपये एवं जूनियर वर्ग में एक लाख रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा तथा ऐसे दलीय खेल जिनमें सदस्यों की संख्या 04 से अधिक है, उन्हें सीनियर वर्ग में 5 लाख रूपये तथा जूनियर वर्ग में 3 लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है।

# न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा का मध्यस्थता पर अतिथि व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स लॉ स्कूल रायपुर ने रेस पब्लिकेशन लॉ सोसाइटी (नई दिल्ली) के सहयोग से महामारी के बीच अगस्त 32021 को जूम प्लेटफॉर्म पर 'मेडियेट नॉट लिटिगेट' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। सर्वश्रेष्ठ छात्रों को उनके समग्र विकास के संदर्भ में बाहर लाने के विश्वास को कायम रखना। वेबिनार को माननीय न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने संबोधित किया, जहां प्रो. डॉ. के.पी. यादव कुलपति मैट्स विश्वविद्यालय ने भी अपने स्वागत नोट में मध्यस्थता के महत्व पर जोर दिया, माननीय न्यायमूर्ति ने मध्यस्थता पर एक सुंदर ढंग से तैयार किया गया प्रवचन दिया। ज्ञान सुधा मिश्रा भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। उसने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में कई ऐतिहासिक और उल्लेखनीय निर्णय पारित किए हैं, जिसमें श्रीनिवासन-बीसीसीआई मामले में हितों के टकराव पर निर्णय, ऐतिहासिक इच्छामृत्यु निर्णय - अरुणा शॉनबाग मामला और हाल ही में दिल्ली उपहार अग्नि त्रासदी असहमति निर्णय शामिल हैं, जिसमें प्रबंधन को मानव जीवन के भारी नुकसान के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है। और उन्हें ट्रॉमा सेंटर बनाने जैसे सामाजिक कार्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले भारी मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा ने छात्रों और वेबिनार के सदस्यों को अपने गहन ज्ञान के साथ 'मध्यस्थता' विषय पर एक सुंदर तरीके से प्रबुद्ध किया है। न्याय की प्रतिकूल प्रणाली में, जो हमारे पास भारत में है, प्रक्रियात्मक झगड़ों, कानून की तकनीकी और बड़ी संख्या में वादियों की ओर से कानून के जानकार वकीलों के साथ बातचीत करने में असमर्थता पर समय, एक उत्कृष्ट सीमा तक खर्च किया जाता है।

# राशन के लिए उफनती नदी को पार करना ग्रामीणों की मजबूरी

## मौत से खेल कर राशन लाना को मजबूर, सड़क, पुल-पुलिया सहित मूलभूत सुविधाओं का अभाव

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




21 वी सदी के भारत में आज भी जिले के कई ऐसे गांव हैं जहां विकास ग्रामीण विकास से कोसो दूर होकर सीमित संशाधन के सहारे अपना जीवन यापन कर रहे है। इससे ग्रामीणो को सड़क, पुल- पुलिया, शिक्षा, बेहतर विद्युत व्यवस्था सहित मुलुभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन बिताना मजबूरी बन गया है। इसकी बांनगी राजपुर ग्राम पंचायत के आश्रित गांवो में देखने को मिलती है। इस ग्राम पंचायत के आश्रित 1 दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को उफनती नदी में जान जोखिम में डालकर राशन लेने के लिए राजपुर पहुचना पड़ रहा है। इसी तरह ग्रामीण बरसात के 4 माह राशन लेने के लिए मिलो का सफर पैदल तय कर उफनते नदी-नालों को पार राशन लेने के लिए प्रतिमाह राजपुर पहुचना मजबूरी बन गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपना जीवनयापन करना मजबूरी बन गया है। इसके बावजूद इस पर किसी का ध्यान नही जाना समझ से परे जान पड़ता है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 51 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत राजपुर के आश्रित ग्राम नेलनार, ब्रेहबेड़ा, आदनार, बेड़मा,? भटबेड़ा, कुरूषनार सहित 1 दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण मुलभुत सुविधाओ से महरूम बने हुए हैं। गांव में ना हीं पक्की सड़क , नदी- नालों पर पुल का अभाव , बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मिलो का सफर तय कारण मजबूरी बन गया है। गांव के किसी ग्रामीण तबियत खराब होने पर दवा नहीं मिलने से दुआओ के सहारे जिन्दा रहते हैं ।

इन ग्रामीणों को तबियत ज्यादा ख़राब होने पर मिलो का सफर पैदल तय कर बरसात के 4 माह जान जोखिम डालकर इलाज के लिए धनोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या फिर छोटेडोंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचना पड़ता है। जहाँ इलाज नही होने की स्थिति में जिला मुख्यालय की ओर रुख करना पड़ता है। बरसात के 4 माह गांव टापू तब्दील होने की समस्या सालो से चलती आ रही है। इस समस्या के निजात के लिए ग्रामीणों ने कई बार पुल, पक्की सड़क व बेहतर स्वास्थ्य सेवा की मांग विधायक ,जनप्रतिनिधी से लेकर कलेक्टर से कर चुके हैं। लेकिन सालों बित जाने के बाद भी गांव की समस्या जस की तस बनी हुई है। पुल नहीं होने से गांव के लोग इन दिनों उफनती नदी को पार कर राशन लेने के लिए राजपुर उचित मूल्य दुकान पहुच रहे हैं । वही रोजमर्रा की जरूरतों के सामानों की आपूर्ति के लिए छोटेडोंगर साप्ताहिक बाजार में उफनती नदी को करना मजबूरी बन गया हैं । इस तरह की स्थिति से दशकों झेलते आ रहे है। 1 दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीणों को इतनी तकलिफे और पीड़ा हो रही है। इतनी तकलिफे और पीड़ा जनप्रतिनिधि , सरकार और प्रशासन को क्यो नही हो रही है । इसमे जिम्मेदार मौन है आखिर इन गांवों की दिशा और दशा कब बदलेगी ऐ तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### कई बार अपनी समस्याओ को कराया अवगत

पुल की समस्या से हम लोग सालों से सामना करते आ रहे है। इससे पुल निर्माण के लिए कई बार जिला प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। लेकिन समस्या सालो बितने के बावजूद जस के तस बनी हुई है।

**-मस्सू यादव,** स्थानीय ग्रामीण

### बरसात के 4 माह ज्यादा परेशानी

सड़क सहित नदी- नालों में पुल का अभाव होने के कारण बरसात के 4 माह ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान किसी के बीमार होने पर उसको कावड़ में बोहकर अस्पताल पहुचना पड़ता है।

**-आयतू कोर्राम,** स्थानीय ग्रामीण

### राशन लेने के लिए नदी को पार करना मजबूरी

राशन लेने के लिए राजपुर उचित मूल्य दुकान जाना पड़ता है। इससे बरसात में नदी में पानी भरा होने पर कमर से उपर तक पानी को पार करते है। इसमे अगर किसी माह नही जाने पर दूसरे माह में राशन नही मिलता है। इससे बरसात में जान जोखिम में डालकर नदी को पार करना मजबूरी बन गया है।

**-संतोष मण्डावी ,** स्थानीय ग्रामीण

### गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

गांव में स्वास्थ, शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया , बेहतर विद्युत व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इन समस्या से निजात के लिए कई बार ज्ञापन दिया गया। लेकुन ज्ञापन बस कागज में सीमित होकर राह गया है।

**-सुकदेर कोर्राम,** स्थानीय ग्रामीण

# पतंजलि योग समिति ने आचार्य बालाकृष्णा का जन्म दिन मनाया, बांटे जड़ी बूटी पौधे

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



पतंजलि योग परिवार ने आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन 4 अगस्त को जड़ी-बूटी दिवस के रुप में मनाया।पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान महिला पतंजलि किसान सेवा समिति व पतंजलि युवा भारत की दंतेवाड़ा जिला इकाई के तत्वावधान मे बुधवार जिले के अनेक जगह आयुर्वेद की पेड़-पौधे बाँटकर आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिन मनाया। कई जगह कार्यक्रम आयोजित कर पेड़ पौधे से आयुर्वेद का उपचार विधि बताया गया। किरंदुल पतंजलि आरोग्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बी के माधवन उप महाप्रबंधक कार्मिक देवांश राठौर एसडीओपी किरंदुल वेलू सहायक महाप्रबंधक डी के बरुवा टी आई किरंदुल मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने आयुर्वेदिक पौधे पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा करने का संकल्प लिया।

मौके पर पतंजली योग समिति दंतेवाड़ा के जिला महासचिव बी आर साहू, पतंजलि किसान सेवा समिति दंतेवाड़ा के झुम्मन लाल कलिहारी युवा भारत जिला प्रभारी संजीव दास ,संगठन महामंत्री आरोग्य केंद्र संचालक राजेश सिन्हा , युवा भारत जिला सह प्रभारी नरोत्तम ध्रुव, तहसील प्रभारी छबील साहु, विश्वनाथ विश्वास, पार्षद अमृत टंडन ,एसबी तिवारी कामता प्रसाद डहरिया, मोहित देशमुख ,पतंजलि महिला योग समिति से नीरा सिन्हा, गिरिजा देवी भंडारी, दीपक साहू ,कुंती कुंजाम, विमला नागवंशी आदि मौजूद रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक अनुप नाग, तिलक लगाकर किया बच्चो का स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंतागढ़ में नया शिक्षा सत्र की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में अंतागढ़ विधायक एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं उन्नायन विकास प्राधिकरण के सदस्य अनुप नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के सामक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश चंदेल ने स्वामी आत्मानंद की



जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल को छत्तीसगढ़ सरकार की एक सफल योजना बताते हुए इसे आज की जरूरत कहा।

मुख्य अतिथि विधायक अनुप नाग ने अपने आशीष वचन में कहा कि आज के बदलते परिवेश में अंग्रेजी माध्यम से बच्चो को शिक्षित करना नितांत जरूरी हो गया है। प्राइवेट स्कूलों में शिक्षण शुल्क की मार से मध्यम एवं पिछड़े परिवार के बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं और होनहार छात्र-छात्राओं की प्रतिभा उभर नहीं पाती है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब एवं पिछड़े परिवारों के बधों के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल हर विकासखंड में स्थापित करने की मनसा जताई और वह अब फलीभूत हो रहा है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल के खुलने से हमारे इस आदिवासी विकासखंड के पालकों में हर्ष है । अब उनके बच्चे भी कक्षा पहली से 12वीं तक सर्व सुविधा युक्त अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में शिक्षा पा सकते हैं। इसके बाद विधायक अनुप नाग ने शाला प्रवेश उत्सव के बाद विधायक ने स्कूल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों से चर्चा कर स्कूल निर्माण और संसाधनों की पूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने की बात कही। उन्होंने साइकिल स्टैंड के शेड किए 2 लाख रुपये की अनुदान राशि भी देने की घोषणा की ।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर को

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 11 सितम्बर को किया जाएगा। इसमें आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ राशि वसूली से संबंधित विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किए जाएंगे।

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने के लिए जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सुमन एक्का सोमवार को बस्तर जिले के सभी न्यायाधीशों के साथ चर्चा की गई और न्यायालयों में लंबित मामलों में ऐसे प्रकरण जो राजीनामा योग्य हो. उनमें पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग कर नेशनल लोक अदालत में सोशल डिस्टेंस मेंटेंन करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें विशेष रूप से धारा 138 निई एक्ट के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों को निराकृत किए जाने हेतु विशेष रूप से प्रयास करने को कहा गया। वहीं मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर के अध्यक्ष, सचिव तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्ता संघ से नेशनल लोक अदालत की सफ्लता हेतु पक्षकारों को लोक अदालत की महत्ता बताते हुए उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया तथा सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित किया गया।

# कांति अनुप नाग बनी राज्य योजना आयोग की जनजातीय समूह की शिक्षा व संस्कृति विकास की सदस्य

पायनियर संवाददाता ‹ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



अध्यक्ष, राज्य योजना आयोग एवं समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री के अनुमोदन उपरांत राज्य योजना आयोग के आदेश अनुसार आदिवासी विकास, वन एवं वन्य जीव प्रबंधन, लघु वनोपज प्रबंधन क्षेत्रों का विकास विषय के संबंध में राज्य शासन को सुझाव देने हेतु राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया है ।

जिसमे प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय गोंडवाना समाज की राष्ट्रीय महासचिव कांति देवी नाग को जनजातीय समूह की शिक्षा एवं संस्कृति विकास का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसके लिए कांति देवी नाग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआईसीसी सचिव व मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी और अंतागढ़ विधायक अनुप नाग का आभार प्रकट किया है ।

कांति नाग ने बताया की टास्क फोर्स की स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा में जनजातियों की सहभागिता दर बढ़ाए जाने, उनके तकनीकी उन्नयन, जनजातीय समूहों में निम्न साक्षरता दर (विशेषकर जनजातीय महिलाओं में), निम्न नामांकन दर, उच्च शाला त्याग दर आदि चुनौतियों के समाधान, जनजातीय संस्कृति, विरासत, भाषा, रीति-रिवाजों और परंपराओं और उनके पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण, अन्य राज्यों द्वारा अपनाए जाने वाले श्रेष्ठ प्रयासों को राज्य के संदर्भ में उपयोगी बनाकर एवं अन्य सुसंगत विषय जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगी और छत्तीसगढ़ की प्रगति की दिशा में ईमानदारी से कार्य करती रहेगी ।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने स्वावलंबन रथ को दिखाई हरी झंडी



पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव एवं जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन द्वारा जिला पंचायत कार्यालय परिसर में स्वावलंबन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य यशवर्द्धन राव, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक वैशाली मरड़वार सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजनों के लिए विशेष पहचान पत्र जारी करने हेतु 30 अगस्त तक स्वावलंबन माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत दिव्यांगजनों को जागरुक करने के साथ ही उनकी जानकारी एकत्रित करने के लिए स्वावलंबन रथों का संचालन किया जा रहा है।

## समय-सीमा की बैठक में दिए गए निर्देश

# ग्राम सभाओं में प्राप्त प्रस्तावों पर करें त्वरित कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में बस्तर जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में ग्राम सभाओं में प्राप्त प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में यह निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विशेष शिविरों का आयोजन भी पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इनमें राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पेंशन प्रकरणों का निराकरण, जाति प्रमाण पत्र, बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगों के लिए जारी किए जाने वाले विशेष पहचान पत्र के लिए एक अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित स्वावलंबन माह के संबंध में भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता लाने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन के तहत कार्य की प्रगति की समीक्षा के साथ ही सभी शासकीय संस्थानों में नल



के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए पंचायतीराज संस्थाओं को पंद्रहवें वित्त से प्राप्त राशि का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि पंद्रहवें वित्त की 60 प्रतिशत राशि का उपयोग पेयजल के लिए किया जाएगा। इसके तहत प्राथमिकता के साथ सभी आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्रों में नल के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को मुस्तैद रहने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए। स्कूलों का संचालन पुनः प्रारंभ हो चुका है, जिसे देखते हुए स्कूलों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। गांव में कोरोना का मरीज पाए जाने पर संबंधित गांव के शाला का संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में गौठानों में चारागाह के स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही गोधन न्याय योजना के तहत हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जन चौपाल, पीजीएन पोर्टल और समय-सीमा के तहत दर्ज प्रकरणों पर विभागवार चर्चा की गई और इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।


## सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

# चिटफंड कंपनियों के निवेशकों ने धन वापसी के आवेदन के लिए अनुविभागीय कार्यालय में लगी भीड़

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





चिटफंड कंपनियों में लाखों रुपए लगाकर धोखाधड़ी का शिकार हुए निवेशकों ने धन वापसी की उम्मीद लेकर जिले के अनुविभागीय कार्यालयों में आवेदन जमा करने लंबी कतार देखा गया । बड़ी संख्या में यहां पहुंचे निवेशकों के चलते हैं पूरा कार्यालय परिसर भीड़ से भर गया है, हजारों की संख्या में पहुंचे निवेशकों के चलते हैं राजस्व विभाग को पुलिस विभाग की भी सहायता लेनी पड़ी । बिगड़ती व्यवस्था को देख विभागीय कार्यालय में तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों की मदद से निवेशकों को भीड़ को कंट्रोल किया गया और उनसे कतार बताकर आपस में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आवेदन जमा करने की अपील की । बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित अनुविभागीय कार्यालय गरियाबंद में सुबह 10 बजे से ही निवेशकों की भीड़ देखने को मिला जो जारी रहा बड़ी संख्या में निवेशक आवेदन जमा करने के लिए यहां कतार में खड़े रहे । भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा सोशल डिस्टेंस का पालन कराने नायाब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी भी अपने स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद थे ।इस संबंध में यहां पहुचें निवेशकों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देश मिलने और जिला प्रशासन की सूचना मिलने के बाद वह चिटफंड कंपनियों में लगाएं अपने पैसे वापस मिलने की उम्मीद से यहां पहुंचे हैं ,

ज्ञात हो कि चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों से 02 से 06 अगस्त 2021 तक गृह विभाग द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में धन वापसी करने हेतु आवेदन पत्र लिया जा रहा है। आवेदन प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले के अनुविभाग स्तर पर अधिकारियों को अधिकृत किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार अनुविभाग गरियाबंद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विश्वदीप, छुरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता सोम, राजिम हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जीडी वाहिले, मैनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरज साहू तथा अनुविभाग देवभोग हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीका राम देवांगन को अधिकृत किये गये है। नियत समय में प्राप्त आवेदन पत्रों को भलिभांति परीक्षण पश्चात कंपनीवार सूचीबद्ध कर पूर्ण विवरण सहित 10 अगस्त तक जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में अनुविभागीय कार्यालय में मौजूद नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी ने बताया कि चिटफंड कंपनी के निवेशक धन वापसी के लिए आवेदन जमा करने यहां पहुंचे। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन सहायता से शांति व्यवस्था बनाई जा रही है और टोकन सिस्टम के माध्यम से निवेशकों के आवेदन जमा कराए जा रहे हैं।

# प्राचीन सोमनाथ मंदिर में हजारों भक्त करते हैं जलाभिषेक

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





विकास खण्ड के लखना ग्राम पंचयात के अंतर्गत छत्तीसगढ़ का सोमनाथ मंदिर प्राचीन काल से प्रशिद्ध है सावन महीने में हजारों भक्त गांव गांव से कावड़ लेकर शिव जी का जल अभिषेक करते है।

विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिगों में शामिल गुजरात राज्य के सोमनाथ महादेव का अपना ही महत्व और स्थान है। लेकिन इससे अलग छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिला के तिल्दा विकास खण्ड में भी एक सोमनाथ मंदिर है, जहाँ श्रद्धालु देवाधिदेव महादेव की आराधना कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। राजधानी रायपुर से बिलासपुर सड़क मार्ग पर भूमिया-सांकरा नामक ग्राम से पश्चिम दिशा की ओर ग्राम लखना स्थित है। इसी ग्राम की सीमा में छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदियों में से एक शिवनाथ नदी एवं खारुन नदी का संगम स्थल है। इसी संगम स्थल पर स्थित है सोमनाथ मंदिर।

प्रकृति की गोद में बसा सोमनाथ मंदिर काफी प्राचीन एवं पुरातत्वीय महत्व का है, जहाँ श्रद्धालु वर्ष भर आते हैं और भगवान सोमनाथ के साथ ही साथ अन्य अनेकों मंदिरों में विराजित देवताओं का दर्शन लाभ पाते हैं। यहाँ महाशिवरात्रि एवं सावन सोमवार जैसे विशेष अवसरों पर लोगों की उपस्थिति देखते ही बनती है। रायपुर के महादेव घाट एवं तिल्दा-नेवरा तथा सिमगा जैसे क्षेत्रों से जल लेकर कांवरिये श्रवण मास में बाबा के जयकारे लगाते पूरे वातावरण को शिवमय बना देते हैं। सोमनाथ मंदिर न केवल श्रद्धालुओं का श्रद्धास्थल बन चुका है, अपितु ऐसे लोगों को भी अपनी ओर अकर्षित करता है, जो लोग धर्म-कर्म से परे केवल प्राकृतिक स्थलों पर पिकनिक आदि के उद्देश्य से जाना पसंद करते हैं। स्थानीय प्रशासन यहाँ श्रदालुओ के लिये सुविधा व तिल्दा नेवरा पुलिस भी यहाँ चुस्त कानून व्यस्था बनाये रखती है। जनपद पंचयात के अधिकारियों की भी यहाँ नजर बनी है और धीरे धीरे यह स्थान सुंदर व रमणीय हो रहा है समाजिक भवन व अन्य व्यवस्था शुरू है।

# पढ़ना लिखना अभियान के तहत अध्ययन अध्यापन सामग्री का किया गया वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com

पढ़ना लिखना अभियान के तहत असाक्षरों एवं स्यवंसेवी शिक्षकों को अध्ययन अध्यापन सामग्री का वितरण अलग-अलग क्षेत्रों में किया गया। बीआरसी भवन बिलाईगढ़ में पढ़ना लिखना अभियान साक्षरता समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी बजरंग दुबे, सचिव बीईओ सत्यनारायण साहू, सदस्य एबीईओ डीपी सोनी, बीआरसीसी आरके भोई की उपस्थिति में वितरण किया गया। इसी तरह प्रेमभुवन प्रताप सिंह शाउमावि भटगांव में समिति सदस्य दीपक पांडेय पार्षद शीला साहू के कर कमलों से प्रदान किया गया तथा शासकीय बालक प्राथमिक शाला सरसीवां में ग्राम प्रभारी एवं प्रधान पाठक प्रकाशचंद्र साहू एवं व्याख्याता कमलेश साहू, भिनोदा ग्राम प्रभारी बिहारीलाल जांगड़े के कर कमलों से पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। नोडल अधिकारी पूनम सिंह साहू ने बताया कि बिलाईगढ़ विकासखंड को तीन भागों में बांटा गया है बिलाईगढ़, भटगांव और सरसीवां क्षेत्र। बिलाईगढ़ विकास खंड में 1522 असाक्षरों को चिन्हित कर उन्हें साक्षरता की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# खेत में मिला युवक का शव

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बैकुंठ के खेत में मिला 22 वर्षीय युवक का शव जाँच में जुटी पुलिस तिल्दा नेवरा से महज कुछ ही दुरी पर स्थित बैकुंठ टंडवा के खेत में बैकुंठ वार्ड 15 निवासी हरीश मांडले पिता स्व अमोर दास मांडले का शव संदिग्ध हालत मे मिला है महेश सोनवानी पिता जोधन सोनवानी उम्र 27 वर्ष निवासी बैकुण्ठ झोपड़ापारा थाना तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर ने थाने में सुचना दिया और बताया की मृतक हरीश माण्डले मेरा मित्र था ,जो विगत कई माह से मानसिक रोगी हो गया था जिसे यह पिछले तीन माह से अपने साथ रखे था खाना पीना व्यवस्था करता था और बाड़ी में ही रहता था हरिश के परिवार वाले उसे नही रखते थे कि



दिनांक 02/08/2021 की शाम हरीश ने इसे अपनी तबियत खराब होना परिवार को बुलाने कहना जिस पर रात 08:00 बजे उसे बाड़ी में छोड़कर अपने घर चले गया और 03/08/2021 की सुबह तिल्दा आकर हरीश के भाई गोविन्दा की उसके भाई के बुलाने की बात को बताया और जब वापस अपने झोपड़ा में पंहुचा तो हरीश माण्डले को अपने खेत में मरा पड़ा हुवा था तथा उसे बगल खेत का बाड़ी वाला आकर देख लिया था ।मृतक की मौत का कारण नही जानना बताया महेश सोनवानी कि रिपोर्ट पर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया शव का पोस्टमार्डम करा कर परिजनों को सौप दिया गया है और आगे की जाँच तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा किया जा रहा है ।

# शिक्षाकर्मी गजानंद नायक ने मेहनत की एक मिसाल पेश की बने असिस्टेंट प्रोफेसर

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित माधोपाली गांव के शिक्षाकर्मी गजानंद नायक ने मेहनत की एक मिसाल पेश की है। शिक्षाकर्मी रहकर स्कूली छात्रों को पाठ पढ़ाने के बाद अब असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर अपनी सेवा छात्रों को देंगे। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में अंग्रेजी विषय के लिए सहायक प्राध्यापक हेतु चयन सूची जारी कर दी गई है। जिसमें गजानंद नायक निवासी ग्राम माधोपाली सरायपाली भी चयनित हुए हैं। तिलकराम नायक और सिरमोती नायक के सुपुत्र लक्ष्मी नायक शिक्षिका के पति गजानंद नायक की पहली से बारहवीं तक की शिक्षा कुटेला स्कूल से और स्नातक तक शासकीय महाविद्यालय सरायपाली से हुई




है। आंग्ल और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय हैदराबाद से क्कन्नष्ट्ठञ्जश्व करने के साथ ही उन्होंने दो दो बार हृश्वञ्ज और स्श्वञ्ज क्लीयर किया है। गजानंद नायक वर्तमान में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर से क्कद्धष्ठ करते हुए शा. उ. मा. वि. कलेंडा में व्याख्याता के पद कार्यरत हैं

उन्होंने 2003 से प्री प्रायमरी, शिक्षा कर्मी वर्ग 3,2,1 पदों पर कार्यरत रहे हैं। अध्ययन और शिक्षकीय कार्य के दौरान महाविद्यालय में छात्रसंघ उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर, विभिन्न खेल जैसे फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी व प्रशिक्षक रहने के साथ ही साथ प्रभावी मंच संचालक रह चुके हैं। उनके इस उपलब्धि पर सभी ग्रामीण जन माधोपाली,मित्रमंडली, शिक्षक साथी और सरायपाली अंचल में हर्ष व्याप्त है। गजानंद नायक ने कहा कि एक पिता, एक पति, एक बेटा और शिक्षक की जिम्मेदारी निभाते हुए तैयारी में जुटा हुआ था। आज सपना साकार हुआ।

# छबिराम पटेल की नई पुस्तक ज्ञान सागर का मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com




विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुरदिया कला में कार्यरत प्रधानपाठक छबिराम पटेल की नई पुस्तक 'ज्ञान सागर' का विमोचन 3 अगस्त मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन,विधि एवं विधायी,आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर जी ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक छबिराम पटेल,सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश सचिव गोलू रावल, शिक्षक विजयकुमार अनंत एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दरम्यान मंत्री जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए लेखक छबिराम पटेल को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। लेखक छबिराम पटेल ने अपनी इस पुस्तक के बारे में बताया इस पुस्तक में 2750 सूक्ति वाक्य अर्थात् सुविचार शामिल हैं। इस पुस्तक में कुल 181 पृष्ठ हैं।जो कि यह पुस्तक नम्या प्रेस दरियागंज दिल्ली से प्रकाशित हुई है। जिसका मूल्य 335 रुपये निर्धारित है। सकारात्मक एवं प्रेरणादायक विचारों से युक्त यह पुस्तक जनमानस के लिए उपयोगी साबित होगी। इस नई पुस्तक का सफलता पूर्वक विमोचन होने पर लेखक छबिराम पटेल को महासमुंद जिला सहित प्रदेश के कई शिक्षकों, साहित्यकारों,जनप्रतिनिधियों, मित्रगण एवं नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# क्रूरता पूर्वक गाय का हत्या कर मांस बिक्री करते 4 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com



सरसींवा थाना द्वारा क्रूरता पूर्वक गाय का हत्या कर मांस बिक्री करते 04 आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 किलो गौ मांस एवं घटना में प्रयुक्त दो नग लोहे के टांगिया व दो नग खुरपा को जप्त किया गया है । साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लिया गया । ज्ञात हो कि सरसींवा अंचल में वर्षों से जीवित गाय को मारकर मांस की तस्करी हो रहा था वहीं क्षेत्र में मवेशियों की भी तस्करी हो रहा है ।

स्थानीय थाना को 03.08.2021 को मुखबिर के जरिये सूचना मिला की ग्राम भिनोदा की सेत बाई खटखर नामक महिला अपने घर के परछी में गाय की क्रूरता पूर्वक हत्या कर एवं उसे काटकर बिक्री करने हेतु रखे है । सूचना पर तत्काल सरसींवा पुलिस हरकत में आये और इसकी जानकारी उच्चधिकारियों को देकर पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के निदेर्शानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता पाल एवं एस.डी.ओ.पी. बिलाईगढ़ संजय तिवारी के मार्गदर्शन मे मुझ थाना प्रभारी राजेश साहू सरसीवा के कुशल नेतृत्व में हमराह स्टाफ के ग्राम भिनोदा रवाना होकर सेत बाई खटकर के घर को चारों तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्यवाहीं किये जहाँ एक कच्चे मकान के अंदर चार व्यक्ति गौ मांस के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया नाम पता पूछने पर ईश्वर महिलाने ,सूरज बघेल, कीर्तन बघेल एवम सेत बाई खटखर निवासी भिनोदा का होना बताया। जिनके पास से पृथक पृथक गौ मांस बिक्री करने के लिए पैकेट बनाकर रखा हुआ 10-10 किलोग्राम का गौ मांस कुल 40 किलो आरोपियों से जप्त किया गया एवम घटनास्थल से गौ मांस से खून से लथपथ दो नग लोहे का टांगिया, दो नग खूरपा को विधिवत जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लिया जाता है। आरोपीयो में ईश्वर महिलाने पिता गोप राम उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 16 सारंगढ़-, सूरज बघेल पिता विशेश्वर बघेल उम्र 25 वर्ष साकिन पेंड्रावन ,कीर्तन बघेल पिता चेतराम बघेल उम्र 24 वर्ष साकिन पेंड्रावन, सेत बाई खटकर पति स्वर्गीय भोलेनाथ उम्र 35 वर्ष साकिन भिनोदा थाना सरसीवा है ।

# किसानों को खाद उपलब्ध कराने में असफल साबित हुई है भूपेश सरकार : चंद्रशेखर साहू


**गरियाबंद** । भाजपा किसान मोर्चा राजिम मंडल के तत्वावधान में खाद की किल्लत से उपजी परेशानियों को लेकर आज किसानों के समर्थन में हल्ला बोल किया। क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू और भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष हरित के नेतृत्व में ग्राम लोहरसी स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगाड़ा बजाकर सरकार को घेरने का प्रयास किया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार लगातार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। सरकार की नीयत और नीति दोनों किसान विरोधी है। प्रदेश सरकार बीज उपलब्ध कराने से लेकर खाद की व्यवस्था में असफल साबित हुई है।

## पहले ही दिन प्रमुख सचिव ने किया तीन स्कूलों का निरीक्षण, बच्चों की ली क्लास

# खुले स्कूल, बच्चों की चहल-पहल से स्कूलों में लौटी रौनक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की घोषणा के अनुरूप स्कूलों में पढ़ाई आज से शुरू हो गई। बड़े उत्साह के साथ बच्चे 16 महीने बाद पढ़ने के लिए स्कूल पहुंचे। स्कूल खुलने के पहले ही दिन आज शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला ने पलारी विकासखण्ड के गिर्रा और कुसमी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान न केवल बच्चों की क्लास ली बल्कि उनके बीच आम बच्चों की तरह बैठकर अपने छात्र जीवन को महसूस किया। उन्होंने लम्बे समय बाद स्कूल पहुंचे बच्चों से स्नेह पूर्वक बात की और उनका मुँह मीठा कर स्वागत किया। कलेक्टर सुनील कुमार जैन, एनएचएम संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला,डीईओ सीएस ध्रुव, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक सोमेश्वर राव भी इस मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने ग्राम गिर्रा के माध्यमिक स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्राओं से क्लास में चल रहे आधुनिक यूरोप के उदय के संबंध में छात्रों से सवाल जवाब किए। स्कूल की प्रधान पाठिका उषा कोटरे ने डॉ शुक्ला को बताया कि अभी आठवीं की कक्षा संचालित हो रही है। हमनें सभी पालकों से उसके लिए लिखित अनुमति लिए है। कक्षा 8 वी में कुल 26 छात्र है जिसमें से आज पहले दिन 18 छात्र उपस्थित रहें। स्कूल में प्रवेश करतें ही प्रत्येक छात्रो का थर्मल स्क्रीनिंग के साथ सेनेटाइज किया गया। साथ परिसर



में स्थित प्राथमिक शाला में बनें मध्याहन भोजन की गुणवत्ता को भी देखा। आज पहले दिन चावल,दाल,मुनगा की सब्जी एवं साथ ही खीर बनाया गया है। उसी तरह ग्राम कुसमी के हायर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं एवं 12 वीं के छात्रों से रूबरू हुए साथ ही स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किए।

अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

प्रमुख सचिव डॉ शुक्ला ने अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल का भी निरीक्षण किया। स्कूल में फिलहाल 1 ली से 10 वीं तक 400 के लगभग विद्यार्थी अंग्रेज़ी माध्यम में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने अंग्रेज़ी में चर्चा कर उनके स्तर का परीक्षण किया। उन्होंने पाया कि बच्चे अब अंग्रेज़ी में बातचीत करना शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को हमें रटाने पर नहीं बल्कि समझाने पर जोर देना है। उन्होंने विज्ञान के विषय जैसे- फिजिक्स,केमेस्ट्री और जीव विज्ञान के लिए अलग-अलग लैब की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। लाइब्रेरी कम रीडिंग रूम को भी बड़े और हवादार बनाने के लिए कहा है। लैब और लाइब्रेरी को भवन के प्रथम तल में बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नव-नियुक्त शिक्षकों से भी चर्चा कर योजना के उद्देश्य बताये। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य के एस तिवारी, एसडीएम महेश राजपूत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बलौदाबाजार का उन्नयन कर बनाया एसेट मैनेजमेंट हब

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बलौदाबाजार का उन्नयन कर एसेट मैनेजमेंट हब बनाया । इसका शुभारंभ बैक के अध्यक्ष आई के गोहिल एवं क्षेत्रीय प्रबंधक अमरजीत सिह खनुजा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया । शुभारंभ अवसर पर उन्होने एक करोड नौ लाख रूप्ये के नये ऋण भी स्वीकृत करते हुए उपभोक्ताओ को .ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राहको को संबोधित करते हुए बैक के अध्यक्ष आई के गोहिल ने कहा कि आपका हर सपना साकार हो यही हमारा उद्देश्य है और आपकी सेवा के लिए हमारा बैक और हमारे अधिकारी कर्मचारी हमेशा तत्पर है ।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(C.G. Govt. Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
PHONE : 0771-2574172. FAX NO. 0771-2574174. Web Site :www.sldccg.com, email- csebsldc@sldccg.com
No.03-02/SLDC/TR-162/ 719 Raipur, Dtd. 04.08.2021
Notice Inviting Tender (NIT)
Tender No. :
Name of the Work:
Tender for Annual Maintenance Contract of 31 Nos. Split Air Conditioners Installed at Main SLDC Building, CSPTCL, Raipur for 02 Years.
Important Dates:
Last date for Submission of Tender Document: 27/08/2021, upto 03:00 PM Only. Date of opening of Tender Document: 27/08/2021 at 03:30 PM The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com
// Save Electricity // SAMVAD- 29485/1
EXECUTIVE DIRECTOR (SLDC), CSPTCL, RAIPUR

# गौठानों से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं संवार रहीं अपना भविष्य

■ **गोधन न्याय योजना बना रोजगार का जरिया**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन गया है। गौठानों से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं अपना भविष्य संवार रहीं है।

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाएं पूर्ण तन्मयता के साथ वर्मी खाद निर्माण में जुटी हुई है। आत्मा योजना के तहत् महिलाओं को वर्मी खाद बनाने का प्रशिक्षण व खाद उत्पादन के लिए केंचुएं प्रदान किये गये है। इसके अलावा फॉर्म स्कूल का संचालन कर जैविक खाद निर्माण की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया गया है। गौठान में स्थापित वर्मी टैंक और वर्मी बेड से महिलाएं खाद बना रही हैं। खाद के पैकिंग के लिए बारदाने, सिलाई मशीन और तौलने के लिए मशीन कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। तैयार खाद समितियों के माध्यम से विक्रय हो रहा है। इससे प्राप्त राशि से महिलाएं आर्थिक लाभ प्राप्त कर रही है।

ऐसे ही एक स्व सहायता समूह से जुड़ी ग्राम ठरकपुर की ममता टेकाम ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा गोबर में केंचुआ डालकर खाद बनाने का तरीका बताया गया है। अब वह गांव से इकट्ठे किए गए गोबर को गौठान में लाने का काम करती है और समूह की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर वर्मी खाद का उत्पादन कर रही हैं। इस कार्य से उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है और वे सभी खुश है। उसने कहा कि गोधन न्याय योजना से उसके लिए रोजगार एवं पैसा कमाने का जरिया मिला है। कोटा विकासखण्ड के ग्राम शिवतराई की महामाया स्व सहायता समूह की सदस्य सफीन बाई सिरसो ने बताया कि पहले वे अपने समूह में पैसे का लेनदेन करते थे। अब तो वर्मी खाद बनाने का काम कर रहे है। जिससे उन्हें मजदूरी मिल रही है। गांव के बाहर काम खोजने के लिए नहीं जाना पड़ता।

रोज गौठान में आकर काम करते हैं। इससे फायदा हो रहा है। जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह ग्राम जुहली की सदस्य दुखनी बाई मरकाम का कहना है कि पहले गांव की महिलाएं बेरोजगार थी। अब वर्मी खाद बनाने का काम मिला हैं। उनकी समिति में 10 सदस्य है। खाद से सभी की कमाई हो रही है। घर के चाय, शक्कर, निरमा आदि का खर्च और बच्चों का जेब खर्च देने में अब वे सक्षम है और भविष्य के लिए पैसा भी बचा रहे हैं। महामाया समूह शिवतराई की सदस्य कुमारी जलेश्वरी ध्रुव ने कहा कि पहले अपने खर्च के लिए उन्हें पिता, भाई से पैसा मांगना पड़ता था। जब से वह गोधन न्याय योजना से जुड़ी है उसे अपने छोटे मोटे खर्च के लिए पैसे नहीं मांगना पड़ता और अपने तरीके से अपना पैसा खर्च करती है।

अपने गांव के गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाएं पूर्णनिष्ठा के साथ जैविक खाद उत्पादन कार्य में लगी हैं। यह इतना आसान है कि वे दैनिक परिवारिक कार्यों के उपरांत बचे हुए समय का उपयोग खाद निर्माण में करती है। महिलाएं अपने कार्य इस प्रकार करती है कि किसी भी सदस्य पर कार्य का ज्यादा बोझ नहीं पड़ता।

# जि. पं. सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी के नेतृत्व में लगभग 50 युवा कार्यकर्ता दिल्ली संसद घेराव में होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

■ **कवर्धा से 50 युवा कार्यकर्ता दिल्ली संसद भवन घेराव में शामिल होंगेः तुकाराम चंद्रवंशी**

देश में तेजी से बड़ रही महंगाई, बेरोजगारी, पेगासस जासूसी कांड व तीनों कृषि कानून, आसमान छूती महंगाई, बेलगाम बेरोजगारी के खिलाफ व तमाम जनहित के मुद्दों को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी के आव्हान पर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पुर्णचंद्र कोको पाढ़ी के आदेशानुसार युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में कबीरधाम जिले से लगभग 50 युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे है ।

तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया कि आज संविधान विरोधी नीतियों के कारण जनता का विश्वास भाजपा सरकार से खत्म हो गया है,केंद्र सरकार के कृषि विरोधी काले कानून के विरोध में किसान दिल्ली बार्डर पर अपनी सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं मगर सरकार लगातार उनकी अनदेखी कर रही है, वहीं निजता के अधिकार वार करते हुए Pegasus के जरिए देश के चुनिंदा पत्रकार, नेताओं की जासूसी कर संवैधानिक मूल्यों का हनन हो रहा है, देश में बेरोजगारी 45 साल का रिकार्ड तोड चुकी है, जिस तरह पेट्रोल - डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर टैक्स के माध्यम से जनता की कमाई की पर डांका डाला जा रहा है उससे आज आम जनमानस गरीबी, भुखमरी और आर्थिक समस्याओं से जुझ रहा है। चंद्रवंशी ने कहा संसद के मॉनसून सत्र के कम से कम 89 घंटे बर्बाद हुए हैं. इन सबका नुकसान आम जनता को ही उठाना पड़ रहा है. जन सरोकारों से जुड़े हुए मुद्दों पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है, लेकिन मोदी सकार अपने एजेंडे पर चलकर संसद को बाधित किए हुए हैं ताकि जवाबदेही से बचा जा सके। इन सभी मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस संसद घेराव में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से लगभग 1500 की संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# जिले के आंगनबाड़ी केद्रों में मनाया जा रहा है विश्व स्तनपान सप्ताह



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है, जो सात अगस्त तक चलेगा। कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी बाल विकास परियोजनाओं के 75 पर्यवेक्षक सेक्टर एवं 2 हजार 141 आंगनबाड़ी केन्द्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम, नारे लेखन, गृहभेंट, बैठक, शिविर और सम्मेलन के माध्यम से गर्भवती और शिशुवती माताओं को सही स्तनपान कराने की सलाह दी जा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पहला दूध प्रसव के तत्काल बाद शीघ्र पिलाने व सही तरीके से स्तनपान कराने प्रेरित किया जा रहा है। स्तनपान सप्ताह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी प्रचार-प्रसार में सहयोग लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण दूतों द्वारा घर-घर जाकर रागी का हलवा और कोदो की खिचड़ी का वितरण भी किया जा रहा है।

# रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सी एल मीणा ने मालगाड़ी से कटकर आत्महत्या की

**बिलासपुर।** रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सीएल मीणा ने मालगाड़ी से कटकर जान दे दी। सूचना पाकर जीआरपी घटना स्थल पर पहुंची। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया, अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। जीआरपी मर्ग कायम कर जांच कर रही है। घटना उसलापुर रेलवे स्टेशन यार्ड के रेल लाइन नंबर चार की है। उसलापुर स्टेशन के करीब उनका घर है। सुबह कुछ देर में आने की बात कहकर घर से निकले और थोड़ी देर बाद इस घटना की सूचना परिजनों तक पहुंची। स्टेशन मास्टर से मेमो मिलने के बाद जीआरपी पहुंची। जीआरपी का कहना है कि परिजनों के बयान के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

# स्कूल संचालन प्रारंभ, प्रत्यक्ष रुप से संचालित कक्षाओं के अलावा सभी स्तर की ऑनलाईन कक्षायें पूर्व की भॉति संचालित होती रहेंगी



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के आदेशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी शासकीय और निजी विद्यालयों में 10वीं और 12वीं की कक्षायें सोमवार 2 अगस्त से संचालित किये जाने संबंधी निर्देश प्राप्त हुआ है। कांकेर जिला में कोराना पाजीटिविटी दर पिछले 7 दिनों तक एक प्रतिशत से अधिक होने के कारण जिले में 03 अगस्त से शालाएं प्रारंभ की गई है। इसी तरह कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं और कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर शेष सभी कक्षायें अर्थात कक्षा 01ली से लेकर 5वीं और 8वीं की कक्षायें भी 03 अगस्त से संचालित हो रही हैं।

राज्य शासन के निर्णय अनुसार सभी प्रायमरी स्कूलों में कक्षा 01ली से लेकर 05वी तक तथा मिडिल स्कूलों में कक्षा 8वी संचालन के पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबधित ग्राम पंचायत तथा स्कूल की पालक समिति की अनुशंसा आवश्यक की गई है। शहरी क्षेत्रों के लिए संबंधित वार्ड पार्षद एवं स्कूल की पालक समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी।

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कावड़े ने बताया कि राज्य शासन के निर्णय अनुसार वर्तमान में कक्षा 6वी, 7वीं, 9वीं और कक्षा 11वीं की ऑफ्लाईन कक्षायें प्रारंभ नहीं की जा रही है। भविष्य में इन कक्षाओं को संचालित करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा जिलों में कोरोना पाजीटिविटी दर में निरंतर गिरावट और उसके प्रसार के सम्यक आंकलन पश्चात यथा समय लिया जाएगा। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा दिये गए निर्देशानुसार जिले में ऑफलाईन (प्रत्यक्ष रुप से संचालित) कक्षाओं के अलावा सभी स्तर की ऑनलाईन कक्षायें पूर्व की भॉति संचालित होती रहेंगी।

# लट्टीपारा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एंव शा. प्रा शाला लट्टीपारा कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में शाला प्रवेश उत्सव 03/08/21 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायिका सुमित्रा मारकोले उपस्थित थी। उन्होने बच्चों को कोविड -19 के नियम पालन करने बार-बार हाथ धोने, सोशल डिस्टेस्ड का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया। यह जानकारी अपने माता-पिता से स्वच्छता के बारे में बताने कहा। मा शाला लट्टीपारा की प्रधान पाठिका सुशीला पाढपाले ने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा सभी बच्चे जो लाकडाउन में आनॅलाइन पढाई एवं मोहल्ला कक्षा द्वारा अध्ययन जारी करते हुये नियमित पढाई करने प्रत्येक छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहीत किया । शाला में प्रवेश करने के पूर्व थर्मल थर्मामीटर द्वारा तापमान लेकर एवं हेण्ड सेनेटाईजर से हाथ धो करके ही कक्षा में प्रवेश करने कहा गया। यदि किसी को सर्दी खासी, बुखार से ग्रसित हो तो वे घर पर रहकर उचित उपचार करायें एवं कोविड जाच करायें चिकित्सक की सलाह से ही गोली दवाई ले । सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक के छात्र/छात्राओ को तिलक लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ निरतंर मास्क पहनकर कोरोना को हराकर पढाई के प्रति जागरूक होने कहा गया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठिका जानबाई नेताम, शिक्षिका गिरिजा लोन्हारे, सरस्वती मण्डावी, शिक्षक उमेश डहरिया, विजय मरकाम, शब्बीर खान, उपस्थित थे तथा शाला प्रबंधक संमिति में समारी नेताम, राधिका यादव, उपस्थित थे।

# बिलासपुर स्टेशन में नो मास्क चेकिंग अभियान के तहत 76 मामले से 38,000 रूपये बतौर जुर्माना वसूले गए

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा तथा कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु रेलगाड़ी तथा स्टेशन परिसर में मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है साथ ही मास्क नहीं पहने जाने पर जुर्माना का प्रावधान भी किया गया है। इसी संदर्भ में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक पुलकित सिंघल के मार्गदर्शन में यात्रियों को मास्क पहनकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करने मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा नो मास्क जाँच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सहायक वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन में दो दिवसीय नो मास्क जाँच अभियान दिनांक 31 जुलाई व 01 अगस्त 2021 को अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, सीटीआई, टीटीई एवं आरपीएफ़ स्टाफ भी शामिल थे। इस दौरान बिना बिना मास्क पहने 76 यात्रियों पर रेलवे नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 38,000 रुपये बतौर जुर्माना वसूले

# सारंगढ़ शहर में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के बैनर तले संयोजक आंचलिक अग्रवाल महासभा सरायपाली झारबंद एवं सौजन्य अग्रवाल सभा एवं अग्रसेन सेवा संघ सारंगढ़ के सभी संस्थाओं के सहयोग से अग्रसेन भवन सारंगढ़ में बच्चों का तुतलाना, हकलाना के निशुल्क इलाज हेतु रायपुर से आए हुए प्रांतीय सदस्स सत्यनारायण मित्तल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें अध्यक्ष अग्रसेन सेवा संघ के रमेश केडिया सचिव, संतोष अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य, अमित अग्रवाल, अविनाश गोयल प्रदेश मंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के महेंद्र अग्रवाल एवं अन्य बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल हुये।

# भांजा के साथ मिलकर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

**बिलासपुर ।** सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका के आवास पारा में बनर्जी पार्क के पास 2 अगस्त सुबह 6 बजे झाड़ियों में एक मृत व्यक्ति पढ़ा हुआ था जिसकी सूचना तत्काल बिलासपुर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा को दी गई उसके उपरांत उन्होंने थाना सरकंडा को निर्देश किया और इस हत्या का तत्काल जानकारी कर आरोपियों की धरपकड़ करने का निर्देशित दिया गया। टीम बनाकर हत्या की बारीकी से जांच कर परीक्षण के पश्चात पाया गया कि इस पर मृतक के शरीर मे प्राणघातक हमला करने पर मृत्यु हुई हैं। जिसके पश्चात मृतक के पास रखे मोबाइल के माध्यम से यह जानकारी मिली उसके भाई प्रफुल्ल उर्फ बब्बू सिंह के माध्यम से मृतक का पहचान पुष्पराज सिंह उर्फ अल्पु सिंह 30 साल मस्तूरी किरारी के रूप में हुई द्य राजकिशोर नगर बीएसएनएल में मृतक की मां पति के मृत्यु के बाद विभाग में काम करती है । मृतक अक्सर मां और छोटे भाई के साथ गाली गलौज व मारपीट करता था इससे छोटे भाई ने भांजे के साथ योजना बनाकर रविवार की रात उसे शराब पिलाने के लिए मोपका बुलाया और उसे जमकर शराब पिलाया और दोनों ने लकड़ी के बत्ते के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

# रहेजा ग्रुप के नए प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा निर्वाणा' की बम्पर लॉन्चिंग

**6, 7 और 8 अगस्त तक चलेगा रहेजा निर्वाणा का बम्पर लॉन्च ऑफर**

**रहेजा निर्वाणा रायपुर का प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट**

**रहेजा निर्वाणा के स्पॉट बुकिंग में बम्पर ऑफर- इलेक्ट्रिसिटी, क्लब हाउस चार्ज फ्री साथ ही निश्चित उपहार**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की जानीमानी रियल एस्टेट कंपनी, रहेजा ग्रुप अपने सबसे खास प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा निर्वाणा' लॉन्च करने जा रहे हैं। 6,7,8 अगस्त 2021 को रहेजा निर्वाणा की लॉन्चिंग हो रही है। रहेजा निर्वाणा राजधानी रायपुर के कचना में लोकेटेड एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट, जिसमें वो सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है जो किसी प्रीमियम प्रोजेक्ट में होनी चाहिए। रहेजा निर्वाणा के बम्पर लॉन्चिंग में विशेष ऑफ्र रखा गया है। स्पॉट बुकिंग कराने पर इलेक्ट्रिसिटी चार्जेस एवं क्लब हाउस चार्जेस फ्री किया गया है। साथ ही प्रत्येक बुकिंग निश्चित उपहार देने की घोषणा भी की गई है। रहेजा निर्वाणा में प्रीमियम प्रोजेक्ट की सभी सुविधाएं जैसे क्लब हाउस, लाइब्रेरी, कैफे, स्वीमिंगपूल, जकूज़ी, जिम, गार्डन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, इनडोर-आउटडोर गेम्स, मंदिर इत्यादि उपलब्ध होंगे। यहाँ प्लॉट साइज़ 1000 स्क्वेयर फीट से शुरू है। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा निर्वाणा, हमारे अब तक के सबसे महत्व पूर्ण प्रोजेक्ट्स में से एक है। कचना रायपुर एरिया में आने वाला यह एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें उपभोक्त ाओं के लिए उन सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिनसे हमें जिंदगी में खुशियाँ, सुकून और शांति मिलती है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमसब इतने व्यस्त हो गए हैं कि हमें सुकून की तलाश है, और हमें यह सुकून अपने घर में ही मिलता है, इसलिए हमने इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस प्लॉटिंग प्रोजेक्ट की प्लानिंग की है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का सपना होता है कि वो एक ऐसी सोसाइटी में रहें जहाँ पूरे परिवार की सुरक्षा, बच्चों के खेलने की जगह, बुज़ुर्गों के मनोरंजन एवं आराम की व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता हो। इसके अलावा आज स्वस्थ रहने के प्रदूषणरहित जगह का चुनाव आज सबसे पहली प्राथमिकता है। इसलिए लोग अपने लिए रहने की जगह का चुनाव बहुत ही सोच समझ कर करते हैं। उन्होंने बताया कि रहेजा निर्वाणा रेरा, टाउन एंड कंट्री अप्रुव्ड प्रोजेक्ट है। हमें पूरा विश्वास है कि रहेजा ग्रुप के पहले के प्रोजेक्ट्स की तरह ही इस बार भी लोगों का प्यार मिलेगा।

# कलेक्टर ने कोरोना के मामले एकाएक बढ़ने पर जताई चिंता

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के एकाएक बढ़े मामले पर चिंता प्रकट की है। गौरतलब है कि कल एक ही दिन में जिले में 87 प्रकरण सामने आये हैं। उन्होंने जिले की जनता का सतर्क होकर कोविड प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करने की सलाह दी है। कलेक्टर आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की एक जरूरी बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पुलिस, नगरपालिका और राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक बार फिर से अभियान छेड़ने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण तो उपलब्धता के अनुसार अपनी गति से चल रहा है। इससे ज्यादा जरूरी भीड़-भाड़ से बचना, मास्क लगाना और सेनिटाईजर का इस्तेमाल करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान को पुनर्जीवित कर लापरवाह किस्म के लोगों के विरूद्ध कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर जैन ने बैठक में कहा कि जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड में अकेले 69 मामले सोमवार को सामने आये है। इसमें बड़ी चिंता का विषय यह कि ये प्रकरण विकासखण्ड के एक या दो गांव से नहीं बल्कि विकासखण्ड के लगभग 40 गांव से आये है। इसका तात्पर्य यह कि संक्रमण विकासखण्ड के अधिकांश गांवों में पसरा हुआ है। उन्होंने पूर्व के चरणों में नियुक्त नोडल अफसरों को गांवों का दौरा कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि संक्रमण वाले गांवों की आंगनबाड़ी एवं स्कूल तत्काल प्रभाव से बंद कर दिए जाएं। उन्होंने कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने को भी कहा है। प्रतिदिन 3 हजार के लक्ष्य दिये हैं। फिलहाल प्रतिदिन 2 हजार जांच किये जा रहे हैं। कलेक्टर ने तीसरी लहर की संभावना के मद्देनजर सभी अस्पतालों को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

# मोहल्ला क्लास एवं ऑफलाइन कक्षाओं में कोरोना प्रोटोकॉल काल का शिक्षक पूरा ध्यान रखें : बी. ई. ओ. भास्कर

**थानखमरिया।** नवीन शिक्षा सत्र में ऑफलाइन अध्यापन कार्य के प्रारंभ होने के पश्चात शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों सघन निरीक्षण कार्य सभी शासकीय विद्यालयों में चल रहा है इसी तारतम्य में सहसपुर लोहारा विकासखंड में स्कूली अध्यापन एवं शिक्षण कार्य में कसावट लाने के उद्देश्य के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के भास्कर द्वारा ब्लॉक के शासकीय स्कूलों का सतत मॉनिटरिंग किया जा रहा है भास्कर द्वारा बुधवार दिनांक 04/08/2021 को शासकीय हाई स्कूल ब?ैदा कला ,पूर्व माध्यमिक शाला बड़ौदा कला एवं प्राथमिक शाला बड़ौदा कला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।वहाँ पर उनके द्वारा विद्यालय में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार यथा पाठ्यक्रम विभाजन, शिक्षक दैनंदिनी, आमाराइट प्रोजेक्ट, प्रिंट रिच वातावरण की समीक्षा करते हुए , सभी शिक्षकों को नियमित तौर पर उपस्थित एवम पूरी प्रामाणिकता के साथ ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा एम टी अप्राप्त विद्यार्थियों की सूची बनाते हुए उनके उपचारात्मक शिक्षण पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया, कक्षा 6, 7 हेतु मोहल्ला क्लास एवम ऑनलाइन क्लास को सतत रूप से रखने को कहा।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(C.G. Govt. Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174. Web Site :www.sldccg.com, email- csebsldc@sldccg.com
No.03-02/SLDC/TR-161/ 718 Raipur, Dtd. 04.08.2021
**Notice Inviting Tender (NIT)**
**Tender No. :**
**Name of the Work:**
Tender for Refilling of Installed Fire Fighting Euipments at Main SLDC Building, CSPTCL, Raipur & Backup SLDC, Khedamara, Bhilai.
Important Dates:
Last date for Submission of Tender Document: 26/08/2021, upto 03:00 PM Only. Date of opening of Tender Document: 26/08/2021 at 03:30 PM The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com
EXECUTIVE DIRECTOR (SLDC), CSPTCL, RAIPUR
// Save Electricity // samvad-29484/1

संपादकीय

# पाकिस्तानी रणनीति

## भारत का विरोध

इमरान खान सरकार ने पाक अधिकृत गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र को 'अस्थाई' प्रांत का दर्जा देने वाला एक कानून मंजूर किया है जिसे भारत इस क्षेत्र पर अपने प्राकृतिक अधिकारों का उल्लंघन मानता है तथा इसका विरोध करता है। इमरान खान ने इस कदम का वादा नवंबर में किया था। यह इस्लामाबाद द्वारा अपने अवैध कब्जे को वैध बनाने का प्रयास है जिसके चलते इस क्षेत्र पर पाकिस्तानी कानून तथा निर्वाचन आयोग का अधिकार लागू हो जाएगा। भारत ने इस निर्णय का भारी विरोध करते हुए कहा है कि गिलगिट-बाल्टिस्तान समेत पूरा जम्मू कश्मीर व लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है जो भारत में विधिक रूप से अपना विलय कर चुका है। यह क्षेत्र या जल्द ही अस्थाई प्रांत बनने वाला यह इलाका रणनीतिक रूप से भारत, पाकिस्तान व चीन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह पाकिस्तान की चीन के साथ एकमात्र क्षेत्रीय सीमा है। यह चीन के जिनजियांग स्वायत्तशासी क्षेत्र से मिलता है। यहां दोनों प्रांतों के बीच एक जमीनी रास्ता भी है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी यहां से होकर गुजरता है। पड़ोसियों के लिए भी गिलगिट-बाल्टिस्तान की स्थिति महत्वपूर्ण है। इसके पश्चिम में अफगानिस्तान, दक्षिण में पाक अधिकृत कश्मीर तथा पूरब में जम्मू कश्मीर है। एक दशक पहले तक यह एक अनाम क्षेत्र था और इसे केवल उत्तरी क्षेत्र कहा जाता था जिसका प्रशासन इस्लामाबाद चलाता था। यह स्थिति पाक अधिकृत कश्मीर से अलग थी जिसका अपना संविधान और विधानसभा है। गिलगिट-बाल्टिस्तान इम्पावरमेंट एंड सेल्फगवर्नेंस आर्डर, 2009 ने इस क्षेत्र को उत्तरी क्षेत्र विधायी परिषद के बजाय क्षेत्रीय विधानसभा दी थी।

पाकिस्तान द्वारा इस क्षेत्र को पहले अपने में शामिल न करने का कारण यह था कि वह गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस प्रकार पाक-अधिकृत कश्मीर का विलय कर कश्मीर पर जनमत संग्रह का अपना अंतरराष्ट्रीय दावा कमजोर नहीं करना चाहता था। उसे उम्मीद थी कि यदि कभी जनमत संग्रह होगा तो गिलगिट बाल्टिस्तान से मिलने वाले वोट परिणाम प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इससे पता चलता है कि इस क्षेत्र के प्रांतीय दर्जे को 'अस्थाई' क्यों रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद भारत ने इस क्षेत्र पर अपने अधिकार पर जोर देना शुरू किया था और उन्होंने 2016 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इसका उल्लेख किया था। इसके पहले भारतीय संसद ने 1994 में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पास कर इस क्षेत्र पर अपना अधिकार जताया था। 2017 में ब्रिटिश संसद ने भी जोर दिया था कि पाकिस्तान के नियंत्रण वाला गिलगिट-बाल्टिस्तान भारत का है। गिलगिट हिमालय के पास अपने भूमि व्यापार मार्ग का विस्तार करने के कारण चीन के लिए महत्वपूर्ण है। गिलगिट पर नियंत्रण के बिना चीन के ग्वादर बंदरगाह तक सीधी पहुंच असंभव हो जाएगी जो सीपीईसी का हिस्सा है। चीन सीपीईसी में 46 बिलियन डालर का निवेश कर ग्वादर को गिलगिट होकर जिनजियांग से भूमि परिवहन तथा पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ना चाहता है। इससे चीन का प्रभाव क्षेत्र गिलगिट-बाल्टिस्तान होते हुए सीधे हर्मुज की खाड़ी तक हो जाएगा। यदि पाकिस्तान इस क्षेत्र को प्रांत बना दे तो भी वह इस बात से इनकार नहीं कर सकता है कि उसने इस क्षेत्र का नियंत्रण चीन और चीनी सेना को सौंप दिया है। नवीनतम घटनाक्रम पूरे जम्मू कश्मीर पर भारतीय दावे को चुनौती देता है तथा गिलगिट में चीन की उपस्थिति से भारत के लिए खतरा और बढ़ाता है। पाकिस्तान ने अपनी ओर से एक कदम उठा लिया है और अब गेंद भारत के पाले में है।

# शेयर बाजार में बढ़ता व्यापार और निवेश

## यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि अधिकांश निवेश निर्णय शेयर बाजार में हालिया रैली से प्रभावित थे, न कि कम्पनियों के मूल सिद्धांतों से।


रंजीता अजय


अर्नब सरकार



**अर्थव्यवस्था** पिछले साल राष्ट्रव्यापी महामारी लॉकडाउन के कारण 2020-21 में अनुबंधित हुई और इसके परिणामस्वरूप औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में उच्च बेरोजगारी दर हुई। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि इसी अवधि के दौरान शेयर बाजार, व्यापार और निवेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई थी।

बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने महामारी की अवधि के दौरान अपने उच्च स्तर को देखा, जो पिछले मार्च 2020 में अपने निचले स्तर से बढ़ रहा था। नए प्रवेशकर्ता खुदरा निवेशक हैं जिनकी भागीदारी महामारी की स्थिति के बीच फलफूल रही है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2020 और जनवरी 2021 के बीच नए डीमैट खाते बढ़कर 10.7 मिलियन हो गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि शेयर बाजार के इक्विटी डिवीजन में खुदरा भागीदारी ट्रेडिंग टर्नओवर का 45 प्रतिशत है।

शेयर बाजार में इन नए खुदरा निवेशकों (जेनजेड और मिलेनियल्स का एक बड़ा हिस्सा) की इतनी आमद के पीछे क्या कारण था? बेशक, वारेन बफे, राकेश झुनझुनवाला, या द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट और हर्षद मेहता श्रृंखला जैसी फिल्मों ने उत्प्रेरक के रूप में काम किया, लेकिन प्रज्वलन का प्रमुख स्त्रोत बड़ी संख्या में नौकरी के नुकसान के कारण आय अनिश्चितता से उत्पन्न हुआ। कई लोगों ने महामारी के दौरान अपने डीमैट खाते खोले, हमें वारेन बफे के उद्धरण की याद दिलाते हुए कहा कि ''यदि आपका वेतन ही आपकी आय का एकमात्र स्त्रोत है, तो आप गरीबी से एक कदम दूर हैं।'' इन खातों को खोलने में आसानी ने भी प्रक्रिया को बढ़ावा दिया। ज़ेरोधा, अपस्टॉक्स आदि जैसी डिस्काउंट ब्रोकरेज फर्मों ने उभरते निवेशकों को कुछ ही घंटों में खाते खोलने में मदद की। निवेश जागरूकता अभियानों ने विभिन्न शेयर दलालों के साथ खाता खोलने को भी बढ़ावा दिया।इस तरह के उच्च प्रवाह का एक अन्य कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वजह से बाजार में तरलता में वृद्धि है। मार्च 2020 तिमाही में लगभग 6.4 बिलियन डॉलर की निकासी के बाद, स्नद्धद्ध ने जून और सितंबर 2020 की तिमाहियों में भारतीय इक्विटी बाजारों में फिर से प्रवेश किया। 2020 की तीसरी तिमाही के अंत में भारतीय इक्विटी में एफआईआई निवेश का मूल्य 450 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस समय उपभोग्य सामग्रियों पर कुल खर्च कम था और विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त प्रवाह ने बाजार में तरलता को बढ़ा दिया। इसलिए, मध्यम आय वर्ग के लिए शेयरों में निवेश एक आकर्षक विकल्प था।

यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि अधिकांश निवेश निर्णय शेयर बाजार में हालिया रैली से प्रभावित थे और कंपनियों के मूल सिद्धांतों से प्रेरित नहीं थे। बॉम्बे ऑक्सीजन इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (बीओएम) के शेयर की कीमत में उछाल शेयर बाजार में झुंड के व्यवहार के प्रमुख उदाहरणों में से एक था। बीओएम की कीमत आसमान छू गई जब देश भर में मेडिकल ऑक्सीजन की उच्च मांग थी लेकिन मजेदार तथ्य यह था कि बीओएम सिर्फ एक रासायनिक कंपनी थी, ऑक्सीजन का उत्पादक नहीं।

आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से वित्त जुटाने का लक्ष्य रखने वाली कंपनियों ने शेयर बाजार में खाताधारकों की संख्या में वृद्धि का फायदा उठाया। इसका कारण यह है कि सक्रिय निवेशकों की संख्या में बोली लगाने की संभावना बढ़ जाती है जिससे ओवरसब्सक्रिप्शन की संभावना में और सुधार होगा, और अंततः, उच्चतम मूल्य पर लिस्टिंग होगी। नए निवेशकों के दृष्टिकोण से, आईपीओ तेजी से लाभ कमाने वाला विकल्प है और बोली लगाने के लिए बहुत कम शोध की आवश्यकता होती है। लिस्टिंग लाभ का अनुमान लगाने के लिए केवल सामान्य बाजार भावना ही पर्याप्त है। खुदरा निवेशकों की अभूतपूर्व भागीदारी ने लगभग हर आईपीओ को खुदरा श्रेणी से ओवरसब्सक्राइब किया। महामारी की अवधि के दौरान, बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2020 और 2021 में क्रमशः र 20,350 करोड़ और र 31,265 करोड़ जुटाए।

आईपीओ का ट्रेंडिंग क्रेज पिछले साल अजीबोगरीब था (हालांकि इस साल भी यही ट्रेंड चल रहा है)। एक सामान्य, पूर्वकल्पित धारणा से, हम अपने तर्क को सही ठहरा सकते हैं कि अच्छे वित्तीय रिकॉर्ड और भविष्य के विकास के अवसरों वाली कंपनियों को प्राथमिक बाजार से प्रभावशाली प्रतिक्रिया मिलनी चाहिए। लेकिन अगर हम हाल के आईपीओ डेटा को देखें, तो बर्गर किंग या बीबीक्यू नेशंस (13 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन के साथ) जैसी घाटे में चल रही कंपनी के लिए खुदरा सदस्यता लगभग 68 गुना थी, और यह भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) के लिए केवल 3.6 गुना थी। ) जो साल-दर-साल लाभ कमाता है और उम्मीद है कि इसकी लाभप्रदता में और सुधार होगा। दिलचस्प बात यह है कि 1.5 साल बाद भी, ढ्ढक्रस्नष्ट के शेयरों ने सेकेंडरी मार्केट में तेजी नहीं दिखाई, जबकि रेलटेल के आईपीओ ने सरकार समर्थित कंपनी होने के बावजूद प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों बाजारों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

आईपीओ लॉन्च करने वाली कंपनियों के लिए कोई रणनीति तैयार करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि खुदरा निवेशकों की मानसिकता को डिक्रिप्ट करना लगभग असंभव है। लेकिन हर बार हर आईपीओ शहर में चर्चा का विषय था। शायद इसलिए कि नए निवेशक बहुत तकनीक-प्रेमी हैं और वे हमेशा विभिन्न माध्यमों से इन आईपीओ की समीक्षा और वित्तीय विश्लेषण पर नजर रखते हैं। इसलिए, प्राथमिक बाजार से समग्र प्रतिक्रिया जारी करने वाली कंपनियों के लिए फायदेमंद थी। लेकिन निवेशकों के लाभ के बारे में क्या (खुदरा निवेशक, क्योंकि वे चर्चा का मुख्य केंद्र हैं)? खैर, यह निवेशकों और कंपनियों दोनों के लिए फायदे की स्थिति थी। लिस्टिंग गेन की बात करें तो 40 में से 29 कंपनियों (हाल ही में लिस्टेड आईपीओ को छोड़कर) ने औसतन 42 फीसदी रिटर्न दिया। और सभी 11 कंपनियां जो लिस्टिंग लाभ उत्पन्न नहीं कर सकीं, वे पहले से ही रिटर्न दे रही हैं (15 जुलाई, 2021 तक)। इसका मतलब है कि पिछले साल की हर लिस्टिंग ने कम से कम कुछ रिटर्न दिया (न्यूनतम लाभ का आंकड़ा 29 प्रतिशत है; एसबीआई कार्ड्स)। आईपीओ से एक साल का रिटर्न मापना मुश्किल होगा, क्योंकि पिछले साल के पहले छह महीनों में केवल एक कंपनी आईपीओ लेकर आई थी। इसलिए, अगर हम पिछले साल के आईपीओ पर विचार करें, तो औसत रिटर्न 202 फीसदी है। लेकिन यह मान लेना अनुचित है कि सभी को इन सभी आईपीओ का आवंटन मिला है। इसलिए, लिस्टिंग मूल्य से, यदि हम रिटर्न की गणना करते हैं, तो यह लगभग 118 प्रतिशत है।

एक दिलचस्प निष्कर्ष यह निकाला जा सकता है कि पिछले साल जिन कंपनियों को आईपीओ की कीमत से अधिक कीमत के साथ सूचीबद्ध किया गया था, वे सभी जुलाई 16,2021 तक सकारात्मक रिटर्न दे रही हैं। इसलिए, मूल्य निवेश के दृष्टिकोण से, निवेशकों को लगता है, ये कंपनियां लंबी अवधि में उनके लिए एक अच्छा दांव हैं।

हालांकि, खुदरा निवेशकों के लिए एक प्रवृत्ति है जो आईपीओ आवंटन प्राप्त करते हैं, लिस्टिंग के दिन ही मध्यम लिस्टिंग लाभ के साथ स्थिति को समाप्त कर देते हैं। कुछ कंपनियों के कुछ अलौकिक लिस्टिंग लाभ के प्रसार के साथ, उदाहरण के लिए, इंडिगो पेंट्स, जिसे 109 प्रतिशत रिटर्न के साथ सूचीबद्ध किया गया था, या हैप्पीस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज, जिसे 123 प्रतिशत रिटर्न के साथ सूचीबद्ध किया गया था, संभावित निवेशकों को इक्विटी में प्रवेश करने की प्रेरणा मिलती है। बाजार। उसी समय, कुछ सक्रिय निवेशक उचित विश्लेषण के बिना अगले आईपीओ के लिए उग्र रूप से बोली लगाते हैं। पहला परिणाम अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है।

# भारत में मौसम का पूर्वानुमान

“भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी आधिकारिक रूप से साल को जनवरी-फरवरी में जाड़े के मौसम, मार्च-मई में मानसून पूर्व, जून-सितंबर में मानसून तथा अक्टूबर-दिसंबर में मानसून पश्चात में विभाजित करता है। इससे मानसून का महत्व स्पष्ट होता है।”


प्रियदर्शी दत्ता
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)

कभी नहीं से देर भली, के अनुसार आखिरकार मानसून दिल्ली-एनसीटी में आ गया। मानसूनी बरसात का पूर्वानुमान भारतीय जलवायु का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम है। ऐसे देश में बरसात का महत्व कम नहीं आंका जा सकता है जहां अब भी आधी जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी आधिकारिक रूप से साल को जनवरी-फरवरी में जाड़े के मौसम, मार्च-मई में मानसून पूर्व, जून-सितंबर में मानसून तथा अक्टूबर-दिसंबर में मानसून पश्चात में विभाजित करता है। इससे मानसून का महत्व स्पष्ट होता है। आईएमडी का आदर्श वाक्य-आदित्य जायते वृष्टि, अर्थात सूर्य बरसात का कारण है जो मौसम चक्र का उष्णकटिबंधीय आधार स्वीकार करता है।

उष्णकटिबंधीय जार्जियन कैलेंडर साल को चार मौसमों वसंत, गरमी, पतझड़ व जाड़े में बांटता है। लेकिन भारत में वास्तव में ज्यादा मौसम होते हैं जिनका वर्णन ऋग्वेद संहिता, चरक संहिता या कालिदास के ऋतु संहार में मिलता है। यहां 6 मौसम होते हैं- वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत तथा शिशिर।

भारतीय मौसम विज्ञान से अपरिचित नहीं थे। लेकिन जैसा कि वाराहमिहिर की वृहत संहिता से स्पष्ट होता है, इस विषय पर प्राप्त जानकारी को खगोलविज्ञान, कहावतों तथा अशुभ संकेतों से जोड़ दिया गया था। मौसम विज्ञान का आधुनिक विज्ञान पूर्णतः अच्छी तरह रेखांकित उपकरणों पर आधारित है। अंग्रेजों ने सबसे पहले भारत में मौसमविज्ञान आब्जरवेटरी या पर्यवेक्षण केन्द्र स्थापित किए थे। उन्होंने अनेक प्रकार के उपकरण इस क्षेत्र में प्रयोग किए थे जिनमें बैरोमीटर, थर्मामीटर, वर्षा मापी, वायु मापी, एनिमोमीटर, एलेक्ट्रोस्कोप, एलेक्ट्रोमीटर, ओजोनोमीटर, क्लाउड रिफ्लेक्टर, सनशाइन रिकार्डर तथा प्लूवियोमीटर का प्रयोग उन्नीसवीं शताब्दी में होता था। कोलाबा आब्जरवेटरी की स्थापना 1823 में हुई थी जिसने 1842 के बाद मौसमविज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान किया। इसमें जार्ज बिस्ट, आर्थर ओर्लेबार, चार्ल्स मोंट्रियू, फर्गुसन, विलियम मोरलैंड व चार्ल्स चैंबर्स जैसे उल्लेखनीय मौसम वैज्ञानिकों ने काम किया।

त्रावणकोर के राजा ऐसे पहले भारतीय शासक थे जिन्होंने थिरुअनंतपुरम में आब्जरवेटरी के लिए पैसा दिया। इस आब्जरवेटरी की एक शाखा 6,200 फीट ऊंची पहाड़ी अगस्त्य मूल में शुरू हुई थी जहां हर घंटे



वातावरण दाब, तापमान, आर्दता व वाष्पीकरण का मापन होता था। पूरे भारत में मौसमविज्ञान आब्जरवेटरी स्थापित की गई। 1863 में थामस ग्लेशर द्वारा तैयार रिपोर्ट में व्यापक आधार पर मौसमविज्ञान आब्जरवेटरी स्थापित करने की पैरवी की गई थी। कोलकाता में 1864 के विनाशकारी समुद्री तूफान ने वहां बंदरगाह तथा उसमें खड़े जहाजों को नष्ट कर दिया था। इसके बाद बंगाल में 1866 में अकाल पड़ा। इन घटनाओं ने भारत में ऐसी योजना को शासन करने का अभिन्न अंग बना दिया। 1865 व 1874 में पांच प्रांतीय मौसमविज्ञानी व्यवस्थायें बनाई गईं जिससे भारत का एक तिहाई क्षेत्र कवरेज में आ गया। ये प्राचीन व्यवस्थायें बिना किसी समन्वय के काम करती थीं अतः वे भारत के मौसम पैटर्न की सही तस्वीर पेश करने में विफल रहीं। इसलिए 1875 में एक समन्वित दृष्टिकोण से आईएमडी की स्थापना हुई। बंगाल सरकार के मौसम रिपोर्टर एच.एफ ब्लानफोर्ड नवोदित आईएमडी के प्रमुख बनाए गए। ब्लानफोर्ड मूलतः प्रेसीडेंसी कालेज, कोलकाता में नेचुरल साइंसेज़ के प्रोफेसर थे। उन्होंने पूरे भारत में मौसमविज्ञान आब्जरवेटरी की सुनियोजित व व्यापक व्यवस्था स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। 1878 में सरकार ने मानसून मौसम के चरित्र पर पूर्वानुमान प्राप्त करने की इच्छा प्रकट की। इसलिए आईएमडी ने भारत और बर्मा के सभी हिस्सों से रोज मौसम के बारे में टेलीग्राम प्राप्त करने तथा उनके आधार पर सरकार के लिए पूरे भारत के मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था बनाई। रोज मौसम रिपोर्ट का प्रकाशन होता था। ब्लैनफोर्ड ने उन स्टेशनों की संख्या बढ़ा कर दैनिक मौसम रिपोर्ट में सुधार का प्रयास किया जहां से टेलीग्राम प्राप्त होते थे। आब्जरवेटरी की संख्या बढ़ाने के साथ ही कोलकाता व बंबई में प्रवेश करने वाले जहाजों के लॉग से मौसम की जानकारी प्राप्त होती थी। धरती की सतह को गरम करने की सूरज की शक्ति के सटीक मापन व उसमें परिवर्तनों की जानकारी के लिए सौर पर्यवेक्षणों की व्यवस्था की गई। 1878 तक भारत में 103 आब्जरवेटरी काम कर रही थीं जिनकी संख्या 1885 में बढ़ा कर 128 कर दी गई। इसके अतिरिक्त बंगाल में 22 आब्जरवेटरी स्थापित की गई जो प्रांतों से टेलीग्राफिक मौसम रिपोर्टें प्राप्त करती थीं। आईएमडी ने 1906 में क्लाइमेटोलाजिकल एटलस आफ इंडिया प्रकाशित की जिसके अनुसार टेलीग्राफिक रिपोर्टें तैयार करने की व्यवस्था बनाने के साथ ही 1880 में भारत के पश्चिमी तट पर स्थित बड़े बंदरगाहों में तूफान की चेतावनी देने की व्यवस्था हुई थी। जुलाई, 1884 में नर्मदा व ताप्ती नदियों की भयानक बाढ़ ने बड़े क्षेत्रों को प्रभावित किया। इसके बाद आईएमडी ने बाढ़ पूर्वानुमान व्यवस्था विकसित की। 1885 में दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी बरसात का पहला पूर्वानुमान किया गया जिसके बाद वार्षिक मानसून पूर्वानुमानों की श्रृंखला शुरू हुई।

अरबी शब्द माउसिम या मौसम से बने मानसून का अर्थ समुद्र से जमीन की ओर आने वाली या समुद्र तट पर चलने वाली हवायें है, अतः समुद्रों पर विचार किए बिना हर साल हवाओं में परिवर्तन की पूरी तस्वीर नहीं मिल सकती है। 1888 में ब्रिटिश सरकार ने दैनिक मौसम रिपोर्ट तथा भारत में मानसून क्षेत्र का चार्ट बनाने की व्यवस्था की जो मुख्यतः समुद्री मौसमविज्ञानी डेटा पर आधारित थे। इसके लिए जहाजों के लॉग तथा फारस व अरब में स्थापित मौसमविज्ञान आब्जरवेटरी से सूचनायें प्राप्त करने की औपचारिक अनुमति दी गई। इन रिपोर्टों में बहुत दिलचस्पी ली गई और इनको 1899 तक लगातार प्रकाशित किया गया। इसके साथ ही भारतीय सर्वेक्षण के काम से भारतीय भूगोल के बारे में सूचनाओं की वृद्धि हुई जिसने मानसून का सही रास्ता

## फरमाया




**हम** बगैर विफल हुए बहुदलीय आम चुनाव कराएंगे तथा निकट भविष्य में पिछले चुनाव के निष्कर्षों के बारे में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को जानकारी देंगे।

**- सेन जेन मिन आंग हिलैंग**
म्यांमार के कमांडर इन चीफ



**यदि** ये कहा जाए कि मेरे द्वारा राजनीति त्यागने का संबंध मंत्रालय छिन जाने से है तो हां कुछ हद तक यह सत्य है।

**- बाबुल सुप्रियो**
पूर्व केंद्रीय मंत्री



**कौन** कहां जा रहा है, इस पर मैं क्यों टिप्पणी करूं? राजनीति में प्रवेश करना या उसे छोड़ देना व्यक्ति की पसंद पर निर्भर होता है।

**- दिलीप घोष**
पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## तीसरी लहर से बचें

**कोविड-19** जो चीन के वुहान से शुरू होकर सारी दुनियां में फैलकर लाखो लोगो को निगल गया। कोरोना का दूसरा रूप डेल्टा वायरस की दूसरी लहर का शिकार लाखो लोग हो गए। देश के केरल ,महाराष्ट्र, तमिलनाडु कर्नाटक आदि राज्यो में कोरोना के मामले बढ़ रहे है। भारत मे कोरोना का डेल्टा रूप 124 देशो में हो गया है।बढ़ता ही जा रहा है। सरकार को तीसरी लहर से बचाने के लिए गैर औषधीय विकल्पों में कठोरतम उपाय खोजना चाहिये। चीन ने कोरोना से बचाव के लिये कठोरतम व व्यापक पूर्ण सुरक्षा उपाय लागू किये हैं। कोरोना के डेल्टा वायरस ने चीन के नानजिंग प्रान्त में सैकड़ों मामले पाये जाने पर उसे पूर्णतया सील कर दिया गया है। वही भारत मे इस वायरस से बचाव के लिये मास्क और टीकाकरण को चिकित्सा विशेषज्ञों ने जरूरी बताया है। सरकार द्वारा लोगो से भीड़ भाड़ से बचाव और शारीरिक दूरी बनाए रखने की सलाह और मास्क लगाने की ओर आम लोग ध्यान दे नही रहे है। अनेक देशों में डेल्टा वायरस के बढ़ने के कारण उड़ानों पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। आक्सफोर्ड और ग्वांगडोंग के संयुक्त अध्ययन में डेल्टा वायरस संक्रमित व्यक्ति पहले से संक्रमित व्यक्ति वायरस का हजार गुना बढ़ जाता है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

## चीन का ओलम्पिक राज

**पिछले** कई दशकों से चीन ने हर क्षेत्र में चहल कदमी शरू का दी है, फिर चाहे वो स्पेस हो या फिर ओलिंपिक में स्वर्ण पदक को जीतने में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बने रहना। चीन को खड़ा करने वाले कम्युनिस्ट नेता माओ ने, अपने पहले लेख में लिखा कि चीन को एशिया का बीमार देश माना जाता है और हमने इसे अपने ताकत में बदलना होगा। शायद इसी का नतीजा है, चीन अपनी ताकत को न सिर्फ एशिया बल्कि सम्पूर्ण विश्व में मजबूत करने के लिए साम, दाम, दंड भेद सभी का सहारा लेता आया है। यही कारण है कि ओलम्पिक में भी चीन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, हम सब को आश्चर्यचकित करता है। चीन बड़े ही चालाकी से सिर्फ उन खेलों पर ही ज्यादा जोर देता है, जिसपर पश्चिम के देश कम खर्च करते हैं।जिससे बड़े ही असानी से वो स्वर्ण पदक जीत लेता है। वो उन खेलों पर अधिक जोर देता है, जिसमें एक से अधिक स्वर्ण पदक मिलते हो, नतीजतन वर्ष 1984 में 75 प्रतिशत ओलिंपिक स्वर्ण पदक, सिर्फ छः खेलों से ही जीते हैं। जिनमे कि जिमनास्टिक, वेट लिफ्टिंग, डाइविंग, शूटिंग और टेबल टेनिस है। चीन, स्वर्ण पदक के लिए ग्यारह साल के बच्चों की व्यवस्थित तरीके से डोपिंग करता है, जिसका नतीजा हमारे सामने है।

**- अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

## चुनौती बनता तालिबान

**तालिबान** भारत की क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अमेरिकी सेनाओं के वापस चले जाने के बाद जिस प्रकार से अफगानिस्तान में तालिबान अपनी जड़ें जमाता जा रहा है यह भारत की क्षेत्रीय कूटनीति के लिए एक चुनौती है जिसे हमें गम्भीरता के साथ हल करना होगा। पड़ोस में ऐसे क्रूर कट्टरपंथी समूह की हुकूमत खतरनाक है। यह इसीलिए जरूरी है क्योंकि तालिबान का इतिहास बाज़ के खूनी पंजों की भांति रहा है जो शान्ति के कपोतों को अपना भोजन समझता है। मई 2021 जब से अमेरिकी सेना ने पुनः स्वदेश वापसी की तब से अब तक तालिबान ने अफगानिस्तान के 407 जिला केन्द्रों में से 195 से अधिक पर अपना आधिपत्य स्थापित किया है जिससे इस बात को बल मिलता है कि उसका लक्ष्य मात्र अफगानिस्तान ही नहीं अपितु समूचे दक्षिण एशियाई राजनीति में अपना एक विशेष स्थान बनाना है जिसके लिए वह पाकिस्तान का सहयोग लेकर रूस और चीन को विश्वास में ले रहा है जिससे भारत की चिन्ता और भी बढ़ जाती है।

**- पारस जैन,** मेरठ

# पत्नि मानने से इनकार करने पर बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने के निर्देश दिए

## आयोग के समक्ष झूठा न्यायालय आदेश दिखा आयोग को गुमराह करने पर होगी एफ आई आर

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने शास्त्री चौक, रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिलाओं से सम्बंधित प्रकरणों पर आज जनसुनवाई आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने नवनियुक्त सदस्यगण सुशशिकांता राठौर, नीता विश्वकर्मा, अर्चना उपाध्याय के साथ की।




सुनवाई के एक प्रकरण में उपस्थित अनावेदक गणों ने बताया कि थाना पटेवा, जिला महासमुंद में अनावेदिका महिला ने आवेदिका महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है जबकि आवेदिका ने एफआईआर दर्ज होने के बाद आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया इसी तरह एक अन्य प्रकरण मे एफआईआर दर्ज होने की सूचना आयोग को दिया गया जिसमें आवेदिका और उसके पति के खिलाफ धारा 294, 306 का अपराध दर्ज किया गया है। उसके बाद आवेदिका ने आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। महिला आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर होने के कारण प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया । साथ ही आवेदिका ने निवेदन किया कि इन अनावेदकगणों के खिलाफ उनकी ओर से किसी भी प्रकार से एफआईआर दर्ज नही किया जा रहा है और किसी भी प्रकार से सुनवाई नही हो पा रही है। आयोग द्वारा समझाइश दिया गया कि भविष्य में इन अनावेदकगणों के द्वारा यदि कोई आपराधिक कृत्य किया जाता है और थाना में आवेदन करने पर भी एफ आई आर दर्ज नही करते हैं,तब ऐसी दशा में आयोग के समक्ष थाना प्रभारी और अनावेदकगणों को पक्षकार बनाते हुए आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका और एक अनावेदक उपस्थित शेष अनावेदक की उपस्थिति के लिए थाना प्रभारी, खरोरा को अलग से सूचना भेजने के निर्देश दिए गए। पुलिस अनावेदक की तफ्तीश कर जैसे ही मिले उसे आयोग के समक्ष उपस्थित करने निर्देशित किया गया है, ताकि आवेदिका और उसके पति को नौ लाख रुपये की प्रक्रिया का समाधान किया जा सके। थाना प्रभारी खरोरा को 15 दिवस के भीतर अपना रिपोर्ट भेजने कहा गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक द्वारा घर से बेघर किये जाने की बात कही है। वह पिछले कई दिनों से भटक रही है और उनके स्वयं के मकान में ताला लगा है। इस पर अनावेदक ने बताया कि उसने मकान का ताला बंद करके चाबी दे दिया है और किसी भी तरह से कब्जा नही किया है। अनावेदक को समझाइश दिया गया कि वह आवेदिका और उसके अन्य सन्तानो के आस पास पहुँचकर उन्हें परेशान न करे। आवेदिका पुलिस थाने में और आयोग के समक्ष भी शिकायत कर सकेगी। चूंकि अभी आवेदिका को मकान का कब्जा मिल जाने के बाद प्रकरण को निराकृत किया जाएगा। आवेदिका पहले अपने घर का कब्जा ताला तोड़कर ले। आयोग की इसकी सूचना देने कहा गया आगामी सुनवाई में थाने के माध्यम से आवश्यक रूप से उपस्थित कराने कहा गया जिससे ऐसी घटना पर कार्यवाही किया जा सके। इसी तरह एक प्रकरण में अनावेदक ने बताया कि बी.ई.एम.बी.ए. तक शिक्षित है और कोरबा में सीएसईबी में बाबू के पद पर कार्यरत हैं। उसका मासिक वेतन 30,000 रुपये है। साथ ही उन्होंने बताया कि उसके और पत्नी का मामला न्यायालय में लंबित है। न्यायालय के आदेश से 6,500 भरण पोषण राशि देने का उल्लेख है। उच्चतम न्यायालय में भरण पोषण देने का स्टे लगा है कहकर अनावेदक ने जो कागज दिखाया उसमे स्थगन आदेश को कोई उल्लेख नही है, तथा कभी भी उच्चतम न्यायालय भरण पोषण राशि हेतु स्थगन आदेश नही देता है। इस स्तर पर अनावेदक से उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति मांगी गयी जिसमे स्टे दिए जाने का कोई उल्लेख नही है इससे स्पष्ट है कि अनावेदक आवेदिका को भरण पोषण देने से बचने की कोशिश कर रहा है।

# जिले मे मनाया जा रहा है विश्व स्तनपान सप्ताह

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वर्ल्ड ब्रेस्ट फिडिंग बच्चों के स्वास्थ्य और ब्रेस्ट फीडिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ये सप्ताह मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 से 07 अगस्त तक माह का प्रथम सप्ताह 'विश्व स्तनपान सप्ताह' के रूप में मनाया जा रहा है। शिशु के लिए स्तनपान सर्वोत्तम आहार तथा शिशु का मौलिक अधिकार है। मां का दूध शिशु के लिए मानसिक विकास, शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए के आवश्यक है। जिन शिशुओ को एक घण्टें के अन्दंर स्तनपान नही कराया जाता है उनमे नवजात मृत्यु दर की संभावना 33 प्रतिशत अधिक होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2021 'विश्वस्तनपानसप्ताह' का थीम है:- स्तनपान की रक्षा-एक साझी जिम्मेदारी `Protect Breast feeding: A Shared Responsibility, इस वर्ष की थीम इस बात पर जोर देती है कि स्तनपान पूरी दुनियाभर में सभी के अस्तित्व और देखभाल में अपना योगदान दे रहा है। इसलिए स्तनपान की सुरक्षा पूरी मानव जाति की जिम्मेदारी है। स्तनपान सप्ताह के मुख्य बिन्दुः-मां के दूध मे शिशु की आवश्यकतानुसार पानी होता है, 6 माह तक उपर से पानी देने की आवश्यकता नही है। स्तनपान स्तनकैंसर से होने वाली मृत्यु को भी कम करता है।

विभिन्न शोध मे यह स्पष्ट हो चुका है कि स्तनपान से न केवल शिशुओ और माताओं बल्कि समाज और देश को भी कई प्रकार के लाभ होते है। कोविड-19 के दौरान सुरक्षित तरीके से स्तनपान कराया जा सकता है। शिशु के जन्म के तुरंत बाद निकलने वाला मां का पहला दूध कोलोस्ट्रम, बच्चे के लिए पहले टीके की तरह है, जो विटामिन ए और एंटीबॉडी युक्त होता है। स्तनपान बच्चों में श्वसन पथ के संक्रमण, मधुमेह, दस्त, युरिनरी इन्फेक्शन एवं एलर्जी रोगों से भी बचाता है। स्तनपान से बच्चे का आईक्यु को भी बड़ाता है। माताओं में स्तनपान कराने से बड़ा हुआ वजन नियंत्रित होता है, इसके अलावा फिडिंग से महिला का मधुमेह, हाईपर टेंशन और पोस्टपार्टम डिप्रेशन जैसी समस्याओं से बचाव होता है। स्तनपान को बड़ावा दिये जाने हेतु IMS ACT (INFANT MILK SUBSTITUTE FEEDING BOTTLE AND INFANT FOOD) लागू किया गया है, जो दो साल तक के बच्चो के लिए प्रचार किये जाने वाले खाद्य पदार्थो के सभी रूपो पर व्यापक रूप से प्रतिबंध लगाता है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा एवं कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने 'स्वावलंबन रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना रवाना

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, यूडीआईडी पंजीयन, दस्तावेजों के संकलन के लिए विशेष अभियान का शुभारंभ 2 अगस्त सोमवार को कलेक्ट्रेट परसिर में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा एवं कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा द्वारा 'स्वावलंबन रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना ने बताया कि दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं उन्हें विशिष्ट पहचान (यूडीआईडी) प्रदान करने के लिए दस्तावेजों के संकलन के लिए इस माह विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है और माह अगस्त को स्वावलंबन मास के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वावलंबन रथ कबीरधाम जिले के चारो विकासखण्डों और जिले के सभी नगरीय निकायों में भ्रमण करते हुए दिव्यांगजनों के शत्-प्रतिशत् प्रमाणीकरण एवं उन्हे विशिष्ट पहचान (यूडीआईडी) प्रदान करने के लिए यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजो का संकलन करेगी ताकि जिले में निवासरत् दिव्यांगजनों को पात्रतानुसार शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।




# अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना- 2 दम्पत्तियों को 5 लाख रु. स्वीकृत

**बेमेतरा।** प्रदेश के आदिम जाति तथा अनुसुचित जाति विकास विभाग द्वारा अस्पृश्यता निवारण हेतु अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना नियम 1978 के तहत विवाह करने वाले दम्पत्ति को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 मे बेमेतरा जिले के 2 दम्पत्ति को संयुक्त रूप से ड़ाई-ड़ाई लाख रूपए के मान से 5 लाख रु. की राशि स्वीकृत किये गये है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बेमेतरा ने बताया कि इनमें क्रमशः-पूर्णानंद साहू ग्राम-जेवरी, तह-बेमेतरा एवं कु. रीना मारकण्डे को ढाई लाख एवं अरुण कुमार टण्डन ग्राम व पोस्ट-बेमेतरा एवं रानी साहू को ढाई लाख रुपये की स्वीकृत की गई है।

ज्ञातव्य हो कि समाज में जाति, पाति, ऊंच-नीच के आधार पर अनुसूचित जाति के लोगों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार को समाप्त करने के उद्देश्य से नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम-1955 में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का प्रावधान किया गया है। कानून द्वारा विवाह हेतु निर्धारित न्यूनतम आयु प्राप्त अनुसूचित जाति के लड़के अथवा लड़की द्वारा सामान्य वर्ग (संवर्ण) के लड़की अथवा लड़के से विवाह करने पर हितग्राही की पात्रता होगी।

# गांधी के पदचिह्नों पर ही देश आगे बढ़ सकता है : जमील

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, आचार्य नरेंद्रदेव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति, चंद्रशेखर फाउंडेशन एवं समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के संयुक्त तत्वावधान में देश की आजादी के संघर्ष में महात्मा गांधी के नेतृत्व में मील का पत्थर रहे असहयोग आंदोलन की 101 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के तौर पर अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी के पदचिह्नों पर चल कर रही देश आगे बढ़ सकता है। आज भी उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की जरूरत है। इन दिनों आम आदमी सड़क पर आ गया है। ऐसे लोगों को उपर उठाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए। सजपा नेता अब्दुल फरीद ने कहा कि वर्तमान सरकार महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने का दंभ तो भरती है किंतु सरकार के कुछ लोग गांधी विरोधी हैं। उन्होंने पेगासस मामले की निंदा की और इसे राष्ट्रीय आचरण के विरुद्ध निरुपित किया। पत्रकार-लेखक विक्रम जनबंधु ने कहा कि असहयोग आंदोलन की शुरूआत तो उसी दिन हो गई थी,जिस दिन गांधी को रेलवे टीटीई ने ट्रेन के फर्स्ट क्लास से नीचे फेंक दिया था। असहयोग आंदोलन के रास्ते ही आजादी के संघर्ष को नया आया मिला था। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के अध्यक्ष व आयोजक आर पी शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता प्राप्ति के लिए किसान, उद्योग एवं जनमानस के विकास को रेखांकित करने वाले आंदोलन को ध्वस्त कर दिया गया। संसद में जनहित के मुद्दों को उठाने वालों की आवाज दबाई जा रही है। धर्म के नाम पर सत्ता तो लाई जा सकती है लेकिन चलाई नहीं जा सकती।



# ठाकुर जी की फूलबंगला झॉकी का दर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



युगल सरकार की फूलबंगला झॉकी सजेगी जिसमें ठाकुर जी के फूल के ही वस्त्र, गहने, झूला, श्रृंगार होंगे। चारों ओर फूलों की ही छटा होगी। ठाकुर जी को कलेवा भी कराया जायेगा। हर्षण कुंज साजा में 28 जुलाई से चल रहे सावन झूला उत्सव का फूल बंगला की झॉकी के साथ विराम होगा। झूला उत्सव प्रसंग पर प्रकाश डालते हुये महंत वैष्णवदास जी महाराज ने कहा कि अनंत ब्रह्माण्ड ही एक झूला है जिसमें जगत के सारे जीव झूल रहे हैं। संसार के प्राणी माया के झूले में झूल रहे हैं। जानकी जीवन लालजू भक्ति महारानी के साथ झूला झूल रहे हैं। प्राणियों को संसार के तो झूले का दर्शन होता है परंतु भगवान के झूले का दर्शन उसी बड़भागी को होता है जिस पर ठाकुर जी की कृपा होती है।

जनकलली जॅह झूले झूला। मणिपर्वत सुंदर सुख मूला। कोटि जनम तप किये होय दर्शन अधिकारी है। मेरो अवधधाम ब्रह्माण्ड मुकुटमणि मंगलकारी है। महाराज जी ने कहा यहॉ साजा में झूलन सुख प्रदान कर रहे ठाकुर जी साकेतधाम के ही राम जी और किशोरी जी हैं जो हम जीवों का कल्याण करने सहज ही दर्शन लाभ प्रदान कर रहे हैं। प्रत्येक जीव को यह आनंद नहीं मिलता। जिस प्रकार हम लोग वस्तुओं के ढेर से अपनी रूचि के अनुसार अच्छी वस्तुओं का चुनाव करते हैं उसी प्रकार ठाकुर जी भीड़ में से अच्छे लोगों को चुनकर यहॉ आने की प्रेरणा देते हैं। यहॉ आये हम सभी बड़भागी हैं जिन पर भगवान की कृपा हुयी है। संत भगवानदास जी ने कहा कि प्रत्येक घर में भजन, कीर्तन, सतसंग, भण्डारा आदि होना चाहिये ये प्रभु से जुड़ने के साधन हैं। इनसे हमारा जीवन परिमार्जित होता है जीवन में अच्छे संस्कार आते हैं। संत सेवा से धन की शुद्धि होती है। स्वयं भगवान संत सेवा कर प्रसन्न होते हैं। हमारे जीवन में किसी संत का आगमन हो जाये तो कल्याण निश्चित है। साजा, थानखम्हरिया, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा आदि स्थानों के श्रद्धालु झूलोत्सव का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

# मनुष्य शरीर भगवान की सर्वोत्तम कृति : संतोषीलाल

**थानखम्हरिया।** मानव देह साधना देह है इस देह के लिये देवता भी तरसते हैं। मनुष्य को स्वर्ग से देखकर देवता ईर्ष्या करते हैं। देवताओं को भक्ति करने का अधिकार नहीं है वे केवल किये हुये पुण्यों का केवल भोग कर सकते हैं। मानव के अलावा शेष योनियॉ भोग योनि है। मानव काया ईश्वर की सर्वोतकृष्ट रचना है। संत संतोषी लाल पाराशर ने नगर में आयोजित सतसंग में मानव देह की महिमा बताते हुये कहा कि 'साधन धाम मोक्ष कर द्वारा' मानव देह दुर्लभ देह है। चौरासी लाख योनियों में भटकने के बाद मानव का यह दुर्लभ देह मिला है जो केवल भगवान की भक्ति के लिये है परंतु मनुष्य संसार में आते ही माया के इतना वशीभूत हो जाता है कि भगवान को भूल जाता है। अधिकांश जीव इस मानव योनि में जो काम नहीं करने चाहिये उसी में रत रहते हैं और जो काम करना चाहिये उसका विस्मरण कर देते हैं। भगवान ने हमें शरीर दिया ताकि हम आत्मकल्याण के साथ सेवा का परम धर्म भी निभा सकें। मंदिर के जिस विग्रह को हम पूजते हैं वह मनुष्य द्वारा निर्मित होती है।



# जनपद पंचायत बेमेतरा एवं नवागढ़ में चारा उत्पादन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की ग्राम सुराजी योजना के अंतर्गत गोठानों में पशुओं को वर्षभर हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा, पशुपालन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जनपद पंचायत बेमेतरा तथा नवागढ़ ब्लॉक में स्वसहायता समूह की महिलाओं को वर्षभर चारा उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।





दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दौरान बेमेतरा ब्लाक के 47 ग्राम पंचायतो की 47 स्वसहायता समूह को एवं नवागढ़ ब्लाक के 45 ग्राम पंचायतो की 45 स्वसहायता समूह को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन स्वसहायता समूहो की उपस्थिति और अधिक हुई।इस प्रशिक्षण में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा डॉ. जी. पी. आयम के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, इ. जितेन्द्र जोशी ने चारा उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। इसमें वर्षभर चारा उत्पादन के विषय पर विस्तार से प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण दिया गया। खरीफ की मुख्य चारा फसल जैसे-नेपियर, ज्वार, मक्का, लोबिया, रबी मौसम में बरसीम, जई एवं जायद में सोरघम सूडान के उत्पादन की वैज्ञानिक विधि पर प्राकश डाला गया। जनपद पंचायत नवागढ़ में कृषि विज्ञान केन्द के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा वर्मी कम्पोस्ट बनाने की तकनीक पर भी प्रकाश डाला।

## अकबर ने सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के 36 सरपंचों से की चर्चा

# बेहतर तालमेल और सामंजस्य से कार्य कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में लाएं गति : अकबर

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर स्थित अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के सरपंचो तथा सचिवों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के, कवर्धा एसडीएम विनय सोनी, उप संचालक पंचायत राज तिवारी, जनपद सीईओ नरेन्द्र शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।




वन मंत्री अकबर कबीरधाम जिले के सरपंच और सचिव से लगातार संपर्क कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास के काम काज के साथ-साथ पंचायत स्तर पर कोविड-19 कोरोना वायरस के संभावित तीसरी लहर की तैयारियों की भी जानकारी ले रहे है। अकबर इससे पहले कवर्धा जनपद पंचायत के सभी ग्राम सरपंचों और सचिव से रूबरू हो चुके हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 36 ग्राम पंचायत शामिल हुए। वन मंत्री अकबर ने ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव से एक-एक कर चर्चा की और संबंधित ग्राम पंचायत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ वहां संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्हांने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के बेहतर क्रियानवयन की भी जानकारी ली।

मंत्री अकबर ने कहा कि ग्राम पंचायत, ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होने संबंधित सरपंच और सचिवों से चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए आपस में बेहतर तालमेल और सामंजस्य बना कर शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को संपादित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है, तो सीधे जनपद सीईओ से संपर्क कर उन्हें अवगत कराएं। प्राथमिकता के साथ समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्हांने कहा कि ग्राम पंचायतें अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से गाँव में विकास कार्यों को संचालित करती हैं जैसे नियोजन एवं विकास समिति, निर्माण एवं कार्य समिति, शिक्षा समिति, जल प्रबंधन समिति समेत अनेक समितियाँ होती हैं, जो ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों की देखरेख करती हैं।

मंत्री अकबर ने जिला पंचायत स्तर पर सरपंचों के द्वारा मांग किए गए सभी रोजगारमूलक कार्यों का परीक्षण उपरांत स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। शासन स्तर से स्वीकृति मिलने वाली बड़े कार्यों का प्रस्ताव भी भेजने के लिए निर्देशित किया।

# निर्मला स्कूल की तृप्ति साहू ने रचा कीर्तिमान सर्वाधिक अंक प्राप्त कर किया सीबीएसई 10वी में टॉप

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं के परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें नगर के निर्मला स्कूल की छात्रा तृप्ति साहू ने सर्वाधिक अंक 97.4त्न प्राप्त कर नगर के साथ जिले में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर गगनप्रीत कौर 96.2 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर शिबू अब्राहम 95% अंक अर्जित किए। इसके साथ ही निर्मला स्कूल के देवव्रत, कृति नायक, चारू जैन, नौरीन बानो, गीतांशु चंद्राकर,जैनिस जोसेफ, सिद्धि सोरी, रूपाली सिन्हा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए। निर्मला स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सपना वर्गिस ने बताया इस वर्ष कुल 110 छात्रों ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा दी। जिसमे शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए और सभी ने अच्छे अंक प्राप्त किये। प्राचार्या ने बताया 10 वीं की सभी कक्षाएं ऑनलाइन मोड में लगी, जिसमें शिक्षकों ने नई तकनीक एवं इनोवेटिव तरीके से छात्रों को पढ़ाया। छात्रों की इन सफलता के पीछे शिक्षकों एवं अभिभावकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्कूल प्रबंधक सिस्टर सचिता फ्रांसीस, उप प्राचार्य अभ्या फ्रांसिस एवं समस्त शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।


JIBU SHIBU ABRAHAM


GAGANPREET KAUR


TRIPTI SAHU

## क्विक न्यूज

### मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा कोरबा द्वारा किया गया वाटर कूलर का लोकार्पण



**सक्ती।** मारवाड़ी यूवा मंच जागृति शाखा कोरबा केतत्वावधान में स्थाई अमृतधारा के रूप में कोरबा में दो वाटर कूलर स्थापित किया गया है,इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील जैन, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अमृतधारा कैलाश बंसल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, प्रांतीय संयोजक सदस्य अमृतधारा श्रीमती अनीता सिंघल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा सरिता अग्रवाल, अग्रवाल सभा सचिवबबजरंग अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य कन्या भ्रूण नेहा अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य शाखा विस्तार मनोज अग्रवाल,महिला जागृति शाखा की अध्यक्षा सरिता बंसल, सचिव रेखा अग्रवाल इन सभी की उपस्थिति मे 03 अगस्त को वाटर कूलर का उत्घाटन किया गया।

### सारंगढ़ में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सक्ती।** 3 अगस्त को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के बैनर तले संयोजक आंचलिक अग्रवाल महासभा सरायपाली झारबंद एवं सौजन्य श्री अग्रवाल सभा एवं श्री अग्रसेन सेवा संघ सारंगढ़ के सभी संस्थाओं के सहयोग से अग्रसेन भवन सारंगढ़ में बच्चों का तुतलाना, हकलाना के निशुल्क इलाज हेतु रायपुर से आए हुए प्रांतीय सदस्स सत्यनारायण मित्तल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,जिसमें अध्यक्ष श्री अग्रसेन सेवा संघ के रमेश केडिया सचिव, संतोष अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य, अमित अग्रवाल, अविनाश गोयल प्रदेश मंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के महेंद्र अग्रवाल एवं अन्य बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल हुये।

### अंशुल ने सीबीएसई 10 वी बोर्ड में हासिल किए 94.8 प्रतिशत अंक



**सक्ती।** सक्ती शहर के अंशुल देवांगन सुपुत्र इंजीनियर योगेश देवांगन ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में आज 3 अगस्त को घोषित परीक्षा परिणामो में एकेडमिक स्कूल बेमेतरा से 94.8 प्रतिशत अर्जित कर स्कूल परिवार, देवांगन समाज सक्ति और सक्ति नगर का नाम रोशन किया, देवांगन रिश्ता परिवार से संबद्ध मास्टर अंशुल प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है।

# हाथी के हमले से फिर एक ग्रामीण की मौत





- दो मकानों को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में दहशत
- धरमजयगढ़ क्षेत्र के बलपेदा गांव की घटना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ वनांचल क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ वन मण्डल के बोरो रेन्ज में जंगली हाथी ने बीती रात बोरो वन परिक्षेत्र के बलपेदा गाँव के कटेलपारा में गुस्साए हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इनमें से एक हाथी ने एक वृद्ध ग्रामीण को मार डाला है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात तकरीबन 11 बजे को आसपास बलपेद गाँव में एक दंतैल हाथी गाँव में घुस गया। जिससे गाँव में अफरा तफरी का माहौल मच गया। और देखते ही देखते हाय तौबा मच गई। ग्रामीणों के द्वारा हाथी को भगाने के दौरान 55 वर्षीय सिफर राम उराँव वल्द शनि उराँव हाथी के जद में आ गया जिसे उत्पाती हाथी ने सिफर राम उराँव के ऊपर हमला कर दिया। हाथी के हमले से 55 वर्षीय वृद्ध गम्भीर रुप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए ग्रामीणों ने इमरजेंसी डायल 112 की मदद से तत्काल धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया। जिसे डॉक्टरों की टीम ने जाँच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रात्रि में तकरीबन 2 बजे हाथी फिर से वापस गाँव में घुस गया। और कैलाश यादव और लल्लूराम उराँव के मकान की दीवार को तोड़ फोड़ कर दिया। यहां ग्रामीण किसी तरह हाथी को गाँव से भगाने में सफल हो गए। घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में जी रहे हैं। वहीं घटना की सूचना को बाद वन अमला मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गया है।

# डीजल चोरी गैंग के तीन चोर आये तमनार पुलिस के हाथ

- आरोपियों से 500 लीटर डीजल व बोलेरो वाहन की जब्ती

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




तमनार पुलिस ने रात के समय सुनसान जगहों पर खडे वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गैंग के तीन चोरों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने इनके पास से 500 लीटर चोरी का डीजल व चोरी की घटना में प्रयुक्त बोलेरो को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना तमनार में ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक पितेश्वर बेहरा पिता जागेश्वर बेहरा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बागबाडी थाना तमनार द्वारा इसके हुकराडीपा तमनार आफिस के पास कम्पनी के हाइवा वाहन के लिये डिब्बा में भरकर रखी हुई 500 लीटर डीजल को 01 अगस्त की रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना प्रभारी तमनार एल.पी. पटेल द्वारा मुखबिरों के साथ बीट आरक्षकों को डीजल चोरी करने वालों के संबंध में सूचना एकत्र करने का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को गारे रोड़ पर तीन व्यक्ति ब्लैक में डीजल बेचने के लिये ग्राहक तलाश करने की सूचना थाने के आरक्षक द्वारा दिया गया। सूचना पर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा गया है, जो पूर्व में डीजल चोरी के अपराध में जेल गए थे, हाल ही में छूटे हैं। पकड़े गए आरोपी वरूण सिदार उम्र 28 वर्ष ग्राम चितवाही थाना तमनार, जनकराम चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी बजरमुड़ा थाना तमनार, यदुमणी राठिया ग्राम आमगांव थाना तमनार द्वारा पुलिस की पूछताछ में हुकराडीपा से बोलेरो वाहन में जाकर डीजल की चोरी करना कबूल किया गया है। आरोपियों के मेमोरंडम पर चोरी की 500 लीटर डीजल कीमती करीब 49,000 रूपये तथा चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सीजी 16 सीएल 6718 कीमती 5,00,000 रूपये (जुमला कीमती 5,49,000) की जप्ती की गई है। आरोपियों को थाना तमनार के धारा 379 .34 में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# महिला शिक्षकों ने तैयार की अंगना म शिक्षा योजना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड-19 महामारी के कारण प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 5 साल से 8 साल तक के बच्चे जो ना तो ऑनलाइन क्लास में पढ़ पा रहे थे और ना ही मोहल्ला क्लास में नियमित उपस्थित हो पा रहे थे ऐसे बच्चों के लिए महिला शिक्षकों के द्वारा अंगना म शिक्षा की योजना तैयार की गई जिसके तहत उन बच्चों को शिक्षा देने के लिए उनकी माताओं को प्रारंभिक एवं घर में उपलब्ध संसाधन के माध्यम से शिक्षा दी जाए और वह अपने बच्चों को जिस भी समय घर में रहकर सिखा सकें इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर अंगना मा शिक्षा के तहत 10,10 की समूह में माताओं को छोटी-छोटी बातें बता कर उन्हें अपने बच्चों को बताने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए साला स्तर से लेकर संकुल विकासखंड एवं जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए उन माताओं को जो साक्षर नहीं है उन्हें भी शिक्षित करने और फिर उन के माध्यम से बच्चों को अपेक्षित दक्षता दिलाने कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कोरोना काल के दौरान जहां लगभग 2 सालो से स्कूलो को बंद रखा गया था जिसके चलते बच्चे पढाई से दूर हो गये थे, जिसको देखते हुए बच्चो को पढाई से जोडने के लिए नित नये कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है, इसी तारतम्य में मुंगेली ब्लाक में अंगना म षिक्षा का आयोजन किया जा रहा है, शासकीय प्राथमिक शाला लिम्हा में बच्चो और उनकी माताओ को स्कूल प्रांगण में बच्चो के बौद्धिक विकास के प्रयोग सिखाये गये । इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिका शर्मा ने बताया कि बच्चो की प्रथम गुरू मां होती है। ग्रामीण अंचल हो या शहरी क्षेत्र बच्चे सबसे पहले अपनी मां से सिखते है, अंगना म षिक्षा के तहत माताओं को घर में रहकर बच्चो के बौद्धिक स्तर के विकास के लिए जागरूक करना है इसके लिए हर छोटी छोटी चीजो से बच्चो को सिखाया जा सके ।

> 5 से 8 साल तक के बच्चो को घर पर ही रह माताओं के माध्यम से वांछित षिक्षा प्रदान किया जा सके इस लिए अंगना म षिक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका अच्छा प्रतिसाद भी देखने को मिल रहा है, बी ओ ने कक्षा 2 में अध्यन रत छात्र वंष श्रीवास एवं उसकी माता की तारिफ करते हुए कहा कि उसकी माता ने कोराना काल के दौरान भी घर पर रह कर बच्चो को छोटी छोटी चीजो के माध्यम से सिखया और उसके बौद्धिक विकास का ध्यान रख । इस अवसर पर शिक्षकाए , संकुल प्रभारी सहित बच्चो की माताए भी उपस्थित रही ।
>
> **प्रतिभा मंडलोई**
> **ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**

# मिनाल शाह देवड़ा को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की वेबीनार आयोजन समिति का संयोजक बनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की भारत से बाहर ओमान (गल्फ) में निवासरत मिनाल शाह देवड़ा द्वारा अपनी संस्था लिटिल हेल्प,शैक्षणिक आगाज और रेडियो मेरी आवाज द्वारा संयुक्त रुप से अग्रवाल समाज के देश दुनिया में रह रहे कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को सभी प्रकार की जिज्ञासा और उनकी जानकारी के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम करने हेतु अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार को स्वीकृति प्रदान की गई है, साथ ही मिनाल शाह देवड़ा द्वारा भारत सहित विदेशों में रहने वाले अग्रवाल समाज के ऐसे स्टूडेंट जो शिक्षा के क्षेत्र में कठिनाइयां महसूस करने पर किसी भी प्रकार की सहयोग की अपेक्षा रखते है, उन्हें भी उनकी संस्था द्वारा यथासंभव सहयोग हेतु पहल की जाएगी, तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने मिनाल शाह देवड़ा की इस पहल पर उनका आभार व्यक्त किया है, एवं मिनाल शाह देवड़ा को वेबीनार आयोजन समिति अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की संयोजिका का दायित्व भी दिया गया है, इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि पूरी दुनिया में सम्मेलन द्वारा विभिन्न रचनात्मक कार्यों को गति दी जा रही है, तथा इसी श्रृंखला में भारत से बाहर अन्य देशों में भी संगठन का विस्तार तेज गति से हो रहा है एवं अन्य देशों के सदस्यों को जोड़कर भी सम्मेलन के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# लोहे का कत्ता लेकर घूम रहा युवक चढ़ पुलिस के हत्थे

**रायगढ़।** पूंजीपथरा क्षेत्र स्थित बंजारी मंदिर के पास लोहे का कत्ता लेकर राहगिरों व वाहन मालिकों को डराने धमकाने का प्रयास कर रहे एक युवक को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना पूंजीपथरा में पदस्थ उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल को उनके बीट क्षेत्र बंजारी मंदिर के पास एक युवक धारधार लोहे का कत्ता लेकर लोगों को डराने दृधमकाने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल उप निरीक्षक जायसवाल, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक अदिकंद प्रधान के साथ मौके पर जाकर सुरक्षात्मक उपाय कर संदिग्ध युवक को कत्ता के साथ पकड़े। पकड़ा गया युवक अपना नाम सोनु चौहान उर्फ शनि उम्र 26 वर्ष सा. किरोडीमल इंदिरा आवास का बताया जिसके कब्जे से जप्त एक लोहे का कत्ता जिसकी लंबाई करीब 10 इंच और चौडाई 02 इंच है। आरोपी के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मैं क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूं : चंदेल

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा मुझे दिया गया उत्कृष्ठ विधायक का सम्मान क्षेत्र की जनता का सम्मान है, भाजपा के हजारों लाखों कार्यकर्ताओं का सम्मान है,मैं यह सम्मान क्षेत्र की जनता को समर्पित करता हूं, 3 अगस्त को जांजगीर-चांपा जिले के चांपा शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार मे आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम मे उक्त बातें जांजगीर चांपा के विधायक, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष विधायक नारायण चंदेल ने कही,भाजपा तथा एन जी ओ प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अपने अभिनंदन कार्यक्रम मे विधायक नारायण चंदेल ने भावुक होते हुए स्थानीय भाजपा के दिवंगत नेताओं पूर्व विधायक जीवन साव, पूर्व मंत्री बलिहार सिंह , छोटेलाल स्वर्णकार, मथुरा लालवानी, प्रहलाद शर्मा मौला साव, गोदावरी शर्मा,किशोरी श्रीवास पतराखन सहीस आदि को स्मरण किया और पार्टी के प्रति उनकी समर्पण और निष्ठा से किए गए अनेक कार्यो का उदाहरण दिया,भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ हुआ । विधायक नारायण चंदेल के साथ एन जीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमरनाथ सोनी प्रदीप स्वर्णकार कृष्ण कुमार सिंगसर्वा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ,प्रदीप सराफ संतोष सोनी, सलीम मेमन प्रदीप नामदेव अनंत थवाईत मंचस्थ थे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश श्रीवास तथा एन जी ओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमरनाथ सोनी ने श्रीफल और कोसे की शाल भेंट कर विधायक नारायण चंदेल का स्वागत किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संयोजक अनंत थवाईत सह संयोजक संगीता पांडेय द्वारा चंदेल को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।

# जैजैपुर पहुंचे पुलिस और अधिकारी, आश्वासन के बाद खत्म हुआ हड़ताल

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर-बाराद्वार मुख्यमार्ग पर झखाडीह के पास कल से धरने पर बैठे अचानकपुर के ग्रामीणों द्वारा अपनी माँगों को लेकर अड़े रहने के कारण क्षेत्र के राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था ,मामला गर्म होते देख जिला प्रशासन हरकत में आई और तत्काल जिले भर के थानों से पुलिस बल मौके पर भेजी गयी व हड़तालियों को समझाईश देने की कोशिश की गयी लेकिन वे नहीं माने जिसके बाद जिले से संयुक्त कलेक्टर , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम राजस्व सक्ति, तहसीलदार जैजैपुर व जिले सहित समस्त थानों से पुलिस बल मौके पर पहुंची और पुनः समझाईश दी गयी जिसके बाद आरोपियों पर नियमानुसार कार्यवाही करने ,उक्त जमीन का त्वरित सीमांकन कराने सहित चार बिदुओं पर नियमानुसार कार्यवाही करने की आश्वासन दिये जाने पर अस्थाई रूप से हड़ताल को समाप्त कर दिया। इस मामले में जब उक्त भूमि पर मालिकाना हक़ जताने वाले ग्राम नन्देली के किसानों से जानकारी ली गयी तो उन्होंने हड़ताल करने वाले ग्रामीणों के आरोपों को पूर्णतः गलत बताया है और शासन से इस मामले में शासन प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है उनका कहना है कि ये जमीन 1890 से उनके पूर्वजों के नाम दर्ज है व 1929 के राजस्व रिकार्ड में भी हमारे नाम दर्ज है जिस पर अचानकपुर के कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती बेजाकब्जा किया जा रहा था जिस पर ट्रैक्टर से जुताई कर खेती की गयी है ।

> अचानकपुर के लोगों का कहना है कि उनके मकानों को नंदेली के कुछ लोगों के द्वारा तोड़ दिया गया है अतः उन पर कार्यवाही होनी चाहिए जिसकी न्यायिक जांच करा कर दोषी पाए जाने पर निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी
> **रैना जमील ,एस डी एम (राजस्व) सक्ती**
>
> एसडीएम मैडम ने हमें नंदेली के लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है जिसके बाद हम लोगों ने आज हड़ताल समाप्त किया है यदि हमारे मकानों को तोड़ने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो हम पुनः तीन दिवस के बाद हड़ताल करेंगे यह जमीन हमारे पूर्वजों की थी जिस पर नंदेली के लोगों ने जबरदस्ती ट्रैक्टर चलाकर हमारे मकानों को तोड़ दिया है।
> **कुमार सिंह, ग्रामीण अचानकपुर**
>
> जिस जमीन का विवाद उत्पन्न हुआ है वह जमीन राजस्व रिकार्ड में 1890 हुआ 1928- 29 के रिकॉर्ड में भी हमारे पूर्वजों के नाम पर ही है जिस पर हम हमेशा से तिल और धान की खेती करते आ रहे हैं जिस पर अचानकपुर के कुछ लोगों द्वारा जबरन दबंगई करते हुए ईंट खड़े कर छोटे-छोटे झुग्गियों की बस्ती बना ली गई थी जिस पर न्यायालय द्वारा हमारे पक्ष में फैसला सुनाया के बाद हम लोगों ने खेती करने के लिए जुताई कराई है और जीस समय वहां पर जोताई कराई जा रही थी उस वक्त मैं मौके पर मौजूद ही नहीं था तो मुझ पर जो भी आरोप लगाए गए हैं वह तो निराधार हैं ही यदि लोग चाहे तो मैं ब्रेन मैंपिगभी करवा सकता हूं ताकि सच्चाई लोगों के सामने आ सके और उन लोगों का झूठ सबके सामने स्पष्ट हो।
> **टंकोर नारायण चन्द्रा, किसान नन्देली**
>
> अचानकपुर के लोगों द्वारा जो भी शिकायतें की गई हैं वह सारे आरोप निराधार हैं वह जमीन हमारे पूर्वजों की है वह हमारे किसी भी रिश्तेदार द्वारा उनको किसी भी प्रकार की गाली गलौज व मारपीट नहीं की गई है प्रशासन निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करें वह हमारे भूमि से बेजा कब्जा करने वाले उन लोगों को तुरंत हिदायत देकर वहां से हटाए।
> **घनश्याम चन्द्रा, किसान नन्देली**

# पोरथा में सम्पन्न हुआ रक्तदान शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



3 अगस्त को कन्नौजिया राठौर समाज समुदायिक भवन पोरथा (सक्ति) में निःस्वार्थ सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ और धरम ब्लड बैंक चाम्पा के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस जीवनदायिनी और युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करने के महान कार्य में नारीशक्ति का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ में अमर शहीद दीपक भारद्वाज के पिता राधेलाल भारद्वाज और स्व. श्री धर्मेंद्र राठौर शिक्षक के बड़े भाई एवं पुत्र ऋषभ राठौर और गांव की सरपंच श्रीमत्ती मधु श्याम राठौर और संस्था के सदस्य गण के द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता, सरस्वती माता, अमर शहीद दीपक भरतद्वाज एवं स्व. धर्मेंद्र राठौर शिक्षक के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, ग्राम पंचायत पोरथा के सरपंच द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई,श्रीमत्ती राठौर ने कहा यह बहुत ही अच्छा पल है की हमारे क्षेत्र के युवा ऐसा आयोजन कर लोगों को जागृत कर रहे हैं, और समाज में रक्तदान के इस महान कार्य में अपना समय व रक्तदान कर रहे हैं, वही शहीद दीपक भरतद्वाज के पिता राधेलाल भारद्वाज ने कहा कि उनका पुत्र नक्सलियों से वीरता पूर्वक लड़ते-लड़ते शहीद हो गया और देश के नाम अपनी जान कुर्बान कर दिया, मुझे गर्व है अपने पुत्र पर और इस कार्यक्रम के आयोजक को शुभकामनाएं और बधाई दी, वही स्वर्गीय धर्मेंद्र राठौर शिक्षक के परिवार से उनके बड़े भाई और उनके पुत्र शामिल हुए उन्होंने भी कार्यक्रम की सराहना की और आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करने की इच्छा प्रकट की, इस कार्यक्रम में ग्रामीण युवा संघ केंद्र भुरसीडीह के सदस्यों ने भी आकर रक्तदान किया।

# 'छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी ने टूटी सड़कों को लेकर चलाया अभियान'

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ इकाई ने सभी जिलों में टूटी सड़कों को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया है आम आदमी पार्टी ने टूटी सकड़ पर विरोध प्रदर्शन करके छत्तीसगढ़ में कॉग्रेस की भूपेश सरकार की पोल खोली। पूर्व विधायक प्रत्याशी व जिलाध्यक्ष रामकमर गंधर्व ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार में ऊपर से नीचे तक करप्शन हो रहा है पहले छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता 15 साल रमन सिंह ने ठगा था और अब ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड सिर्फ 5 साल में ही तोड़ देगी। ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष परमानंद साहू' ने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सड़क पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों पर सड़क है साथ ही ये भी कहा कि कई सड़के तो कागजों पर पास हो जाती हैं जिसका जीता जागता उदाहरण गीधा,लिमहा, बछेरा, भठली खुर्द, भटगांव, सोनपुरी , लोरमी से खुड़िया की सड़क है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियां को कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को एफ्टीएससी के विशेष न्यायधीश पीएस मरकाम ने 2 अगस्त को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी दुर्गेश साहू को धारा 366, 376 (2), 506ए2 भादवि के आरोप में क्रमशरू पांच-दस-दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000-2000-1000 रूपए कुल 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपियां को धारा 366, 376/109, 506ए2 भादवि के आरोप में क्रमश पांच-दस-दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000-2000-1000 रूपए कुल 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विशेष लोक अभियोजक गिरिराज शर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के अंतर्गत शहर से लगे ग्राम में वर्ष 2017 को नाबालिग के पिता कमाने खाने लखनऊ गये थे। नाबालिग पीड़िता अपने मां के साथ रहती थी। आरोपी दुर्गेश साहू का प्रतिदिन उसके घर आना-जाना था मार्च 2017 को रात्रि में आरोपी आया और पीड़िता को जबरदस्ती उठाकर कमरे में ले गया। पीड़िता जब इधर-उधर भागने की कोशिश करने लगी तो उसकी मां आरोपियां ने आरोपी एवं पीड़िता को कमरे में बंद कर दिया। तब आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने आरोपियां को दरवाजा खोलने के लिए बोला तो आरोपियां ने दरवाजा खोल दी। उसके बाद आरोपी दुर्गेश साहू ने आरोपियां को पैसा देकर चला गया। पीड़िता द्वारा घटना की संपूर्ण जानकारी अपने पिता के लखनऊ से वापस आने के बाद अपने पिता को दी। पीड़िता द्वारा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में दुर्गेश साहू एवं आरोपियां अपनी मां के विरूद्ध धारा 366 (क), 376/109, 372 एवं 506 भादवि एवं धारा 4, 6 पास्को एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 504/17 प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर विवेचना की गई। आरोपीगण के विरूद्ध विशेष न्यायालय पास्को न्यायधीश पीएस मरकाम के न्यायालय में आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

# ...और उड़ गया फ्यूज
## अच्छे दिन का इंतजार अब नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस, गणेश उत्सव, नवरात्रि, भय और संशय के बीच, इस बार फिर रंगीन झालर के आर्डर नहीं दिए गए। रही- सही कसर कीमतों में भारी वृद्धि ने पूरी कर दी है। इसके बाद रिटेल काउंटरों ने खरीदी सीमित कर दी है क्योंकि मांग तो दूर पूछ-परख तक नहीं है।

स्कूलों के गेट तो खोले जा चुके है लेकिन गणेश और नवरात्रि पर्व के लिए फिर से कोरोना के गाईडलाईन का पालन अनिवार्य होगा। लगाई गई रकम की वापसी नहीं होने की और संशय,अनिश्चित मांग की। इन दोनों ने मिलकर इलेक्ट्रिक गुड्स का कारोबार करने वाली संस्थानों की जैसी दुर्गति, दूसरे साल भी की है, उससे यह क्षेत्र जमीन पर आता दिखाई देता है क्योंकि होलसेल काउंटरों को रिटेल काउंटर से आर्डर नहीं मिले हैं। लिहाजा इस बार भी यह क्षेत्र सूना नजर आएगा।

### यह धड़ाम से

गणेश पूजा, नवरात्रि पर भरपूर मांग में रहने वाला बिजली का झालर, रंगीन बल्ब का बाजार जमीन पर आ चुका है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ का बाजार वाला, यह सामान अब भी मांग में नहीं आ सका है जबकि खरीदी के लिए थोक बाजार में आर्डर का पहुंचना चालू माह से शुरू होता रहा है। इस बार यह शून्य पर है।

### मांग नहीं फिर भी भारी वृद्धि

इलेक्ट्रिक गुड्स कारोबारियों की मानें तो रंगीन बल्ब, बिजली के झालर की कीमतों में निर्माण कंपनियों ने लगभग 50 फ़ीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इस वजह से भी बाजार की बढ़त पर ब्रेक लगा हुआ है। मांग वैसे भी नहीं है, इसलिए रिटेल काउंटर बेहद सीमित मात्रा में खरीदी कर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि बाजार में लगभग 80 फ़ीसदी की गिरावट आ चुकी है।

कोरोना और कीमत में बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ता मांग लगभग शून्य है इसलिए बाजार शांत है।
**-गौरव अग्रवाल,** संचालक, रायपुर इलेक्ट्रिकल्स, भाटापारा

# विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव के निर्देशानुसार नव पदस्थ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके यदु ने विभागीय टीम के साथ विकासखण्ड के स्कूलों का सघन दौरा कर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शालाओं में कोविड 19 प्रोटोकॉल का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। विशेषकर कक्षाओं में बैठक व्यवस्था के दौरान सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए सख्त चेतावनी दी गयी। साथ ही शाला अनुदान मद से स्कूलों में सेनेटाइजर एवं थर्मल स्केनर की व्यवस्था कर प्रतिदिन विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु कहा गया। शाला परिसर में साफ सफाई, हैण्डवास, सेनेटाईजेशन की व्यवस्था हेतु निर्देश देते हुए वि.ख.शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षक टीकाकरण करवाकर ही कक्षा का संचालन करें। सेतु पाठ्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पिछली कक्षाओं के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बताया जाए एवं बेसलाईन सर्वे कर प्रत्येक शिक्षक विषय अनुसार मासिक आंकलन करें एवं नियमित रूप से शासन के निर्देशानुसार कक्षा संचालन में योगदान देवे। उन्होने सभी संस्था प्रमुख को स्मरण पत्र जारी करते हुए हिदायत दी है कि समस्त शालेय रिकार्ड का सप्ताह भर में संधारण कर लेवें एवं स्वयं की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए बच्चों को अध्ययन अध्यापन कराये।

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। साथ ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से आग्रह किया है शासन द्वारा निर्धारित समय में आगमन एवं प्रस्थान करें। बिना कारण एवं अनाधिकृत अवकाश में शाला से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को वेतन कटौती की जावेगी। मध्यान्ह भोजन के संचालन में गुणवत्ता एवं मानकों का पालन करने उन्होंने विशेष आवश्यकता बताई एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रधान पाठकों के माध्यम से बच्चों का भोजन बनाने वाले कक्षों में सेनेटाइजर का सुरक्षित इस्तेमाल करे ताकि भोज्य सामग्री प्रभावित न हो सके।

# जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के उद्देश्य छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त करना और 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को एनीमिया की पहचान कर मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। कलेक्टर महोबे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कराए। एनआरसी में गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उन्हें सुपोषित करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण वाटिका का निर्माण करें, जिससे बच्चों एवं गर्भवती माताओं को ताजी हरी सब्जी उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं गर्भवती माताओं को गुणवत्तायुक्त गर्म भोजन मिले। यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी इसका नियमित मॉनीटरिंग करें। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर की पोषण आहार विशेषज्ञ डॉ. स्मृति वाजपेयी ने बच्चों के खान-पान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले के मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

# स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा।** स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना 01 अगस्त रात्रि को वार्ड क्र. 15 नियोगी नगर ड्रिलिंग कैम्प नं. 1 राजहरा की है। जिसमें प्रार्थी सतीश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराया कि उसके घर के स्टोर रूम से अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर 01वेल्डींग मशीन कीमत 10000 रू, . एंगल कटर कीमत 8500 रू, कटिंग टार्च कीमत 5000 रू, छोटा वेल्डींग 02 नग 8000 रू, टुल्लू पंप कुल मिलाकर कीमत लगभग 40,000 रू का सामान चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करने पर संदेह के आधार पर तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया गया है। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया है।

# जंगली जानवरों के लिए प्रकृति ने अनुकूल वातावरण दिया



**दल्लीराजहरा।** देहान से तरौद के बीच जंगली जानवरों के लिए प्रकृति ने अनुकूल वातावरण दिया है यह क्षेत्र वनाच्छादित है लेकिन यहां के जंगलों में मानव ने कब्जा कर लिया है। जिसके कारण वन्य प्राणियों का अवैध शिकार बढ़ गया। इसके अलावा कतिपय तत्वों द्वारा पेड़ों को भारी पैमाने पर काटा जा रहा है जिसके कारण वर्तमान में पर्यावरण में असंतुलन की स्थिति निर्मित हो गयी है। इसी तारतम्य में ग्रीन कमाण्डो वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए पेड़ों की कटाई करना प्रस्तावित है पेड़ कम होने की वजह से ऑक्सीजन भी लोगों को कम मिल रहा है। इन सब बातों को देखते हुए ग्रीन कमांडो वीरद्र सिंह एवं उनके सहयोगी वन्य प्राणियों का ड्रेस पहनकर उनकी पीड़ा ब्यक्त किया।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ विधायकों ने मुंह बंद कर लिया बीजेपी का आरोप, प्रशासन-शासन की मिली भगत है

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता नितिन राय ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचारियों व जांच उपरांत शिकायत में दोषी पाए जाने वाले आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन व स्थानीय विधायकों के खिलाफ जल्द ही मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। भाजपा नेता के इस बयान से जिले की राजनीति एक बड़ा फिर से गर्मा गया है। ज्ञात हो की भाजपा नेता नितिन राय ने बयान जारी करते हुए कांग्रेस की भूपेश सरकार सहित स्थानीय विधायकों व जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है,नितिन राय ने कहा है कि 2साल के भीतर जिले में दर्जनों ऐसे मामले उजागर हुए हैं जिसमें भ्रष्टाचार, अनियमितता व शिकायत के प्रकरण सार्वजनिक हुए लेकिन इन सभी मामलों में जिला प्रशासन लोगों की आंखों में धूल झोंकने का कार्य ही मात्र किया है। राय ने बताया कि प्रत्येक शिकायत के बाद जिला प्रशासन आनन फानन में जांच का आदेश जारी कर देता है लेकिन जांच उपरांत आदेशों की अवहेलना खुद करने लग जाता है क्योंकि इन मामलों में जांच के बाद कार्यवाही पेंडिंग(लंबित) हो जाता है।सभी मामलों में कार्यवाही लंबित होने पर प्रशासनिक सांठ गांठ का प्रमाण भी स्पष्ट नजर आ रहा है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा के आयुष शर्मा, वैभवी वंदे और शुभ अरोरा को मिले सर्वाधिक अंक

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई 3 अगस्त 2021 को कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित किया। जिसमें खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी आयुष शर्मा ने (96.8%) वैभवी वंदे (91.2%) शुभ अरोरा (90.8%) अंक हासिल करके अपने विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इसी क्रम में हर्ष धर्मानी ने (90.8%) कनक मंधान (90.6%) प्रज्ञा साहू (90.6%) पलक किंगरानी (90.4%) अनुभी शर्मा (90.4%) प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत हर्षित है। प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल, विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश सहित सभी शिक्षकों ने ढेर सारी शुभकामनाएँ दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बता दें कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के विद्यालयों को बंद कर दिया गया था। साथ ही सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा भी रद्द कर दी गई थी। जिसके बाद नई मूल्यांकन नीति के जरिए अंतिम परिणाम तैयार किए गए। मूल्यांकन नीति के तहत विद्यार्थियों के पूरे साल भर के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक विषय के 100 अंकों का विभाजन इस प्रकार किया गया था सामयिक (पीरिओडिक) परीक्षा (20 अंक) का भार 10 , अर्धवार्षिक परीक्षा (80 अंक) का भार 30 , प्री-बोर्ड परीक्षा (80 अंक) का भार 40 तथा 20 अंक भार आंतरिक मूल्यांकन जैसे विद्यार्थियों के पोर्ट फोलियो, पेन एण्ड पेपर टेस्ट, प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट वर्क से लिया गया था।

# पर्यटन स्थल चिंगरा-पगार में नरवा विकास कार्यक्रम का अवलोकन



**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन आज गरियाबंद जिले के दौरे पर पहुंचकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा विकास एवं गौठान विकास कार्य का अवलोकन करते हुए विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किये। प्रदीप शर्मा एवं गिरीश देवांगन खनिज विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर नगर के फारेस्ट नाका चौंक पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा बाइक रैली निकाल भव्य आतिशबाजी कर स्वागत किया। प्रदीप शर्मा एवं गिरीश देवांगन द्वारा बारूका स्थित पर्यटन स्थल चिंगरापगार नाला में वन विभाग द्वारा बनाये गये विभिन्न स्ट्रक्चरों का अवलोकन करते हुए नाला के पानी को रोकने और इस क्षेत्र में जल स्तर को बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नरवा विकास कार्यक्रम शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसे बरसाती नालों में बह रहे पानी को रोककर वर्षभर जल का संचयन कर सकते है। इससे भू-जल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने नाला में बनाये गये विभिन्न गैबियन स्ट्रक्चर का अवलोकन किया और स्ट्रक्चर में तकनीकी सुधार के सुझाव दिए। क्षेत्र में करीब 350 कन्टूर चेक बनाये गये है, जिसमें बीजारोपण करने के लिए भी कहा गया। लगभग 2044 हेक्टेयर कैचमेंट क्षेत्र में फैले इस नाला में जल स्तर को रोकने से वर्षभर हरियाली बनी रहेगी। उन्होंने जंगल में पाये जाने वाली विभिन्न औषधीय पेड़-पौधों को संरक्षित करते हुए उसके उपयोग के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करने और प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्र में आने वाले सैलानियों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ग्राम बारूका के महिला समूहों से शर्मा ने चर्चाकर जानकारी ली। सरस्वती महिला समूह के 10 सदस्यों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे पर्यावरण, लोगों की सुरक्षा, पार्किंग और साफ-सफाई नियमित तौर पर करें।

# बिजली की दरों में वृद्धि कर राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमतरा
www.dailypioneer.com



जिले में अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग परेशान है। अब बिजली की दर महंगी होने से उपभोक्त ाओं को दोहरी मार पड़ेगी। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश में सस्ती बिजली उपलब्ध कराने का दंभ भरने वाली कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। सरप्लस बिजली होने के बावजूद लगातार बिजली कटौती की जा रही है। इससे सरकार की नीति और नियत दोनों उजागर हो रही है। अब नए टैरिफ में हर वर्ग को महंगी बिजली का झटका लगा है। इसमें सबसे ज्यादा कीमत घरेलू वर्ग की बढ़ी है। जहां सौ और दो सौ यूनिट तक में 20 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा किया गया है। वहीं 201 से 400 यूनिट तक 30 पैसे यूनिट कीमत बढ़ाई गई है। सबसे ज्यादा कीमत में इजाफा 401 से 600 यूनिट में 70 पैसे बड़ी है। 601 यूनिट से ज्यादा की खपत पर 50 पैसे प्रति यूनिट कीमत बढ़ी है। गैर घरेलू वर्ग में 15 से 30 पैसे, कृषि पंपों में 50 पैसे, कृषि संबंधी कार्यों के अलग-अलग वर्ग में 10 से 50 पैसे का इजाफा किया गया है। लघु उद्योगों में आटा चक्की और अन्य उद्योगों में 25 से 50 पैसे प्रति यूनिट कीमत बढ़ाई गई है। एलटी के बाद एचटी वर्ग में रेलवे की बिजली के टैरिफ में 20 पैसों का इजाफा किया गया है। माइंस वालों का टैरिफ 11 केवीए से 220 केवीए तक 60 पैसा, अन्य उद्योगों में 39 से 44 पैसा, स्टील उद्योग में 25 से 60 पैसा प्रति यूनिट का इजाफा किया गया है। स्टील उद्योग में लोड फेक्टर की वर्तमान सुविधा को 63 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। राज्य सरकार की विफलता का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा, राज्य सरकार की विफलता का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई

**दल्लीराजहरा।** 1 अगस्त को हस्ताक्षर साहित्य समिति, दल्लीराजहरा के द्वारा निषाद भवन के सभागार में 31 जुलाई को महान् साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती, अमर गायक मो. रफी की पुण्य तिथि, 'अर्पण' की समीक्षा, काव्य गोष्ठी का आयोजन जे.आर. महिलांगे की अध्यक्षता, सरिता गौतम, शमीम अहमद सिद्दिकी, गोविंद कुट्टी पणिक्क र व अनिरुद्ध सिंह साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष ठाकुर ने किया। उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम जे.आर. महिलांगे ने समीक्षा पर अपने विचार व्यक्त कर, अगस्त माह व स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर वक्त व्य देते हुए बाल गंगाधर तिलक के जीवन व मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक जीवन पर प्रकाश डाला।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जशपुर छ.ग. (जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई)

(dpmu.jas@gmail.com, cmohealth@gmail.com, ddojashpur@gmail.com)
Ph No. 07763223375, Fax No.- 07763220654

क्रमांक/4405/एन.एच.एम./2021-2022 जशपुर, दिनांक 3 अगस्त 2021

**// सूचना //**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.) के विज्ञापन क्रमांक/557/एन.एच.एम./संविदा भर्ती/2020-21, जशपुर, दिनांक 23.01.2021 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला अंतर्गत विभिन्न पदों की पूर्ती हेतु सूचना पत्र क्रमांक/4204/एन.एच.एम./2021-2022 जशपुर, दिनांक 24.07.2021, वेबसाईट www.jashpur.nic.in में जारी दिनांक 26.07.2021 के अनुसार कौशल/दक्षता परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जा चूका है। जिसके पश्चात् कौशल/दक्षता परीक्षा का आयोजन 10.08.2021 से 13.06.2021 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में किया जा रहा है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jashpur.nic.in में देखी जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- जशपुर, छ.ग.
संवाद-29481/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द

क्रमांक/13/अंकेक्षक/ग्रा.यां.से./2021-22 महासमुन्द, दिनांक 30.07.2021

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना (प्रथम बार)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू.) में | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य तुमाडबरी, वि.खं. महासमुन्द | 3.64 लाख | 18.08.2021 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 30.07.2021 में डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
महासमुन्द
जी-62609/2

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी सक्ती

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण नगर सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रेरणा पति नारायण प्रसाद उपाध्याय निवासी सक्ती राजापारा वार्ड क्र. 03 तहसील सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा के द्वारा साकिन सक्ती स्थित नजूल शीट नं. 15डी प्लाट नं. 18 क्षेत्रफल 141 वर्गमीटर /वर्गफीट भूमि में कब्जेदार के रूप में दर्ज है। जिनका भू-भाटक का निर्धारण नहीं हुआ है। जिनका भू-भाटक निर्धारण एवं फ्री-होल्ड किये जाने बाबत् आवेदक ने आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 16/08/2021 तक स्वयं या किसी माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते हैं। बाद की दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

ईश्तहार इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 2.8.2021 को जारी किया गया।

मुहर
नजूल अधिकारी
सक्ती

## न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2020-2021
ग्राम ठाकुरकापा, प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा ग्राम ठाकुरपारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू पिता/पति दुकलहा जाति - निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम ठाकुरकापा हल्का नं. 11 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 81, 82/3 रकबा 0.502, 0.129 क्र. 0.631 हे. को वारिसान के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29.8.2021 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.6.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 142/2021-2022
वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **55/दावड़ा कालोनी म.नं. 03** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती प्रमोद कुमार गावरी S/o श्री टेकचंद गावरी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती ज्योति गोगड़ S/o विमल गोगड़** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 139/2021-2022
वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **55/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रितु कोठारी W/o श्री शीतल कुमार कोठारी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती हर्ष जैन S/o श्री टीकमचंद जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 141/2021-2022
वार्ड का नाम - ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्र. 56 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **56/नया (RPR 447A00289)**जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मीरा नाथ W/o स्व. विनोद बिहारी नाथ** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती सीमा घोष W/o संजय घोष** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 140/2021-2022
वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र.-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र.-55 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **55/सुधर्म जैन विहार B-506** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती हरीश गोलछा S/o श्री आनंद राज गोलछा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती नवीन चोपड़ा S/o श्री मोहन लाल जी चोपड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 128/2021-2022
दिनांक 29.07.2021
वार्ड का नाम- वामन राव लाखे वार्ड क्र. 66

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वामन राव लाखे वार्ड क्र. 66 वार्ड स्थित भवन/भूमि **66/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती श्रीमती राज मती प्रधान W/o गोवर्धन प्रधान** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती (1) स्मृति गुप्ता w/o राहुल गुप्ता (2) राहुल गुप्ता S/o प्रेमचंद गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 127/2021-2022
दिनांक 29.07.2021
वार्ड का नाम- वामन राव लाखे वार्ड क्र. 66

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वामन राव लाखे वार्ड क्र. 66 वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR 664E0055A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मधुसुदन लाल पिता कार्तिकराम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती गायत्री सोनकर पति हितेश सोनकर** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 129/2021-2022
दिनांक 30.07.2021
वार्ड का नाम- भक्त माता कर्मा वार्ड क्र. 67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड क्र. 67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **भू.ख. क्र. 130/म.नं. 218/4 का भाग** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती आस्क रियल्टी एण्ड डेव्लपर्स लि. द्वारा डायरेक्टर : अनुराग नत्थानी S/o श्री कृष्ण कुमार नत्थानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती पार्वती देवांगन S/o श्री चैतराम देवांगन** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02

शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत डुमरतराई फेस-1, रायपुर में स्थित **फ्लैट क्रं. एम.आई.जी.-166, ब्लॉक-07, षष्ठम तल, श्री चन्द्रशेखर गिरी पिता श्री सोन गिरी** के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 10.07.2014 को लीजडीड पंजीकृत करा लिया गया। मूल आबंटी **श्री चन्द्रशेखर गिरी पिता श्री सोन गिरी** की मृत्यु दिनांक 31.01.2020 को हो जाने के कारण उनके उत्तराधिकारी धर्मपत्नि **श्रीमती पारूल गोस्वामी पति स्व. श्री चन्द्रशेखर गिरी** निवासी-सी-228, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) के द्वारा आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

# आयुक्त की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ा प्लेटफार्म शहर के अंदरुनी हिस्से में अतिक्रमण हटाने की कवायद

## सड़क के हिस्से में व्यवसाय करने, प्लेटाफार्म बनाने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम अमले ने शहर के व्यस्ततम बाजार इलाकों में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है। पंजाब मेडिकल स्टोर्स सिनेमा लाईन तथा नंद लाल हार्डवेयर गुडाखू लाईन के सामने जेसीबी के माध्यम से प्लेटफार्म तोड़ा गया। हार्डवेयर के संचालक को जी रोड की ओर दुकान के सामने बने प्लेटफार्म को तोडने समझाईस दी गई। इन्हें पहले भी निगम द्वारा नोटिस जारी की गई थी। वहीं मानव मंदिर चौक सहित अन्य हिस्सों से सड़क के किनारे लगाई गई दुकानें भी हटाई गई है। शहर में लगे अवैध विज्ञापन बोर्ड भी हटवाने की कार्यवाही जारी है। आयुक्त ने निगम के तकनीकि अधिकारियों से कहा कि दुकानों के उपर बने प्लेटफार्म स्वतः हटाने संबंधितो को नोटिस जारी करें।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुवेदी ने आज यातायात प्रभारी अमित सिंह तथा निगम, पुलिस एवं यातायात की टीम के साथ सिनेमा लाईन, गुडाखू लाईन एवं स्टेशन रोड में पैदल भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल पर समान रखने तथा शेड बाहर निकाल कर रेलिंग लगाकर समान रखकर व्यवसाय करने पर समान अंदर कराने व शेड निकालने, रेलिंग हटाने की कार्यवाही करने के साथ साथ समान दुकान के अंदर रखने की चेतावनी दी। शहर में लगे अवैध विज्ञापन बोर्ड भी हटाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही नाली के उपर बने प्लेटफार्म हटाने की समझाईस देने के अलावा अधिकारियों को प्लेटफार्म हटाने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्ग सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर लाईन, गुडाखू लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, जूनी हटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गो के दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल में समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं वाहन पार्किंग व आवगमन में असुविधा होती है। आयुक्त डॉ. चतुवेदी ने गत सप्ताह यातायात प्रभारी एवं निगम व यातायात की टीम के साथ शहर भ्रमण कर दुकान की सीमा में समान रखने अपील करते हुये हटवाने की कार्यवाही की गई थी।






### चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ घूमे थे आयुक्त

इस संबंध में अभियान के पूर्व चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों की बैठक लेकर एवं उनके साथ शहर के प्रमुख मार्गो में पैदल भ्रमण कर दुकान के बाहर समान नहीं रखने, कपड़ा व अन्य सामान बाहर नही लटकाने एवं रोड तक निकले शेड व रेलिंग हटाने एक सप्ताह का समय देकर समझाईस दी गई थी। एक सप्ताह पश्चात भ्रमण कर हटवाने की कार्यवाही की गई थी। आज पुनः टीम के साथ शहर में भ्रमण कर सिनेमा लाईन, गुडाखू लाईन तथा स्टेशन रोड से समान हटवाने, शेड हटवाने की कार्यवाही की गई है।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

आयुक्त डॉ. चतुवेदी ने बताया कि शहर के व्यस्तम मार्ग के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान की सीमा के बाहर प्लेटफार्म तथा सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय किया जाता है। कपड़ा व अन्य सामान बाहर लटकाया जाता है, जिससे पार्किंग में असुविधा होने के साथ साथ यातायात बाधित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। दुकानदारों द्वारा अपालन की स्थिति में नियम प्रावधानों के अनुरूप दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके,प्र.सहायक अभियंता संदीप तिवारी, होडिंग्स बोर्ड प्रभारी अशोक चौबे सहित निगम, यातायात व पुलिस का अमला उपस्थित था।

# हाईस्कूल झिथराटोला में किया मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण

## स्कूलो में लौट आई रौनक़ : किरण वैष्णव

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के विकट परिस्थितियों से गुजरने के पश्चात 2 अगस्त से स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों के चेहरे में खुशी लौट आई है। इस अवसर पर हाईस्कूल झिथराटोला में विद्यार्थियों को मास्क एव सेनेटाइजर का वितरण व वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यातिथि श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष भाजपा मंडल, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रशेखर जादौन, चिचोला हाईस्कूल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष केआर बकरे, पूर्व सरपंच चतुर कोसमा, शाला समिति सदस्य पदुम साहू, प्राचार्य हाईस्कूल महेन्द्र साहू, शिक्षक बलराम चंद्रवंशी व समस्त शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान बच्चो को मास्क वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चो को सम्बोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि हमे शासन के नियमानुसार कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए अपनी शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सेहत के साथ साथ भविष्य के लिए शिक्षा हमारे जीवन के अनमोल धरोहर है। इस कार्यक्रम में रविन्द्र वैष्णव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमे कोरोना के तीसरी वेव से बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही समाजसेवी चंद्रशेखर जादौन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे अपने लोगो साथ साथ विद्यार्थियों को जागरूक करने केलिए स्कूलों जा मास्क सेनेटाइजर वितरण कर रहे इसके पीछे हमारा उद्देश्य भविष्य में आनेवाले संक्रमण से हम सब का बचाव हो और हम सब इस भीषण महामारी से लड़ने हम सब मजबूती के साथ खड़े हो सके।



# अधिकारियों और फेडरेशन पदाधिकारियों के बीच हुई गहन बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

एसडीएम कार्यालय गंडई में बीते बुधवार को एसडीएम निष्ठा पांडे तिवारी ने शिक्षकों की समस्याओ को दूर करने के लिए फे डरेशन के पदाधिकारियों और विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच.डी. कोसरे की उपस्थिति में सौहाद्र पूर्ण ढंग से बैठ की।

बता दें कि छुईखदान विकासखंड के संगठन छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फ़ेडरेशन द्वारा 4 अगस्त को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किये जाने का अल्टीमेटम दिया गया था। जिसे बीते मंगलवार को अधिकारियों के बीच औपचारिक चर्चा होने के बाद स्थगित किया था। पदाधिकारियों ने बताया की विकासखंड कार्यालय मे कई समस्याएं लंबित है जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। जिसके चलते शिक्षकों में काफी नाराजगी बनी हुई है। बैठक में मुख्य रूप से परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने, उच्च परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों की अनुमति आदेश निकालने, सर्विस बुक का संधारण तथा इसके अवलोकन के लिए शिक्षकों को उपलब्ध करना, एरियर्स हेतु मांग पत्र तथा लंबित विभिन्न एरियर्स का भुगतान करने, वर्ष 2010 के सहायक शिक्षको की नियमितीकरण आदेश जारी करने के साथ ही संकुलों को जोन मे बांटने का आदेश निरस्त करने सहित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में बीईओ कोसरे ने एसडीएम व पदाधिकारियों को बताया की परामर्शदात्री समिति की बैठक आगामी 25 अगस्त को रखी गई है। उच्च परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों का अनुमति आदेश जारी कर दिया गया है। छूटे हुए शिक्षकों की सूची शीघ्र निकाली जाएगी। सर्विस बुक के अवलोकन हेतु शिविर आयोजित की जाएगी। कोसरे ने कहा कि संकुलो को ज़ोन स्तर मे बन जाने से यदि शिक्षको को दिक्कत हो रही है तो इसे तत्काल निरस्त किया जाएगा।



# गैंदाटोला थाना प्रभारी पर महिला सरपंच ने लगाया गंभीर आरोप, एसडीओपी से शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

गैंदाटोला पुलिस पर दादागिरी के आरोप लगे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत चिरचारी कला की महिला सरपंच पूनम शर्मा ने अंबागढ़ चौकी एसडीओपी से थाना प्रभारी और स्टाफ की शिकायत की है। आरोप लगा है कि थाना प्रभारी और व अन्य पुलिस स्टॉफ द्वारा उनके और पति सुरेश शर्मा से गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि कई दिनों से थाना प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मी उनके परिवार से रंजीश रखे हुए है जिसके चलते ही उनके द्वारा उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ता श्रीमती पूनम शर्मा के पति सुरेश शर्मा भी ग्राम पंचायत के निर्वाचित पंच हैं।

महिला ने शिकायत में बताया कि मेरे पति सुरेशशर्मा का गैंदाटोला में व्यवसाय है और ग्राम पंचायत चिरचारी कला में निर्माण समिति के अध्यक्ष और वार्ड 06 से निर्वाचित पंच है जो कि पंचायत के सामने नाली तक पार्किंग में अपना कार खड़ी कर पंचायत का काम कर रहे थे। तभी एक वाहन आकर रुका और उसके चालक ने गाड़ी हटाने कहा। जब मेरे पति गाड़ी हटाने के लिए कार के पास पहुंचे लेकिन कार चालू नहीं हुई। तब दूसरे वाहन से कुछ लोग बाहर आए। उन्हें देखते ही मेरे पति समझ गए कि यह तो थाना का स्टाफ है और उन्होंने फिर गाड़ी हटाने कहा। जब सुरेश ने गाड़ी खराब होने की बात कही तभी थाना गैंदाटोला एसआई ने आकर महिला सरपंच को भद्दे अपशब्द कहे।

**नशे में धुत्त थे पुलिस कर्मी :** शिकायतकर्ता ने बताया कि पुलिस स्टाफ उस समय नशे में धुत थे। किसी का नशे पर काबू नहीं था। उन्होंने पुलिस स्टॉफ द्वारा धमकी दिए जाने की बात भी कही। शिकायत पत्र में 8 गवाहों के भी दस्तखत हैं। वहीं महिला सरपंच पूनम शर्मा ने इस घटना की जानकारी भोलाराम साहू पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक छन्नी चंदू साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रकाश शर्मा और छुरिया कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन को भी दी है। लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से महिला सरपंच व्यथीत हैं। वे अब महिला आयोग में भी शिकायत करने की बात सामने आ रही है।

**पुराने रंजिश के चलते हुए है विवाद :** सरपंच पूनम शर्मा ने बताया कि इसके कुछ दिन पूर्व भी मेरे जेठ महेंद्र शर्मा को शराब बेचने के आरोप में मारपीट करते हुए थाने ले जाया गया था। उन्हें छुड़वाने के लिए मेरे पति सुरेश शर्मा ने अपने भाई का डाक्टरी मुलाहिजा कर थाने के पुलिस वाले की खिलाफत की थी। हो सकता है इसी रंजिश को लेकर विवाद कर मेरे पति से मारपीट की गई हो।




# सायबर सेल की मदद से मोबाईल चोर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के गोड़लवाही में शादी समारोह दरम्यान मोबाईल चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की घटना 24 मई 2021 की बताई जाती है। युवक द्वारा शादी दरम्यान चार्ज में लगे मोबाईल को चोरी करने की बात कबूलने पर डोंगरगांव पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई कर रिमांड में भेज दिया है।

पुलिस के आधिकारिक विज्ञप्ति मुताबिक विवेक पिता बघेल 24 वर्ष, साकिन गोंड़लवाही ने थाना हाजिर आकर मोबाईल वीवो 20 कीमती 25,000 हजार को 24 मई 2021 को शादी दरम्यान चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना पर डोंगरगांव पुलिस ने एसपी डी श्रवण, एसएसपी सुरेशा चौबे व एसडीओपी कामड़े के मार्गदर्शन में मुखबिर मामूर किया था। पुलिस ने मोबाईल चोरी का मामला सुलझाने सायबर सेल का भी सहारा लिया। आखिरकार मोबाईल हेमंत पिता उमेन्द्र साहू , 21 वर्ष साकिन नवागांव मुड़ीपार थाना सोमनी द्वारा उपयोग में लाने लोकेशन मिलने पर टीम रवाना की गई। पुलिस मुताबिक पुलिस की धरपकड़ में हेमंत पिता उमेन्द्र साहू , 21 वर्ष साकिन नवागांव मुड़ीपार थाना सोमनी से कड़ाई से पूछताछ में सकुनत से चोरी करना कबूल की। आरोपी ने शादी दरम्यान चार्ज में लगे मोबाईल को खिड़की से निकालने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी युवक को 3 अगस्त 2021 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया और उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को शीघ्र ही पेण्ड्री में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला हॉस्पिटल के संचालन और व्यवस्था का अवलोकन किया।

उन्होंने फिजियोथेरेपी विभाग, ऑपरेशन थियेटर, पुरूष सर्जिकल वार्ड, अस्थि रोग विभाग, आईसीयू, प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ड्रेनेज की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए सीजीएमएससी के इंजीनियर को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, अधीक्षक डॉ. संदीप चंद्राकर, सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सोमनी पुलिस ने पकड़ा 6 लाख का गांजा

■ दो आरोपी भी गिरफ्तार, बालाघाट की जा रही थी तस्करी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सोमनी पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से लगभग 6 लाख की कीमत का 76.88 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। वाहन से गांजे के 16 पैकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 3 अगस्त को यह कार्रवाई की थी। बताया गया कि यह वाहन रायपुर से बालाघाट की ओर जा रहा था। जिस बीच सोमनी में ही पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा। मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर ने सूचना दी थी कि नीले रंग की मारूती सुजुकी अर्टिगा कार (सीजी 11 एटी 3823) में सवार दो अज्ञात व्यक्ति अवैध रूप से गांजा का परिवहन कर रहे हैं। जानकारी मिली थी कि आरोपी रायपुर से सोमनी होते हुए बालाघाट (मध्यप्रदेश) की ओर जाने वाले हैं। खबर मिलने पर थाना सोमनी में उपस्थित सभी स्टॉफ रेड कार्यवाही के लिए रवाना हुआ। ग्राम टेड़ेसरा चौक नेशनल हाईवे मेन रोड में नाकाबंदी की गई। मुखबीर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर चार पहिया वाहन सवार दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ पर आरोपियों ने अपना नाम रोहित बर्मन (25) एवं रमेश कोल (28) वर्ष दोनों पेन्ड्रारोड इलाके के निवासी बताया। कार से 16 पैकेट गांजा जो अलग-अलग भूरे रंग का प्लास्टिक में पैक था बरामद किया गया। गांजा की कीमत लगभग 6 लाख 8 हजार रुपए व जप्त मारूती सुजुकी कीमत 2 लाख रूपये को विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है। आरोपियों को बुधवार को एनडीपीएस के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जाकर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## ग्रामीण और शहरी निवेशक सुबह से लाइन लगा रहे, कल तक ही जमा होंगे आवेदन

# चिटफंड से रकम वापसी के लिए पीड़ितों की लंबी कतार, मियाद बढ़ाने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चिटफंड कंपनियों से रकम वसूली के लिए सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को एसडीएम कार्यालय के सामने ठगे गए निवेशकों की लंबी कतार देखने को मिली। सरकार ने 2 से 6 अगस्त तक निवेशकों के लिए रकम वापसी को लेकर दस्तावेजों सहित आवेदन करने की तिथि तय की है। दूसरी ओर इस उमड़ते हुजूम में कईयों को आवेदन जमा किए बगैर ही वापस लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मियाद आगे बढ़ाने और आवेदन जमा करने के लिए काउंटर बढ़ाने की मांग की है।

चिटफंड कंपनियों के जाल में हजारों ग्रामीणों ने अपनी जमा पूंजी गंवाई है। ये पीड़ित सुबह से आवेदन जमा करने कतार लगा रहे हैं। तहसील कार्यालय में बुधवार को सैकड़ों पीड़ितों की लंबी लाईन लगी रही। देर शाम तक यह कतार जस की तस ही रही। कईयों को आवेदन जमा किए बगैर ही वापस लौटना पड़ा। दूसरी ओर शासन ने इस प्रक्रिया के लिए 6 अगस्त तक की ही मियाद तय कर रखी है। तिथि आगे बढ़ाए जाने को लेकर अभी कुछ तय नहीं है क्यूंकि अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में शासन का आदेश जरुरी है।



एसडीएम मुकेश रावटे का कहना है कि शासन द्वारा चिटफंड निवेशकों की राशि वापसी के लिए आवेदन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2 से 6 अगस्त तक निवेशकों से आवेदन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सचिवों के माध्यम से भी आवेदन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के आदेश के बाद आवेदन जमा करने का काउंटर और तिथि में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

### सभी अनुभाग में जमा हो रहे आवेदन

छत्तीसगढ़ शासन गृह (सामान्य) विभाग द्वारा चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों से 6 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में धन वापसी करने आवेदन मंगाया है। इसके लिए अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी मुकेश रावटे, डोंगरगांव अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी हितेश पिस्दा, अनुभाग मोहला के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी ललितादित्य नीलम, अनुभाग मानपुर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी राहुल रजक, अनुभाग डोंगरगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी अविनाश भोई, अनुभाग खैरागढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी लवकेश ध्रुव एवं अनुभाग गंडई-छुईखदान के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी को चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों से निर्धारित प्रपत्र में धन वापसी करने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है।

# जैनम ने की कार्यकारिणी की घोषणा



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, व्यापारी प्रकोष्ठ ज़िला संयोजक राजा मखीजा एवं दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी की सहमती से मंडल संयोजक जैनम बैद ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें सह-संयोजक चिंटू सोनी, कुणाल शर्मा, कमलेश वधवा, राहुल जयसवाल, तनवीर सिंग, कोषाध्यक्ष भव्य गोलछा बनाए गए हैं। कार्यालय मंत्री शिवम लोढ़ा, कार्यक्रम प्रभारी सौरभ भंसाली, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र अवचट, सोशल मीडिया प्रभारी गौतम पंजवानी बनाए गए हैं। वहीं सदस्य- रोहित अवचट, दीपक सिन्हा, सौरभ शर्मा, करण बैद, संयम गोलछा, श्रेयांश पारख एवं विनीत गोलछा बनाए गए हैं।

## Olympic Games Tokyo 2020

# टोक्यो ओलिंपिक में भारत को तीसरा पदक, लवलीना की झोली में कांस्य

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक में बुधवार 4 अगस्त को 13वें दिन का खेल खेला जा रहा है। भारत की शुरुआत शानदार हुई है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में टॉप पर रहते हुए क्वालीफिकेशन राउंड पूरा किया और फाइनल राउंड में जगह बनाई। वहीं, पहलवान रवि दहिया और दीपक पूनिया ने भी क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हार गई और उनके झोली में कांस्य पदक आया। टोक्यो ओलिंपिक में भारत के नाम अब तक तीन पदक हो गए हैं।



### सेमीफाइनल में हारीं लवलीना

भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। लवलीना को महिलाओं के वेल्टरवेट (64-69 किग्रा) सेमीफाइनल मैच में वर्ल्ड चैंपियन तुर्की की बुसेनाज़ सुरमेनेली ने 0-5 से हराया। हालांकि, वह कांस्य पदक पहले ही सुनिश्चित कर चुकी हैं।

### रवि व पूनिया पहुंचे सेमीफाइनल में

57 किलोग्राम भार वर्ग में रवि कुमार ने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वह तकनीकी श्रेष्ठता से क्वार्टर फाइनल जीतने में सफल हुए हैं। रवि ने 14-4 से बुल्गारिया के जॉर्जी वांगेलोव को हराया। अब रवि कुमार को कजाकिस्तान के नुरिस्लाम सनायेव से सेमीफाइनल में भिड़ना होगा। वहीं, दीपक ने अपना क्वार्टर फाइनल मैच जीत लिया है। 87 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने 3 अंकों की बढ़त से जीता है और रवि के बाद दीपक भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। चीन के लिन जुशेन को दीपक पूनिया ने 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है, जहां उनका मुकाबला यूएसए के डेविड मॉरिस टेलर से होगा।

### पूनिया को मिली जीत

भारत के स्टार पहलवान दीपक पूनिया ने नाइजीरिया के एकरेकेमे एगियोमोर को ञ्शश्द्म4श 2020 के 86 च्त्त 1/8 फाइनल में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूनिया ने 12-1 से एगियोमोर को हराया है। अब उनका सामना क्वार्टर फाइनल में चीन के लिन जुशेन से होगा।

## हॉकी खिलाड़ी सुरेंद्र को नए मकान का तोहफा देंगे पिता मलखान सिंह

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक में कुरुक्षेत्र का लाल सुरेंद्र कुमार पालड़ देश की झोली में पदक डालने के लिए पसीना बहा रहा है और यहां कुरुक्षेत्र में सुरेंद्र का परिवार उसके लिए नया मकान जल्द से जल्द तैयार करवाने के लिए पसीना बहा रहा है। देश के लिए पदक लेकर लौटे बेटे सुरेंद्र को उसके पिता मलखान सिंह नए मकान का तोहफा देंगे। नए मकान को जल्द से जल्द तैयार करने के लिए पिछले 15 दिनों से करीब 12 कारीगर दिनरात एक किए हुए हैं। ओलिंपियन सुरेंद्र कुमार के लिए तैयार किए जा रहे मकान में दो जगह ओलिंपिक के चिन्ह भी लगाए गए हैं। सुरेंद्र लगातार दूसरी



बार ओलिंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि इससे पहले सुरेंद्र का परिवार सेक्टर आठ में ही छोटे से मकान में रह रहा है। करीब साल भर पहले नए मकान का काम शुरू किया गया था। कुरुक्षेत्र के सेक्टर आठ में तैयार किए जा रहे इस दो मंजिला मकान में कारीगर रसोई से लेकर बाथरूम और कमरों तक को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

## हरियाणा के किसान के बेटे ने ओलिंपिक में किया कमाल, परिजनों से किया वादा बखूबी निभाया

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक में बुधवार को सोनीपत के गांव नाहरी के बेटे रवि दहिया ने कमाल कर दिया। रवि कुश्ती से पहले मंगलवार को अपने छोटे भाई पहलवान पंकज और चचेरे भाई पहलवान संजू से वीडियो काल पर बात की। रवि ने दोनों से कहा कि ऐसा खेल दिखाउंगा की दुनिया देखती रह जाएगी।...और रवि ने सचमुच ऐसा ही खेल दिखाया। रवि ने दोनों विरोधी पहलवानों को दस से अधिक अंकों के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बुधवार सुबह टोक्यो ओलंपिक में गांव नाहरी के अंतरराष्ट्रीय पहलवान रवि दहिया (57 किलोग्राम) ने क्वालीफाइंग मैच से ही विजय अभियान की शुरुआत की। रवि ने कोलंबिया के पहलवान को 13-2 से हराया। इसके कुछ देर बाद ही क्वार्टरफाइनल में बुल्गारिया के पहलवान को 14-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रवि को छोटा भाई पंकज और चचेरा भाई संजू भी पहलवान है। पंकज और संजू मंगलवार को रवि ने पंकज



और संजू से वीडियो काल के जरिये बात की और कहा कल ऐसा खेल दिखाउंगा की दुनिया याद रखेगी। इसे साबित करते हुए रवि ने सचमुच ऐसा ही खेल दिखाया। दोनों विरोधी पहलवानों को एकतरफा मुकाबलों में हराते हुए जीत दर्ज की। अब दोपहर 2:45 बजे सेमीफाइनल में रवि का मुकाबला कजाखस्तानी पहलवान से होगा।

## ICC T20 World Cup: 24 अक्टूबर को खेला जाएगा भारत-पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मुकाबला

**नई दिल्ली।** आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में इंडिया-पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला कब खेला जाएगा। इसकी जानकारी सामने आ गई है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई में 24 अक्टूबर को खेला जाएगा। उन्होंने कहा, ' हां, चिर प्रतिद्वंदी 24 अक्टूबर को भिड़ेंगे।'



पिछले महीने, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच ओमान और संयुक्त अरब अमीरात में बीसीसीआइ की मेजबानी में होने वाले मेंस टी-20 विश्व कप 2021 के लिए ग्रुप की घोषणा की थी। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान को सुपर 12 के ग्रुप 2 में रखा गया है। 20 मार्च, 2021 तक टीम रैंकिंग के आधार पर ग्रुप तय किए गए हैं।

बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप मुकाबलों का आयोजन दो दौर में होगा। इसे राउंड-1 और सुपर-12 नाम दिए गए हैं। राउंड-1 में आठ टीमें होंगी। इनमें श्रीलंका और बांग्लादेश ने स्वतः क्वालीफाई किया है। इसके अलावा आइसीसी मेंस टी-20 विश्व कप क्वालीफायर 2019 के जरिये छह अन्य टीमों ने अपने स्थान पक्के किए हैं। इन आठ टीमों को दो ग्रुप ग्रुप-ए और ग्रुप-बी में बांटा गया है। ग्रुप-ए में श्रीलंका के अलावा आयरलैंड, नीदरलैंड्स और नामीबिया हैं। वहीं ग्रुप-बी में बांग्लादेश के अलावा ओमान, पपुआ न्यू गिनी और स्काटलैंड की टीम है। इन दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सुपर-12 में जाएंगी। सुपर-12 में भी दो ग्रुप होंगे, जिन्हें ग्रुप-1 और ग्रुप-2 नाम दिए गए हैं।

गत चैंपियन वेस्टइंडीज को सुपर 12 के ग्रुप 1 में पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। इसमें राउंड 1 से दो क्वालीफाई करने वाली दो टीमें भी होंगी। ग्रुप 2 में पूर्व चैंपियन भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान को रखा गया है। इसमें राउंड 1 से क्वालीफाई करने वालीं अन्य दो टीमें भी शामिल होंगी।

## कोलकाता के लिए बड़ी खुशखबरी, यूएई में दूसरे हाफ में खेलेंगे इयोन मोर्गन

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2021 का दूसरा हाफ 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए अच्छी खबर सामने आई है। कप्तान इयोन मोर्गन ने पुष्टि कर दी है कि वह टूर्नामेंट के 14वें सत्र के दूसरे हाफ में हिस्सा लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश के खिलाफ सितंबर-अक्टूबर में होने वाली तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने स्थगित कर दी है। इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान ने यह जानकारी दी है। इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी आइपीएल 2021 के दूसरे हाफ में हिस्सा लेंगे या नहीं? इसे लेकर मोर्गन ने कहा कि यह सभी का निजी फैसला होगा। मोर्गन फिलहाल द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की ओर से खेल रहे हैं। मंगलवार को उनकी टीम को नॉर्दर्न



सुपरचार्जर्स से हार का सामना करना पड़ा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार इस मैच के बाद उन्होंने पुष्टि की कि आइपीएल के बाकी बचे मैचों में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने आइपीएल में खेलने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ियों के लिए कहा कि बांग्लादेश दौरा स्थगित होने के बाद वे लीग में शामिल होना है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका व्यक्तिगत फैसला होगा।

# बिजनेस

## ऊबर रेंटल सर्विस अब देश के 39 शहरों में उपलब्ध; न्यू नॉर्मल के इस दौर में उपभोक्ताओं की यात्रा संबंधी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने में कारगर

**रायपुर।** ऊबर ने घोषणा की कि इसकी रेंटल सेवाएं अब 39 शहरों में उपलब्ध हैं, बड़ी संख्या में राइडर अपने दोस्तों एवं परिवारजनों से मिलने, बिज़नेस मीटिंग एवं ऑफिस के कामों के लिए मल्टी-आवर, मल्टी-स्टॉप के विकल्प चुन रहे हैं। जून 2020 में इस प्रोडक्ट लॉन्च के बाद से यूज़र्स अपने विभिन्न कामों, राशन की खरीददारी, पूजास्थल पर जाने, घर बदलने, फ्लैट ढूंढने आदि के लिए इस सेवा का उपयोग कर रहे हैं। उपभोक्ता अपने रोज़मर्रा के जीवन में परिवहन के सुविधाजनक, किफ़ायती एवं सुरक्षित समाधान चाहते हैं, ऐसे में ऊबर रेंटल न्यू नॉर्मल के इस दौर में परिवहन के किफ़ायती विकल्पों को उनके लिए आसान बनाता है। कंपनी ने यह भी बताया कि खासतौर पर दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों में मांग अधिक होने के कारण इस सर्विस में हर माह दोहरे अंकों की बढ़ोतरी हो रही है, जहां एक ट्रिप औसतन 2 घण्टे की होती है।

पिछले साल लॉकडाउन बढ़ाए जाने के बाद लोगों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए ऊबर ने रेंटल सर्विस का लॉन्च किया, जिससे ड्राइवर पार्टनर्स के लिए भी कमाई के अवसर बढ़े हैं।

इस 24/7 ऑन-डिमांड सर्विस के साथ राइडर कई घण्टों के लिए कार और ड्राइवर बुक कर सकते हैं, वे अपनी सुविधानुसार मल्टीपल स्टॉप्स के विकल्प चुन सकते हैं, ऐसे में यह राईड उन्हें अपनी कार जैसा अनुभव प्रदान करती है। जिससे उनके कई काम आसानी से हो जाते हैं, ज़रूरी काम हो या बिज़नेस अपॉइन्टमेन्ट उन्हें एक के बाद एक कई राईड्स बुक करने की ज़रूरत नहीं होती। जॉनी, हैड ऑफ साउथ ईस्ट एशिया, फ्रेशवर्क्स और बैंगलोर के निवासी ने बताया, ''ऊबर रेंटल मेरे लिए परिवहन का पसंदीदा विकल्प है, खासतौर पर उन दिनों के लिए जब मुझे एक ही दिन में कई स्थानां पर जाना होता है। अभी हाल ही में हमने इसका उपयोग किया, जब हम वैक्सीन लगवाने गए थे। एक ही ड्राइवर के साथ 3-4 घण्टे तक राईड बेहद आसान और सुविधाजनक हो जाती है, हम मल्टीपल स्टॉप्स चुन सकते हैं, इससे हर बार हमें एक नई कैब के लिए इंतज़ार नहीं करना पड़ता। निश्चित रूप से यह परिवहन का आसान और सरल तरीका है।''

इस सर्विस की सफलता पर बात करते हुए रतुल घोष, हैड, राइडर ऑपरेशन्स, ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, ''ऊबर में हम हमेशा से परिवहन के आसान एवं आधुनिक समाधान लाते रहे हैं, जो हमारे समुदायों की बदलती ज़रूरतों को पूरा कर सकें। हमारे बहुत से राइडर अब नए उपयोग के मामले और अलग-अलग ज़रूरतें हैं जिनमें से एक न्यू नॉर्मल के इस दौर में वे राइड के लिए मल्टी-ऑवर, मल्टी-स्टाप के विकल्प चुन सकते हैं।

## नए जगुआर एफटाइप आर-डायनैमिक ब्लैक मॉडल के लिए बुकिंग शुरू

**मुंबई।** जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने आज घोषणा की है कि भारत में नए जगुआर एफ्टाइप आर-डायनैमिक ब्लैक मॉडल की बुकिंग शुरू हो गई है। जगुआर एफ्टाइप आर-डायनैमिक ब्लैक 5.0 लिटर सुपरचार्ज्ड वी8 इंजन पर उपलब्ध है जो 331 केडब्लू का पॉवर और 580 एनएम का टॉर्क डिलीवर करता है। रोहित सूरी, प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने कहा, ÷एफ्टाइप आर-डायनैमिक ब्लैक मॉडल की पेशकश के साथ, एकदम सही अनुपात वाली और असाधारण रुप से खूबसूरत एफ्टाइप अब पहले से भी बहुत ज़्यादा आकर्षक हो गई है। यह स्पोर्ट्स कार के असली शौकीनों के लिए इससे संतुष्ट और आनंदित होने की और भी ज़्यादा वजहें प्रदान करती है। नए आर-डायनैमिक ब्लैक मॉडल में, एफ्टाइप का प्योर, गढ़ा हुआ फॉर्म ग्लॉस ब्लैक फिनिश के साथ ब्लैक पैक और 50.8 सेमी (20) फाइव स्प्लिट-स्पोक व्हील से और विशिष्ट हो गया है। इसे तीन मैटेलिक पेंटः सैंटोरिनी ब्लैक, आइगर ग्रे या फिरेन्ज़( रेड में पेश किया गया है। ड्राइवर केंद्रित '1+1' केबिन में बैठने वालों के लिए समृद्ध लक्जूरियस सामग्री मौजूद है। स्लिमलाइन परफॉर्मेन्स सीटें 12 तरीकों से एडजस्ट की जा सकती हैं और इन्हें विंडसर लेदर में ट्रिम किया गया है और इसमें लाइट ऑइस्टर कॉन्ट्रास्ट स्टिचिंग के साथ ईबोनी या ज्यादा स्पोर्टी थीम फ्लेम रेड स्टिच के साथ मार्स का विकल्प दिया गया है।

## अक्ज़ोनोबल की ओर से ड्यूलक्स ने भारत का पहला यू.एस.डी.ए सर्टिफाईड बायो-बेस्ड पेंट 'ड्युलक्स बेटर लिविंग एयर क्लीन बायोबेस्ड' प्रस्तुत किया

**रायपुर।** पेंट के लिए अपने उत्साह के साथ इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाते हुए अक्ज़ोनोबल इंडिया ने आज अपने सबसे एक्सक्लुसिव, सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन का लाँच किया, जो स्वास्थ्य एवं सेहत को सर्वोपरि रखता है। यह नया इनोवेशन 'ड्युलक्स बेटर लिविंग एयर क्लीन बायोबेस्ड' भारत का पहला यू.एस.डी.ए (यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर) सर्टिफाईड बायो-बेस्ड पेंट है और इनडोर हवा को शुद्ध करता है ताकि आपका घर ज्यादा सेहतमंद रहे। ड्युलक्स बेटर लिविंग एयर क्लीन बायो बेस्ड में 26 प्रतिशत बायो-बेस्ड सामग्री (जो सस्टेनेबल वनस्पति आधारित स्रोतों से मिलती है) है। इसके अलावा, इसमें प्राकृतिक तत्वों के गुण जैसे एक्टिव बैंबू चारकोल एवं टी ट्री ऑयल हैं, जो इसे पेंट के लिए एक स्मार्ट व सस्टेनेबल समाधान बनाते हैं। प्राकृतिक सस्टेनेबल फॉर्मुलेशन के स्वास्थ्य व सेहत के फायदों के लिए अक्ज़ोनोबल का प्रोप्रायटरी इनोवेशन -द प्योर एयर टेक्नॉलॉजी है। दीवार एवं छत पर पेंट होने के बाद यह टेक्नॉलॉजी घर के वातावरण में इनडोर हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों (जैसे दैनिक कामों जैसे कुकिंग, धूम्रपान, एवं घरेलू सामान जैसे कारपेट, फर्नीचर आदि द्वारा उत्सर्जित फार्मेल्डिहाईड एवं वीओसी, यानि वोलेटाईल ऑर्गेनिक कंपाउंड) को न्यूट्रलाईज़ कर देती है।

## अपने ब्रांड के ऑनलाईन प्रवेश एवं लॉन्च के बारे में क्रिकेट आईकन, वीरेंद्र सहवाग ने कहा, "वीएस भारत में लाखों युवाओं की फिटनेस एवं स्पोर्टिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया

**रायपुर।** क्रिकेट लीजेंड, वीरेंद्र सहवाग के एक्टिव वियर एवं स्पोर्ट्सवियर ब्रांड, 'वीएस बाय सहवाग' ने 2026 तक पाँच मिलियन ग्राहक हासिल करने के लक्ष्य के साथ ऑनलाईन एवं ई-कॉमर्स में अपने प्रवेश की घोषणा की। इस नए ऑनलाईन स्टोर में ब्रांड के एथलेज़र एवं क्रिकेट ईक्विपमेंट उत्पाद होंगे, जो भारत में वीरू के लाखों फैंस एवं फिटनेसप्रेमियों के लिए एक क्लिक की दूरी पर होंगे। इन उत्पादों की डिलीवरी घर पर की जाएगी। वीरेंद्र सहवाग के संक्षिप्त नाम के साथ इसी नाम के ब्रांड, वीएस का लॉन्च 2020 में किया गया। यह ब्रांड एथलेज़र की किफायती श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जिनकी क्वालिटी एवं कम्फर्ट प्रतिष्ठित ग्लोबल ब्रांड्स के समान हैं।


# बॉलीवुड

## अर्जुन ने बताई जाह्नवी के नहाने से जुड़ी एक अजीब आदत, भाई-बहनों ने खोली एक-दूसरे की पोल

**मुंबई।** अर्जुन कपूर और जाह्नवी रीसेंटली एक मैगजीन के कवर पर साथ नजर आए थे। अब दोनों ने साथ बैठकर मजेदार रैपिड फायर किया है। अर्जुन ने इस वीडियो को टाइटल दिया है 'बक-बक विद बाबा'। वीडियो काफी मजेदार है। जान्हवी और अर्जुन ने इसमें अपने बारे और एक-दूसरे के बारे मजेदार बातें बताई हैं। अर्जुन ने ये भी बताया है कि जाह्नवी सूटकेस लेकर घूमती हैं और कहीं भी शॉवर लेने लगती हैं।

### अर्जुन हैं ज्ञानी बाबा, देते हैं अडवाइस

जाह्नवी कपूर और अर्जुन कपूर करण जौहर के टॉक शो 'कॉफी विद करण' में साथ नजर आए थे। अब दोनों ने साथ बैठकर फिर से रैपिड फायर खेला। इसमें दोनों ने अपने बारे में कई बातें बताईं जैसे, जाह्नवी और अर्जुन दोनों को ही बीच पसंद है। अर्जुन कपूर काफी ज्ञान देते हैं और जाह्नवी को उनकी अडवाइस बुरी नहीं लगतीं। वहीं अर्जुन ने बताया कि जाह्नवी सूटकेस लेकर घूमती रहती हैं और दुनिया के किसी भी कोने में नहा सकती हैं। इस पर जाह्नवी



ने भी हामी भरी और बोलीं, हां अगर आपके घर में बाथरूम है, मैं आ रही हूं शॉवर लेने।

### जाह्नवी की वजह से अच्छा हुआ पिता से रिश्ता

रीसेंटली अर्जुन कपूर बता चुके हैं कि जाह्नवी और खुशी की वजह से उनके पिता बोनी कपूर से रिश्ते सुधरे हैं। Harperas Bazaar India को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मैं अपने पिता का जितना साथ जितना चाहता था, उतना नहीं मिला लेकिन जाह्नवी खुशी की वजह से वह बैरियर दूर हो गया। अब उनसे सच्चा रिश्ता बन गया।

## Shah Rukh Khan की बेटी सुहाना खान ने पहली बार शेयर की ऐसी तस्वीर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड किंग शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान हमेशा ही चर्चा में बनीं रहती हैं। सुहाना ने अभी भले ही फिल्मों में डेब्यू नहीं किया हो, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग हमेशा ही हाई रहती है। सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती हैं। यही नहीं, सुहाना अक्सर दोस्तों संग पार्टी की तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।

इसी बीच सुहाना की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है, जो तेजी से वायरल हो रही है। सुहाना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह अलग अलग फेस एक्सप्रेशन में नजर आ रही हैं।

## मैं अच्छी इंग्लिश नहीं बोल पाती रिवीलिंग कपड़े नहीं पहनती इसलिए हिंदी इंडस्ट्री में ब्रेक नहीं मिल पाता



**नई दिल्ली।** हरियाणवी डांसर सपना चौधरी आज किसी इंट्रोडक्शन की मोहताज नहीं हैं। अपने डांस से सबको दीवाना बनाने वाली सपना देश का जाना माना चेहरा हैं। कुछ साल पहले सपना टीवी रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में नज़र आई थीं, उसके बाद उनकी फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इज़ाफा हुआ और एक छोटे से शहर में पहचानी जानी वाली सपना को पूरे देश में पहचाना जाने लगा। एक स्टेज डांसर से एक्ट्रेस बनने तक का सफर तय करने में सपना को 15 साल लग गए, एक्ट्रेस के ठुमकों पर लाखों दिल धड़कते हैं। लेकिन इसके बावजूद एक्ट्रेस का कहना है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाने में वो कामयाब नहीं हो पा रही हैं। सपना ने कहा, 'इस इस साल इंडस्ट्री में 15 साल पूरे कर चुकी हूं। मैं हिंदी फिल्म और टीवी शो में काम करना चाहती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं रिजनल इंडस्ट्री (हरियाणा) से आती हूं इसलिए मुझे यहां अपना टैलेंट दिखाने का चांस नहीं दिया जाता। मैं स्किन रिवीलिंग कपड़े नहीं पहनना चाहती, मैं फर्राटेदार अंग्रेजी नहीं बोल सकती, ये मेरे लिए सबसे बड़ी बाधा है।

## वाइफकी डेथ के बाद मुग्धा गोडसे संग डेट करके राहुल देव को हुआ अपराधबोध?



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राहुल देव को फिल्म इंडस्ट्री को कई सारी फिल्में दिया है और ज्यादातर फिल्मों में उन्होंने विलेन और सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर भूमिका निभाई है। हालांकि कई फिल्मों में उन्होंने एक्शन और खतरनाक स्टंट दिखाकर दर्शकों को दिवाना बना चुके हैं। हालांकि राहुल अपने प्रोफेशन से कहीं ज्यादा अपने पर्सनल लाइफको लेकर खबरें में रहे हैं। अब अपने हालिया इंटरव्यू में राहुल 'अभिनेत्री मुग्धा गोडसे संग फर्स्ट डेट से लेकर, अपने बेटे सिद्धार्थ देव की रिएक्शशन' के बारें में बात किया है। आपको बता दें कि राहुल की वाइफरीना देव का साल 2009 में कैंसर की वजह निधन हो गया। राहुल के पहली शादी के एक बेटा सिद्धार्थ देव है। अपनी वाइफकी निधन के चार बाद राहुल अपने से 14 साल छोटी अभिनेत्री मुग्धा गोडसे को डेट करने लगे थे।

# 12 करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप में जिला अस्पताल के 6 कर्मचारी निलंबित, एक रिटायर्ड कर्मचारी भी निलंबित

## सामग्री खरीदी में भंडार क्रय नियमों का उल्लंघन कर भ्रष्टाचार करने का आरोप

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर खबर का असर

कलेक्टर महादेव कावरे ने जिला चिकित्सालय जशपुर के 06 कर्मचारियों को किया निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने जिला अस्पताल जशपुर में वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में की गयी वित्तीय अनियमितता की जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन 11 जून 2021 के अनुसार छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम 2002 यथा संशोधित नियम 2004 के नियम 08 के अनुसार नियमों का पालन नहीं करते हुए तथा अभिलेखों का संधारण न कर वित्तीय अनियमितता पाये जाने के फलस्वरूप जिला चिकित्सालय जशपुर के लेखापाल संदीप दास, लेखापाल सुरेश टोप्पो, लेखपाल जोगी राम, स्टोर लिपिक स्वाधीन साहू, स्टोर लिपिक तेज प्रसाद चौहान, स्टोर प्रभारी हरी प्रसाद डनसेना को सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर निर्धारित किया गया है। उक्त अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

जनता के रूपयों की बंदरबांट : 12 करोड़ की अनियमितता उजागर, बिना टेण्डर 7 करोड़ की खरीदी




जिला अस्पताल में भंडार क्रय नियमों में अनियमितता करने के आरोप में 6 कर्मचारियों को निलंबित किया गया है।

**महादेव कावरे,**
कलेक्टर जशपुर

## यह है पूरा मामला

दो वर्षों में नर्सों व कर्मचारियों के लिए 57 लाख 14 हजार 897 रूपए के केवल कपडे खरीदे गए। और मजे की बात यह है कि जिस फर्म का नामोनिशान नहीं है उस फर्म से भ्रष्ट अधिकारीयों ने खरीदी कर ली।जिसमें कुमुद टेक्सटाईल खादी गम्हरिया जशपुर को 10 लाख से ऊपर की राशि का भुगतान किया गया है। जाँच टीम को यह पता चला कि यह फर्म ग्रामोद्योग में पंजीकृत ही नहीं है। जबकि नियमानुसार हथकरघा विकास को यह आर्डर जारी करना था वह भी भण्डार क्रय नियमों के अनुसार। मेसर्स कुमुद वस्त्रालय से भी लाखों की खरीदी बिना नियमों के की गई है। उक्त दो वर्षों में मेडिकल सामग्री, विद्युत सामग्री, सर्जिकल सामान, मेडिसीन, वस्त्र, कंप्यूटर समेत अन्य सामग्री की खरीदी का भुगतान सिविल सर्जन द्वारा किया गया है।जिसकी राशि लगभग 1 करोड़ 67 लाख 5 हजार



704 रूपए है। विभिन्न फर्मों को उक्त राशि का भुगतान किया गया है जबकि खरीदे गए सामान स्टाक में उपलब्ध नहीं हैं और न ही स्टाक रजिस्टर में उनकी इंट्री की गई है। लगभग 4 बिल व्हाउचर के माध्यम से फर्म सुनील मिश्रा को 21 लाख 2 हजार 635 रूपए का भुगतान निर्माण कार्य के एवज में किया गया है।जबकि उक्त निर्माण कार्य का मूल्यांकन किसी इंजिनियर द्वारा नहीं कराया गया है।वहीं बात करें सिविल सर्जन को प्राप्त अधिकारों की तो 25 हजार से अधिक की राशि की मरम्मत ,रिपेयरिंग का अधिकार सिविल सर्जन को नहीं है जबकि 21 लाख से अधिक का भुगतान कर दिया गया है को बड़ी आर्थिक अनियमितता है। जिला अस्पताल द्वारा 80 बिल व्हाउचर के माध्यम से विभिन्न फार्मों से 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार 453 रूपए की खरीदी की गई है जिसमें क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। उक्त खरीदी में दवाईयां,मेडिकल सामान, उपकरण क्रय शामिल हैं। छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 के नियम 4.3.3 के तहत खुली निविदा जारी नहीं की गई है। क्रय समिति का गठन नहीं किया गया है और न ही क्रय समिति द्वारा सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया है। वहीं वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए श्याम सर्जिकल व मेसर्स रायपुर साईंटिफिक को करोड़ों का भुगतान किया गया है। इसके अलावा जांच टीम को अन्य मामलों में भी आर्थिक अनियमितता मिली है जिसकी लिस्ट लम्बी है।

# विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर उन्हें स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दंतेवाड़ा के माटी पुत्र, बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा जी की जयंती पर उन्हें स्मरण कर दी श्रद्धांजलि। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, महेंद्र कर्मा छत्तीसगढ़ राज्य से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आदिवासी राजनीतिक नेता थे। वह 2004 से 2008 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। 2005 में उन्होंने छत्तीसगढ़ में माओवादी समूह नक्सलियों के खिलाफसलवा जुडूम आंदोलन के आयोजन में एक शीर्ष भूमिका निभाई। 2000 से 2004 में राज्य गठन के बाद से कैबिनेट में उद्योग और वाणिज्य मंत्री थे। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ आंदोलन का प्रणेता कहा जाता है। आदिवासी नेता महेंद्र कर्मा को बस्तर का टाइगर कहा जाता था. नक्सलवाद के खिलाफ उन्होंने 2005 में सलवा जुडूम अभियान शुरू किया था. सलवा जुडूम यानि नक्सलियों से लड़ने की ताकत दी थी। सलवा जुडूम के तहत आम लोगों को हथियार देकर नक्सली आतंकियों से निपटने की ट्रेनिंग दी जाती थी। वही दूसरी ओर दंतेवाड़ा के माटी पुत्र, बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा जी के जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता संग्राहकों को 'महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना' की शुरुआत उनके सम्मान पर समर्पित है।

# प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार, बिक्री की रकम एवं 74 शीशी कफ सिरप जब्त

**रायपुर।** नशीली कफ सिरप बेचने की सूचना पर रायपुर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 74 नग कफ सिरप एवं बिक्री की नगदी रकम 3200 रुपये जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की बीति रात नेहरुनगर ढलान के पास एक व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप एक लाल रंग की बैग में रखकर बेचने की सूचना पर मौके पर पहुंच घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ उसके कब्जे से 74 शीशी कफ सिरप प्रत्येक शीशी में 80 एमएल अनुमानित कीमत 8880 रुपये एवं बिक्री की रकम 3200 रुपये बरामद की है। पकड़े गए आरोपी के नाम पुछने पर उसने अपना नाम नवीन नायक 26 वर्ष पिता विनोद कुमार नायक निवासी कालीबाड़ी कोतवाली रायपुर बताया है। आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाही की गई है।

# बाघों का आंकडा सार्वजनिक करना शिकारियों को आमंत्रण देना है : महेश गागडा

## सागौन की कटाई पर बयान देने से बचते रहे, बाघों का आंकड़ा देने में देर नही किया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता एवं पूर्व वनमंत्री महेश गागडा ने कहा है कि इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों को संरक्षित करने के लिए सरकार योजना बनाती है, और विभाग की जिम्मेदारी होती है कि वन्यजीवों को सुरक्षित रखा जाये लेकिन पिछले कुछ दिनो पूर्व इंद्रावती टाईगर रिजर्व विभाग के द्वारा पांच बाघों का आंकडा सार्वजनिक करना शिकारियों को सीधे आमंत्रण देना है। पूर्व वनमंत्री महेश गागडा ने कहा है कि कुछ दिनों पहले बाघ के खाल के साथ बीजापुर के कांग्रेस नेता सहित शासकीय कर्मचारियों को जगदलपुर में पकडा गया। और सप्ताह भर पहले बीजापुर के ग्राम चंदुर के दो व्यक्तियों को बाघ के खाल के साथ तेलंगाना के मुनगु में पकडा गया तेलंगाना वन विभाग ने वन अधियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। उन्होने कहा कि इस समय वन विभाग को वन्य प्राणियों का आकडा सार्वजनिक नहीं करना चाहिए था। उन्होने इंद्रावती टाईगर रिजर्व पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दिनों में बफर जोन से लगे बीजापुर नगर में अवैध सागौन की कटाई को लेकर इंद्रावती टाईगर रिजर्व के अधिकारी मीडिया में बयान देने से बचते नजर आये। लेकिन उपसंचालक डीके मेहर ने पांच बाघो की पुष्टि करने में देरी नही की और आकडों को सार्वजनिक कर दी आंकडो को सार्वजनिक करने का मतलब शिकारियों को आमंत्रण देना है।

# हाथियों से होने वाले नुकसान से बचाने खुले में धान रखने का प्रयोग सफल : मोहम्मद अकबर

## सुरजपूर वनमंडल में तीन अलग-अलग स्थानों में हाथियों के दल ने खुले में रखा धान खाया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



हाथियों से मानव को होने वाली हानि को रोकने गांवों में हाथियों के दल के लिए खुले स्थान पर धान रखने का जो प्रयोग किया गया है, वह सफल होता दिख रहा है। प्रदेश के तीन अलग-अलग वनमंडलों में खुले स्थान पर धान रखा गया था। इसमें से सुरजपूर वनमंडल के तीन स्थानों पर हाथियों के दल ने 14 क्विंटल धान खाया है। प्रदेश के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने हाथियों से होने वाले नुकसान को रोकने किए जा रहे प्रयास के संबंध में आज मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि प्रदेश के सुरजपूर, धरमजयगढ, बालोद वनमंडल में अलग-अलग स्थानों पर खुले में धान रखा गया था। इसमें से सुरजपूर वनमंडल के बंशीपूर 1682, 1683 में हाथी ने 04 क्विंटल धान खाया है। इसी तरह टुकुडांड 43 में 04 क्विंटल तथा बगड़ा पी-9 में हाथी ने 06 क्विटल धान खाया है। मंत्री अकबर ने बताया कि इस समय 16 हाथियों का दल कुल 307 हाथी राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रमुख रूप से रेहन, तमोर पिंगला, बादलखोल अभ्यारण, प्रतापपुर, रघुनाथपुर, तपकरा, कुनकुरी, मनोरा, दुलदुला, छाल, धरमजयगढ़, कापू लैलूंगा, बोरा, बाकारूमा कुदमुरा, करतला, पसांद, कटघोरा, रायगढ़ घरघोड़ा, तमनार, बलोद, मैनपुर, कोठारी, में विचरण कर रहें हैं। अब तक 09 हाथियों की रेडियो कालरिंग की गई है। हाथी मानव द्वंद रोकने के लिए हाथियों के आगमन की पूर्व सूचना गांवों में वायरलेंस, मोबाईल, एवं माईक से मुनादी कर प्रसारित करना एवं ग्रामीणों को हाथियों के साथ साहचर्य बनाने हेतुसमझाईस दिया जा रहा है। प्रभावित ग्रामीणों को समय-समय पर मुआवजा भुगतान किया गया है। वन मंत्री ने जानकारी दी कि बहुद्देश्यीय गजराज वाहन के उपयोग से प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाया जा रहा है आवश्यकतानुसार गांव में हाथी मित्र आदि का गठन किया गया है। आकाशवाणी कार्यक्रम हमर हाथी हमर गोठ के माध्यम से प्रतिदिन सायं 05.30 बजे हाथियों के संभावित विचरण का प्रसारण हो रहा है। हाथियों के आगमन की जानकारी विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त करने इंटरनेट का उपयोग भी किया जा रहा है। प्रभावित गांव में ध्वनि, प्रकाश उत्पन्न करने के लिए एप आधारित एलिफेंट अर्लट सिस्टम सजग लगाया गया है। हाथी जब रहवास क्षेत्र की ओर जाते हैं तो वह उसी क्षेत्र को क्षतिग्रस्त करते हैं जहां चावल, धान, महुआ रखा होता है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि वन विभाग ने प्रयोग के तौर पर रहवास क्षेत्र को हाथियों से बचाने के लिए यह तय किया है कि वे गांव में जिस ओर हाथियों का दल आने वाला है वहां अर्लट सिस्टम के जरिए गांव वालों को हाथियों की आगमन की सूचना देना तथा यह जाने हुए की वे भोजन की तलाश में आ रहे हैं।

# हल्दीराम कंपनी का फ्रेन्चाइजी डिस्ट्रीब्यूटर देने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**रायपुर।** हल्दीराम कंपनी का फ्रेन्चाइजी डिस्ट्रीब्यूटर लेने ऑनलाईन अप्लाई करने पर एक व्यक्ति ठगी का शिकार हो गया। ठग पीड़ित से पंजीयन शुल्क सिक्योरिटी मनी के नाम पर 2 लाख 600 रुपये ऑनलाईन खाते में जमा कराकर धोखाधड़ी किया। मामले की शिकायत टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णानगर थाना टिकरापारा निवासी अक्षर उपनिषद भारती 48 वर्ष पिता स्वामी माधव भारती ने 4 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी इंटरनेट पर उपलब्ध वेबसाईट पर हल्दीराम फ्रेन्चाइजी डिस्ट्रीब्यूटर डब्लू-डब्लू-डब्लू प्रेन्चाइजी इंडिया डांट ओआरजी पर हल्दी राम का एंजेसी लेने के लिए अप्लाई किया था। 17 जुलाई 2021 को करण वर्मा नाम के व्यक्ति ने अपने मोबाईल नंबर से प्रार्थी के नंबर पर कॉल करके अपना नाम करण वर्मा सेल्स मैनेजर बताते हुए तथा कंपनी के बारे में जानकारी देकर पंजीयन शुल्क सिक्योरिटी मनी की मांग की। जिसके बाद पीड़ित आरोपी के द्वारा बताए अलग-अलग खातों में गुगल पे के माध्यम से 2 लाख 600 रुपये पंजीयन शुल्क व सिक्योरिटी मनी 17 से 20 जुलाई 2021 के मध्य जमा करा दिया। आरोपी की बातों से धोखाधोड़ी होने के अंदेशा पर हल्दीराम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के वेबसाइड पर दिए गए नंबर पर कॉल करके संबंधीत व्यक्ति के बारे में कंपनी में पुछने पर पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति कंपनी में कार्यरत नहीं है।

# सभापति के निर्देश पर नगर निगम के वार्ड 57 में चलाया गया डेंगू नियंत्रण अभियान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

## कई घरों में कूलरों के भीतर जमा साफपानी को तत्काल खाली करवाया गया

बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सभी वार्डों में डेंगू नियंत्रण जनजागरण अभियान नागरिकों के मध्य घर - घर जाकर निरंतर चलाया जा रहा है. इस कड़ी में नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड नम्बर 57 में भी डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से लोकस्वास्थ्य जागरूकता अभियान को गति प्रदान करते हुए वार्ड क्रमांक 57 के अंतर्गत क्षेत्र में आने वाले कुंदरापारा, उत्कल बस्ती, बैरन बाजार एवं अरविंद नगर बस्ती में घर -घर जाकर लोगों को मच्छर जनित रोग डेंगू के प्रति जागरूक बनाया गया.सभी वार्डवासियों से वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन कमिश्नर की उपस्थिति में जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर एवं उसके आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी वस्तु अथवा स्थान पर पानी का जमाव कदापि नहीं होने देने का अनुरोध किया. वार्डवासियों से जोन कमिश्नर ने आव्हान किया कि कहीं पर भी पानी का जमाव देखें तो नगर निगम जोन 4 में इसकी तत्काल जानकारी दें, ताकि टीम भेजकर पानी के जमाव की समस्या का तत्काल त्वरित रूप से निदान किया जा सके. अभियान के दौरान मोहल्लावासियों को ना केवल डेंगू से बचाव के सरल उपायों की जानकारी दी, बल्कि इसके साथ ही उनके घरों का निरीक्षण कर कूलरों के भीतर जमा साफ पानी को तत्काल खाली करवाया. अभियान में वार्ड 57 के मोहल्लों के कई घरों में कूलरों में जमा साफपानी को खाली करवाया गया. साथ ही वार्डवासियों को क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया गया। नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे के निर्देश पर वार्ड नम्बर 57 में चलाये गये लोक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रायपुर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाकर अब्बास,नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के कमिश्नर लोकेश चंद्रवंशी, जोन स्वच्छता निरीक्षक वीरेन्द्र चन्द्राकर, सम्राट सोनी एवं ज़ोन स्वास्थ्य विभाग के सम्बंधित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दो बंदियों की मृत्यु की होगी दाण्डिक जांच : कलेक्टर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले के उप जेल मनेन्द्रगढ़ में सजा काट रहे विचाराधीन बंदी सुखीराम का अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने की दाण्डिक जांच के निर्देश दिए है। केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर के जेल अधीक्षक ने बताया है कि कोरिया जिले के थाना केल्हारी के ग्राम डोडकी निवासी विचाराधीन बंदी धरमपाल पिता सुखीराम उप जेल मनेन्द्रगढ़ में सजा काट रहा था। इस बंदी के बीमार होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर के अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु 3 अगस्त 2021 को प्रातः 4:56 बजे हो गई थी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजीव कुमार झा ने बंदी की मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर प्रदीप साहू को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार कोरिया जिले के थाना मनेन्द्रगढ़ ग्राम चौहाड़ा निवासी विचाराधीन बंदी गोपाल सिंह पिता जगधारी की मृत्यु 28 जुलाई 2021 को दोपहर 12:59 बजे हुई थी। इस प्रकरण में भी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला दण्डाधिकारी ने दाण्डिक जांच के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा है कि दाण्डिक जांच में जेल में प्रवेश के समय बंदी के स्वास्थ्य की क्या स्थिति थी। बंदी कब बीमार हुआ उसे ईलाज के लिए जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर कब भेजा गया। क्या बंदी अचानक बीमार हुआ और उसकी मृत्यु हो गई। बंदी का ईलाज कब-कब और किसके द्वारा किया गया। उसे कौन-कौन सी औषधियां दी गई। बंदी किस बीमारी से ग्रस्त था। क्या बंदी को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। क्या बंदी को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही तो नहीं बरती गई। यदि ऐसा हुआ है तो विलंब या लापरवाही के लिए दोषी अधिकारी अथवा कर्मचारी कौन-कौन है।

# आपदा पीड़ित 7 परिवार के सदस्यों को 28 लाख की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से मृत 7 परिवारों के निकट परिजनों के लिए 28 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृति दी गयी है। प्रत्येक मृतक परिवार के निकट परिजनों के लिए 4-4 लाख रूपए की आर्थिक मंजूरी मिली है। बलौदाबाजार कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत आर्थिक सहायता मंजूर किया है। लाभान्वित हितग्राहियों में राधिका बाई पति फिरू राम केवट ग्राम पैसर, तहसील लवन, दिलीप कुमार पैकरा पिता परसराम ग्राम पहंदा तहसील लवन, धनेश्वर प्रसाद यादव पिता आशा राम, ग्राम खैरा दतान तहसील लवन, उसी तरह तहसील कसडोल के अंतर्गत गनेश राम पटेल पिता कन्हैया लाल ग्राम मालीडीह, संतोषी पति स्व दिलसाय ग्राम मोहतरा, जगबंधु गोड़ पिता कीर्तन ग्राम चाँदन एवं गिरवर साहू पिता छेदू राम साहू ग्राम खैरा तहसील भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सांप काटने, पानी में डूबने अथवा आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।




स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान के लिए नही बल्कि बच्चो के अन्य तरह के विकास के लिए भी काफी कारगर हैं- कलेक्टर

# डेढ़ साल बाद स्कूल खुलने के प्रथम दिन छात्रों की उपस्तिथि में प्रदेश भर में सभी बड़े जिले को पछाड़ बालोद प्रथम स्थान पर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



डेढ़ साल के बाद स्कूल खुलने के प्रथम दिन छात्रो की उपस्थिति में राज्य में सभी बड़े जिले को पछाड़ते हुए बालोद जिला प्रथम स्थान पर आया हैं। उच्च प्राथमिक स्तर पर 61.32 प्रतिशत एवं हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल पर 56.40 प्रतिशत उपस्तिथि रही। आपकों बता दे कि राज्य शासन के स्कूल खोलने के निर्देश के बाद पालकों की सहमति पर स्कूल संचालित किए जाने के निर्देश थे।

सभी कक्षाओं में एक दिन में 50 प्रतिशत उपस्तिथि ही मान्य की गई हैं। उल्लेखनीय हो कि बालोद जिला सहित समूचे प्रदेश में स्कूली शिक्षा सोमवार से प्रारंभ हो चुकी है। वही स्कूलों को सतत रूप से संचालित करने बालोद जिला प्रशासन ने अलग अलग टीमें गठित की है। जिसके बाद सोमवार को डेढ़ साल के बाद स्कूल खुलने का उत्साह बच्चो में खासा देखा गया और इसी का नतीजा रहा कि डेढ़ साल बाद स्कूल खुलने के बाद पहले ही दिन छात्रो की उपस्थिति में राज्य में बालोद जिले ने प्रथम स्थान हासिल किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि पहले ही दिन जब प्रशासन की टीम स्कूल पहुची तो साफ देखा गया कि लंबे समय के अंतराल के बाद स्कूल खुलने से बच्चो में उत्साह नजर आया। बच्चो के स्कूली शिक्षा के अलावा उनके भौतिक व शारीरिक विकास के लिए भौतिक रूप से स्कूली शिक्षा बहुत जरूरी भी है साथ ही शासन द्वारा स्कूलों में बच्चो को दिया जाने वाला गरम मध्यान्ह भोजन भी बच्चो को आकर्षित करता है। वही कलेक्टर ने आगे बताया कि स्कूल सिर्फ किताबी ज्ञान के लिए नही बल्कि बच्चो के अन्य तरह के विकास के लिए भी काफी कारगर है और कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए शिक्षकों के द्वारा इस बात का ख्याल रखा जा रहा है कि बच्चो के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403